बैंकिंग क्षेत्र अभी तक आस्ति गुणवत्ता के संकट और परिणामस्वरूप लाभकारिता में कमी से बाहर नहीं आ पाया है। चतुर्थ तिमाही के लिए कार्पोरेट की कमजोर आय आस्ति की गुणवत्तात के दबावों की चिंताओं का समर्थन करती है। बैंकों के सकल एनपीए अनुपात वर्ष 2015-16 के लिए औसत 4.5% रहने की अपेक्षा है। पुनर्गठित आस्तियों के लिए की जाने वाली छूट को हटाने से, जो 1.4.2015 से प्रभावी है, बैंक की लाभकारिता प्रतिकूल रूप से प्रभावित होगी। इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं कम लागत वाले आवास के लिए दीर्घकालिन परियोजना ऋणों पर भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों का सकारात्मक प्रभाव हुआ है। वित्तीय वर्ष 2015 की चतुर्थ तिमाही के दौरान कुछ कार्पोरेट ने इस सुविधा के तहत और अधिक कैश फ्लो का लाभ लिया है और ऋणों को अनर्जक आस्ति होने से बचाया है। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार पर नये दिशानिर्देश भी बैंकिंग क्षेत्र के लिए सकारात्मक हैं क्योंकि उनसे लक्ष्यों को सहजतापूर्वक प्राप्त होने में सहायता मिलती है। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की उधार के विषयक्षेत्र को भी, अक्षय उर्जा परियोजनाओं को जिसके अंतर्गत शामिल करने के लिए व्यापक किया गया है।

बैंकिंग क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2014-15 में संसाधन संग्रहण की गति कुछ धीमी पड़ गई है। उदाहरण के लिए, वित्तीय वर्ष 15 के दौरान बैंक जमा वृद्धि औसत 12% रही है, जो बैंकिंग प्रणाली में सुविधाजनक तरलता और वैकल्पिक योजनाएं जैसे डाक घर जमाराशियाँ एवं ईक्वीटी मार्केट की तुलना में अच्छे प्रतिफल के कारण रही है। विगत 51 वर्षों में जमावृद्धि की गति सर्वाधिक धीमी थी।

इस बीच साख की वृद्धि वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए वर्ष-दर-वर्ष आधार पर औसत 11% रही है। गैर खाद्यान्न बैंक ऋण वृद्धि इससे भी कम 9.5% थी। कम साख वृद्धि सामान्यत मंदी के कारण निधि के लिए कम मांग का संकेत देती है। यह इस कारण से भी है कि कंपनियों ने सस्ते विदेशी वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) का लाभ लिया है, जबकि कार्यशील पूंजी वित्तीहयन के लिए वाणिज्यिक पेपर (सीपी) पंसदीदा मार्ग है। यह आँकड़े अन्य संकेतकों जैसे आईआईपी वृद्धि के अनुरूप ही है जो आम तौर पर कम वृद्धि, कम आयात एवं कमजोर उत्पादन वृद्धि की ओर संकेत करता है।

वित्तीय वर्ष 2015 के दौरान बैंकिंग जगत में कई पहलें की गई हैं। एक प्रमुख पहल थी, पी.जे. नायक समिति द्वारा बैंक बोर्ड के नियंत्रण की समीक्षा के लिए की गई सिफ़ारिश। इन सिफारिशों में, अन्य बातों के अलावा, शामिल था बैंक अध्यक्षों के लिए न्यूनतम पांच वर्ष की अवधि और कार्यपालक निदेशकों के लिए न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि सुनिश्चित करना, मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक पद का विभाजन करना, प्रतिभाशाली लोगों की शिनाख्त करने के लिए पूर्व अभिकल्पित कार्मिक नीतियां बनाना, गैर-पूर्णकालिक निदेशक की अवधि को अधिकतम सात वर्षों के लिए प्रतिबंधित करना, बोर्ड के लिए संपूर्ण नियुक्ति प्रक्रिया को अनुरूप करा कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बोर्डों के कौशल एवं क्षमता का उन्नयन करना आदि। एक नयी तरीके की सिफारिश थी, बैंक बोर्ड ब्यूरो की स्थापना करना। समिति ने अंतर्राष्ट्रीय उत्तम पद्धतियों को भी अपनाया। सिंगापुर, यूके और बेल्जियम सहित कई देशों ने बैंकों में इक्विटी को धारण करने हेतु मध्यवर्ती निवेश कंपनियाँ स्थापित की हैं।

परिचालनात्मक रूप से सरकार बैंकों से दूर है, जिससे सीधे हस्तक्षेप तथा उसकाव हतोत्साहित होता है तथा इससे सरकार की भूमिका को बनाए रखने में सहायता मिलती है जिससे बैंकों के प्रधान शेयरधारक प्रतिलाभ पर केन्द्रित रहते हैं। यद्यपि जब हम सबप्राइम पश्चात संकट की घटनाओं को देखते हैं जहाँ शासक हस्तक्षेप कर कई बैंकों को उभारते है जबकि उनमें से अधिकांश के पास शेयर पूंजी नहीं होती है।

छोटे वित्त बैंकों तथा भुगतान बैंकों को न्यूनतम इक्विटी पूंजी रु.100 करोड़ प्रत्येक के लिए दिशानिर्देश भी जारी हो चुका है। इसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ाना तथा अधिकतम बैंक ग्राह्यता को सुनिश्चित करना था। इन बैंकों को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में 75% उधार सुनिश्चित करना चाहिए तथा निर्धारित अवधि के लिए न्यूनतम 40% इक्विटी अंशदान प्रवर्तक निवेश करें।

अन्य उपायों को भी अपनाया गया जिसका उद्देश्य भारत में बैंकिंग क्षेत्र के पुनर्निमाण का लक्ष्य था। इस प्रबंध के अंतर्गत बैंकों के अशोध्य कर्ज को आस्ति पुनर्निमाण कंपनियों को बेचने की अनुमति दी गई। नकदी में 15% प्रारम्भिक भुगतान की व्यवस्था एआरसी के लिए भारी हो गए तथा बैंकों को बाध्य होकर अशोध्य कर्ज को अधिक छूट दर पर बेचना पड़ा। शेष राशि के बदले में जारी प्रतिभूति प्राप्तियों को अनिवार्यत: बाजार में उपयोग किया गया।

अरक्षित विदेशी मुद्रा एक्सपोज़र का दिशानिर्देश भारिबैं की एक मौलिक पहल थी जिसने अरक्षित विदेशी मुद्रा एक्सपोज़र को अपने कार्पोरेट ग्राहकों को प्रदान करने के लिए बैंकों को प्रोत्साहित किया। यू.एस. फेडरल रिज़र्व द्वारा दरों में वृद्धि की संभावना में एफआईआई निधि के अचानक बहिर्गमन की संभावना से करेन्सी मूल्य में अस्थिरता प्रमुख चिंता थी। इसमे कठिनाई थी कि अरक्षित विदेशी एक्सपोज़र की मात्रा को कैसे सुनिश्चित किया जाए। अरक्षित एक्सपोज़र उन कार्पोरेट के लिए सचमुच जोखिम भरा है जो बिना स्वाभाविक हेज के हैं। भारिबैं का अध्ययन कहता है कि औसत तौर पर कार्पोरेट हेज़ उनके एक्सपोज़र का केवल 20% हैं, जो इस विषयक सावधानी का संकेत देता है। निवल मालियत के प्रतिशत के रूप में एकल/समूह कंपनी को दी जा सकनेवाली राशि पर प्रतिबंध लगाकर भारिबैं ने बृहद एक्सपोज़र के लिए फ्रेमवर्क की घोषणा किया है। यह सकेन्द्रण जोखिम से बचने के लिए किया गया था।

दबावग्रस्त खातों के मामले से निपटने के लिए ज्वांइट लेंडर्स फोरम (जेएलएफ) का गठन करने का बैंकों को अनुदेश एक प्रमुख कार्य है। बैंकों को अनुदेश दिया गया है कि दबावग्रस्त खातों को स्पेशल मेन्शन एकाउन्टस (एसएमए) में वर्गीकृत करें जैसे एसएमए -1 तथा एसएमए - 2 प्रवर्ग जिससे सुधारात्मक कार्य योजनाओं (कैप्स) को लिया जा सके तथा खातों का सुधार भी किया जा सके। यद्यपि, कभी-कभी यह अनुभव किया जाता है कि सुधारात्मक कार्य योजना के लिए समय बहुत कम है। इसके बावजूद भी, यह एक उल्लेखनीय कार्य है जो दबावग्रस्त खातों के अंतर्गत प्रगति की निगरानी प्रणाली को व्यवस्थित करने में बैंकों के सहायक हैं।

जानबूझकर चूककर्ताओं के संबंध में अलग से दिशानिर्देश जारी किए गए थे और प्रवर्तकों को और निवेश करने तथा दबाव होने की स्थिति में परियोजना में इक्विटी और अधिक लाने को कहा गया।

अन्य नीतिगत मामलों में संचयी रूप से रेपो रेट में 50 बीपीएस की कटौती की गई और एसएसआर को घटाकर उसे एनडीसीएल के 21.5% तक लाया गया तथा सीआरआर अपरिवर्तित रहा। उर्जित पटेल समिति की सिफारिशों के अनुरूप निर्यात ऋण पुनर्वित्त सुविधा हटा दी गई। चलनिधि जोखिम से बैंक का बचाव सुनिश्चित करने हेतु चलनिधि कवरेज अनुपात पर नए मानक बनाए गए।

2015-16 हेतु बैंकिंग क्षेत्र की संभावनाएं

बैंकिंग क्षेत्र के कार्यनिष्पांदन का सामान्यत: अर्थव्यवस्था के कार्यनिष्पादन से घनिष्ठ संबंध है। हालांकि अनुभव पर आधारित नियम यह कहता है कि 7.5-8% की जीडीपी वृद्धि, 18-20% क्रेडिट वृद्धि में परिलक्षित होनी चाहिए, परन्तु अब यह नियम सही नहीं है क्यों कि अनुमानित वृद्धि के आंकड़ों के अनुरूप वास्तविक वृद्धि नहीं हो पाई है। इसके अतिरिक्त, कॉर्पोरेटों को ईसीबी और वाणिज्यिक पत्र जैसे सस्ते स्रोतों की वजह से बैंक ऋणों की मांग भी कम होती है। इस परिदृश्य में 2015-16 हेतु ऋण वृद्धि 11-12% के बीच होने की संभावना है। जबकि जमा-वृद्धि 12-13% के बीच होने की संभावना है। आस्ति गुणवत्ता का दबाव बना रहेगा और मार्च

2016 के अंत तक सकल एनपीए 4.5% होने की संभावना है। 2015-16 की दूसरी छ:माही से वृद्धि में इज़ाफ़ा होगा जिससे वसूली बढ़ेगी और एनपीए कम होंगे, परन्तु तब तक आस्ति गुणवत्ता की चिंताएं बनी रहेंगी और ऋण-वृद्धि एवं जमा-वृद्धि में मंदी की प्रवृत्ति अपेक्षित है।

वैश्विक परिदृश्य

लगभग सभी अर्थव्यवस्थाएं मंदी से गुज़र रही हैं। जबकि यू.एस ने क्वान्टिटेटिव ईसिंग बंद कर दिया है और फेडरल दर 0.25% रखा है, बैंक ऑफ़ जापान और यूरोपियन सेन्ट्रल बैंक ने और भी निधियों का निवेश किया है और क्वान्टिटेटिव ईसिंग का अपना वर्ज़न प्रवर्तित किया है। इससे भारत में भी निधि-प्रवाह बढ़ेगी जिससे भारत यहां के वर्द्धित ब्याज-दर के केरी ट्रेड प्रभाव का लाभ उठा पाएगा। चीन ने भी मॉनीटरी ईसिंग शुरू किया है और ब्याज दर को निम्नतम स्तकर पर रखा है।

प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं द्वारा प्राप्त वृद्धि निम्नानुसार है।

देश/ज़ोन	जीडीपी वृद्धि दर						संबंधित केन्द्रीय बैंकों द्वारा पालिसि दरें
	क्यू3 2013	क्यू 4 2013	क्यू 1 2014	क्यू 2014	क्यू 3 2014	क्यू 4 2014	
यू.एस.ए.	4.1	3.5	-2.1	4.6	5.0	2.2	0.00-0.25
यू.के.	2.4	2.3	3.0	3.1	3.5	3.0	0.50
यूरो ज़ोन	0.3	0.2	0.3	0.3	0.1	0.9	0.05
जापान	1.0	0.5	6.7	-7.1	-1.6	2.2	0.0-0.10
चीन	7.5	7.4	7.3	7.5	7.3	7.0	5.10

स्रोत : द इकॉनॉमिस्ट मैगज़ीन

यू.एस. मंदी की दौर में है जबकि यूरो ज़ोन की हालत धीरे-धीरे सुधर रही है। वर्ष 2015 की चौथी तिमाही में यू.एस. अर्थनीति में 2.2% की दर से वृद्धि हुई जो पूर्ववर्ती तिमाहियों की तुलना में गिरावट दर्शा रही है। यद्यपि बेरोजगारी दर में 5.4% की कमी आई है डॉलर के अधिमूल्यन और निर्यात में कमी के कारण वृद्धि धीमी रही। यूरो ज़ोन में औद्योगिक और सेवा गतिविधियों में धीरे-धीरे गति पकड़ने के कारण 0.9% वृद्धि दर्शायी है। इन क्षेत्रों में धीमी वृद्धि के कारण ही भारतीय निर्यात में भी मंदी का दौर रहा। यद्यपि वास्तविक प्रभावी विनिमय दर डाटा में आईएनआर (रुपया) का मूल्यं अधिक मूल्य दर्शा रहा है और इसे सुस्त पड़े निर्यात का संभाव्य कारण माना जा रहा है, तथापि निर्यात में कमी के लिए वैश्विक मांग का कम होना एक महत्वपूर्ण कारण है। यदि मांग में सुधार नहीं होता है तो निर्यात की धीमी गति कायम रहेगी।

घटे हुए मुद्रास्फीति की प्रतिक्रिया में यूरोपीयन सेन्ट्रल बैंक ने 50 बीपीएस की दर से बेंचमार्क घटाकर 0.05% किया है और जमाराशि पर ब्याज दर को ईसीबी के नेगटिव टेरीटॉरी में -0.20% पर पार्क किया है। इसका उद्देश्य उधार देने को प्रोत्साहित करना था। 60 बिलियन यूरो मूल्य का क्वांटिटेटिव ईसिंग भी छोड़ा गया। इसका लक्ष्य था मुद्रास्फीति दर को 2% में रखना। नवीनतम डाटा में दर्शाया गया है कि यूरो ज़ोन का मुद्रास्फीति दर मार्च 2015 के लिए -0.6% से बढ़कर अप्रैल के लिए 0% है।

मई 2015 में यूएस फेडरल रिज़र्व द्वारा जारी कार्यवृत्त में दर्शाया गया है कि दर को बढ़ाने के समय के बारे में वे सजग हैं। यह डर है कि दर बढ़ाने से वृद्धि की गति धीमी हो जाएगी। 2% के आधिकारिक लक्ष्यय से कम मुद्रास्फीति एक और कारण है जिसके लिए दर बढ़ाने के समय को लेकर सज़ग हैं। तथापि एक पृथक टिप्पणी में फेडरल के अध्यक्ष जेनट येलेन ने कहा है कि वे कैलण्डर वर्ष के अंत तक रेट बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

ग्रीस की वित्तीय परिस्थिति का संकटपूर्ण रहना जारी है जिसके कारण यूरो ज़ोन से निकास ('Grexit') पर विचार चल रहा है। जर्मन बांड के प्रतिफल में वृद्धि का प्रवाह है जो पिछले सप्ताह के दौरान 50 बीपीएस बढ़कर 0.74% पर पहुँचा। यूरो ज़ोन में मुद्रास्फीति निम्नतम बिन्दु में होने की आशा, जर्मन बांड के प्रतिफल में वृद्धि का मुख्य कारण है। इसके कारण यू.एस. ट्रेज़री प्रतिफल में भी वृद्धि हुई है।

यदि यू.एस. फेड द्वारा दर को बढ़ाया भी जाता है इसका प्रभाव भारत पर अधिक नहीं होगा क्योंकि हमारे फॉरेक्स रिज़र्व में 354 बिलीयन है। वस्तुत: ऋण का खण्ड दर के बढ़ाये जाने पर संवेदनशील है और ऋण में मिश्रित एफआईआई (जी-सेक्टर और कार्पोरेट बांड) की धारिता करीब 68 बिलियन है जबकि इक्विटी खण्ड के तहत बकाया बहुत अधिक 330 बिलियन है। इसके अलावा आउटफ्लो होने पर भी विदेशी मुद्रा की निधि कुशन का काम करेगी। अत: दर को बढ़ाने का समाचार हमारे बाजार को बहुत अधिक प्रभावित नहीं करेगा।

यू.एस. फेड द्वारा पिछले दर की बढ़ोत्तरी के समकालीन हमारे इक्विटी बाज़ार के कार्यनिष्पादन के संबंध में अनुभवजन्य बात यह है कि दर बढ़ने से बहुत अधिक आउटफ्लो नहीं होता है।

तथापि, इन क्षेत्रों में धीमी गति का हमारे निर्यातों पर विपरित प्रभाव डालने की संभाव्यता है। यू.एस.के विकास में मंदी हमारे सॉफ्टवेयर और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों पर भी विपरित प्रभाव डाल सकती है।

वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए दृष्टिकोण

सभी प्रमुख केन्द्रीय बैंकों ने क्वांटिटेटिव ईसिंग को छोड़ा है और वर्ष 2015-16 में इन उपायों के परिणाम दिखेंगे। तथापि यह अपेक्षित है कि वैश्विक वृद्धि 3% के आसपास होगी क्योंकि चीन, एशिया का प्रमुख पॉवर हाउस, निर्यात में मंदी के कारण गति धीमी होगी। एक नज़र रखने वाली घटना यह है कि आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक के प्रतिस्पर्धी के रूप में ऊभरे समरूप संस्था बीआरआईसी बैंक और एशियन इन्फ्रास्ट्रकचर इन्वेस्टमेन्ट बैंक (एआईआईबी) की स्थापना। यह दोनों प्रतिस्पर्धी न होकर सहवर्ती होकर रहें यह भी दिलचस्पी वाली बात होगी। भारत का भी बीआरआईसीएस बैंक में प्रमुख हिस्सा है और इसका पहला अध्यक्ष भारतीय है। एशिया में आधारभूत संरचना में निधियन को इन दो संस्थाओं से काफ़ी प्रोत्साहन मिलेगा और जब तक ब्रेटन वूड्स ट्विन्स अपने आप को रीवैम्प नहीं करते हैं, वैश्विक स्तर पर उनका औचित्य घटने वाला है।

वैश्विक और घरेलू अर्थव्यवस्था के संबंध में बताए गए उपर्युक्त परिदृश्य वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान हमारे बैंकिंग क्षेत्र का रुख तय करेगा।

कारोबार समीक्षा

जमाराशियाँ

वर्ष के दौरान 11.52% के विकास दर को दर्ज करते हुए बैंक की कुल जमाराशियाँ ₹ 54,933 करोड़ बढकर ₹ 5,31,907 करोड़ हुई । पिछले वर्ष के मुकाबले घरेलू जमाराशियों में विकास दर ₹ 34,410 करोड़ अथवा दर 9.46 % रहा ।



बचत बैंक जमाराशियाँ 10.62% बढी और चालू जमाराशियों में 1.82% की कमी दर्ज की गई । बचत एवं चालू जमाराशियों की मिली जुली कम लागत जमाराशियों का हिस्सा कुल घरेलू जमाराशियों के 29.48% रहा । बैंक की जमाराशियाँ आधार सुसंतुलित रहा जिसमें 13% जमाराशियाँ ग्रामीण विस्तारों से, 14% अर्ध शहरी क्षेत्रों

से, 20% शहरी क्षेत्रों से एवं 53% महानगर क्षेत्रों से प्राप्त हुई । 31 मार्च 2015 को बैंक का कुल ग्राहक आधार 78.65 मिलियन रहा जिसमें 72.76 मिलियन जमाकर्ता एवं 5.89 मिलियन उधारकर्ता हैं ।

अग्रिम

वर्ष के दौरान 9.26% की बढ़ोतरी के साथ बैंक का सकल अग्रिम ₹ 3,76,228 करोड़ से बढ़कर ₹ 4,11,727 करोड़ हो गया । पिछले वित्तीय वर्ष 2013-14 में 29.52% वृद्धि दर की तुलना में बैंक का सकल घरेलू ऋण 9.56% की वृद्धि दर्ज किया जो 31.03.2014 को ₹ 2,64,260 करोड़ से 31.03.2015 को ₹ 2,89,515 करोड़ रही।



बृहद कार्पोरेट, मध्य कार्पोरेट, रिटेल, एसएमई तथा कृषि क्षेत्र में समयानुसार मंजूरी तथा तत्काल संवितरण ऋण वृद्धि में सहायक रहे। वित्तीय वर्ष के दौरान कार्पोरेट क्षेत्र की क्रेडिट आवश्यकताओं में कमी आई है तथा क्रेडिट सीमा का उपयोग भी कम किया गया है । चालू वर्ष के दौरान बैंक ने भी रिटेल और एसएमई पर अधिक ध्यान केन्द्रित किया जहां प्रतिफल अधिक था और जोखिम का विविधीकरण था ।

वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने 101 नए कार्पोरेट ग्राहकों को जोड़ा । बैंक ने 10 बृहद कार्पोरेट बैंकिंग शाखाओं, 41 मध्य कार्पोरेट शाखाओं के द्वारा कार्पोरेट/मिड कार्पोरेट की विशेषीकृत आवश्यकताओं की पूर्ति की। रिटेल, एसएमई तथा कृषि के अन्य ग्राहकों की आवश्यकताओं की पूर्ति 4891 घरेलू शाखाओं से की जा रही है। 5 महाद्वीपों में बैंक के 56 विदेशी केन्द्र हैं जो निर्यातकों तथा विदेशी ग्राहकों की ऋण आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं।

मूलभूत सुविधाएं वित्तपोषण

वर्ष के दौरान, नए तथा वर्तमान खाते में अतिरिक्त मंजूरी द्वारा मूलभूत सुविधा परियोजना के अंतर्गत उर्जा, दूरसंचार, रोड, बंदरगाह तथा अन्यर मूलभूत सुविधाओं को कवर करते हुए बैंक ने पूंजी आधारित सीमा का ₹ 12,169 करोड़ तथा गैर पूंजी आधारित सीमा का ₹ 2,358 करोड़ स्वीकृत किया। इस क्षेत्र में बैंक का सहयोग जारी रहा तथा अतिरिक्त ₹ 6,658 करोड़ का संवितरण हुआ जिसमें ₹ 6,539 बिजली क्षेत्र को और ₹ 1,065 सड़क और बन्दरगाह परियोजनाओं को दिया गया। टेलीकॉम तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं ने नकारात्मक क्रेडिट वृद्धि दर्शाया है।

कार्पोरेट ऋण

कार्पोरेट ग्राहकों को बैंक की विशेषीकृत शाखाओं के द्वारा ऋण प्रदान किया जा रहा है जो सकल घरेलू ऋण का 54% योगदान देते हैं। प्रमुख शहरों में 10 बृहद कार्पोरेट शाखाएं स्थित हैं जो देश के प्रमुख कार्पोरेट - मुंबई, नई दिल्ली 4, कोलकाता, चेन्नै, बंगलुरू, हैदराबाद, अहमदाबाद तथा पुणे को सेवाएं प्रदान करती हैं। उक्त- सहित शेष प्रमुख कारोबार को 41 मिड कार्पोरेट शाखाएँ पूरा कर रही हैं ।

अन्य केन्द्रों में कोर्पोरटों की सेवा के लिए 30 एसएमई सिटि सेंटर हैं जो क्रेडिट प्रोसेसिंग सेल से सज्जित हैं।

बृहद कार्पोरेट

कुल घरेलू अग्रिम में बृहद कार्पोरेट शाखाओं के जरिए यथा 31.03.2015 को अग्रिम का शेयर 41% है। एलसीबी के द्वारा कार्पोरेट क्षेत्र में अग्रिम 31.03.2014 को ₹ 1,10,651 करोड़ से बढ़कर 31.03.2015 को ₹ 1,19,675 करोड़ हो गया जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.16% वृद्धि है । बृहद कार्पोरेट शाखाएं उन बृहद कार्पोरेटों को सेवाएं प्रदान करती हैं जिसकी कुल बिक्री कारोबार ₹ 500 करोड़ से अधिक है, 100 करोड़ से अधिक परियोजना लागत तथा मूलभूत सुविधाएं, एनबीएफसी तथा पीएसयू है। इसपर विशेष ध्यान देने के लिए तथा प्रतिवर्तन काल कम करने के लिए प्रत्येक एलसीबी में क्रेडिट प्रोसेसिंग केन्द्र स्थापित किया गया है जो सीधे प्रधान कार्यालय को रिपोर्ट करता है।

कार्पोरेट की अन्य आवश्यकताओं जैसे नकदी प्रबंधन, फॉरेक्स, कोषागार उत्पाद, ट्रेड वित्तपोषण, जमाराशियां, खुदरा बैंकिंग तथा तृतीय पक्ष उत्पाद जैसे बीमा तथा म्युचुअल फंड में निवेश की पूर्ति के लिए एक संपर्क बिन्दु के रूप में संपर्की प्रबंधक की सुविधा प्रदान की गई है।जोखिम की कमी को सुनिश्चित करने के लिए ऋण प्रसंस्करण तथा संपर्की प्रबन्धक की भूमिका को पृथक करके उनकी रिपोर्टिंग क्रेडिट टीम लीडर तथा शाखा प्रबन्धक को की गई है।

बृहद कार्पोरेट शाखाओं में प्रसंस्कृत ऋण प्रस्ताव सीधे महाप्रबंधक, प्रधान कार्यालय, बृहद कार्पोरेट को भेजा जाता है। इससे प्रतिवर्तन काल में कमी आई है। प्रधान कार्यालय स्तर पर तथा साथ ही साथ बृहद कार्पोरेट शाखाओं के लम्बित प्रस्तावों/संदर्भों के निगरानी के लिए बैंक ने सिस्टम निर्मित किया है। प्रमुख उद्योग/सेवा क्षेत्रों जैसे मूलभूत संरचनाएँ, स्टील, वस्त्र, एनबीएफसी, पीएसयू आदि के कार्पोरेटों को इन बृहद कार्पोरेट शाखाओं द्वारा सेवा प्रदान की जाती है।

मिड कार्पोरेट

संपूर्ण औद्योगिक विकास में मिड कार्पोरेट की भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए बैंक ने अलग वर्टिकल बनाने का निर्णय लिया तथा बैंक में 7 डिविजनल कार्यालय तथा 41 मिड कार्पोरेट शाखाएं हैं । केवल प्रस्तावों के प्रसंस्करण के लिए 12 ऋण प्रसंस्करण केन्द्रों (सीपसी) की स्थापना की गई। इस क्षेत्र में व्यापक संभावनाओं से लाभ प्राप्त करने के लिए मिड कार्पोरेट वर्टिकल की स्थापना की गई जो कम जोखिम में उच्चलाभ प्रदान करता है। मिड कार्पोरेट शाखाएं ₹ 100 करोड़ से ₹ 500 करोड़ के मध्य कुल बिक्री कारोबार तथा ₹ 10 करोड़ से ₹ 100 करोड़ के बीच परियोजना लागत वाले मिड कार्पोरेट को सेवाएं प्रदान करती हैं जो बुलियन तथा डायमंड क्षेत्र के ग्राहकों के अतिरिक्त है। कुल घरेलू ऋण पोर्टफोलियो में 13% का योगदान मिड कार्पोरेट वर्टिकल का होता है। वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान मिड कार्पोरेट शाखाओं के अंतर्गत कुल ऋण ₹ 34,923 से बढ़कर ₹ 38,345 करोड़ हो गया तथा 9.80 % की वृद्धि दर्ज किया।

परियोजना वित्तपोषण तथा सिंडिकेशन

बैंक में परियोजना वित्तपोषण तथा सिंडिकेशन समूह में उच्च अनुभवी तथा शिक्षित प्रोफेशनल कार्यरत हैं। यह मूलभूत संरचनाओं तथा औद्योगिक परियोजनाओं के प्रस्तावों पर कार्य करते हैं। यह तकनीकी अप्रेजल, अन्डरराइटिंग तथा ऋण सिंडिकेशन का कार्य करता है। वर्ष 2014-15 के दौरान ₹ 6,600 करोड़ के परियोजना लागत और ₹ 4000 करोड़ के सिंडिकेशन ऋण का वित्तीय क्लोजर किया गया ।

अंतर्राष्ट्रीय सिंडिकेशन ऋण के लिए बैंक मैनडेटेड लीड अरेन्ज (एमएलए) तथा ज्वाइंट बुक रनर (जेबीआर) के रूप में भी कार्य करता है तथा उद्योग के व्यापक रेंज को कवर करते हुए भारतीय कार्पोरेट के विस्तार/अधिग्रहण तथा संयुक्त उद्यमों के लिए ऋण की व्यवस्था करता है। टेक्निकल अप्रेजल विभाग जो सिंडिकेशन टीम को सहयोग प्रदान करती है वह सिंडिकेशन ऋण के अतिरिक्त औद्योगिक ऋण का मूल्यांकन करता है। इस टीम में प्रोफेशनल इंजिनीयर रहते है जो वर्ष के लिए प्रौद्योगिकी संबंधित जोखिम का मूल्यांकन करते हैं तथा बैंक को औद्योगिक आस्तियों की गुणवत्ता विकास में समर्थ बनाते हैं। इस विभाग के परिचालन ने वर्ष के लिए ₹ 13.13 करोड़ का फीस आधारित आय अर्जित किया।

नया कारोबार विभाग

नया कारोबार विभाग की स्थापना जनवरी 2014 में की गई थी और उसका उद्देश्य ऐसे पीएसयू, मिड एवं लार्ज कॉर्पोरेटों के साथ कारोबारी रिश्ता स्थापित करना था जिनके साथ हमारा कोई कारोबारी रिश्ता न हो और उन्हें अनेकों बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पाद तैयार करना, आदि था। इस विभाग का नेतृत्व एक महाप्रबंधक करते हैं।

यह विभाग अनेकों सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के उद्यमों के साथ कारोबारी रिश्ता बनाने में सफल रहा है। अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को ऋण वितरण में अत्यधिक

वृद्धि हुई है। एक मध्यावधि योजना के रूप में, नया कारोबार विभाग ने एक नई योजना कार्यान्वित की है जिसका उद्देश्य मिड एवं लार्ज कॉर्पोरेट खण्ड के ज़्यादा से ज़्यादा नए ग्राहक अर्जित करना है। विभाग ने लगभग 1200 कार्पोरेटों के वित्तीय विवरणों का विश्लेषण किया है और उन्हें हमारे सभी मिड एवं लार्ज कॉर्पोरेट तथा आंचलिक कार्यालयों को परिचालित किया है ताकि वे कॉर्पोरेटों की भौगोलिक उपस्थिति के अनुरूप उनसे प्रारंभिक संपर्क स्थापित करें।

संव्यवहार बैंकिंग विभाग

बैंक की डिपॉजिटरी सेवाएं

सभी शाखाओं द्वारा कोर बैंकिंग प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए बैंक के ग्राहकों को डिपॉजिटरी सेवाएं दी जा रही है। बैंकिंग सेवाओं की उपयोगिता बढ़ाने तथा डिपॉजिटरी सेवाओं के विभिन्न फायदों को उपलब्ध करवाने के लिए बैंक दोनों यथा एनएसडीएल तथा सीडीएसएल डिपॉजिटरी सेवाओं को प्रदान कर रहा है। बेहतर सेवा देने के लिए डीपी परिचालन को मुंबई में केन्द्रीयकृत किया गया है।

हमारे डीपीओ में सक्रिय डीमैट खातों की संख्या 31.03.15 में 94225 है। वर्ष 2013-14 के दौरान बैंक ने सकल आय ₹ 45 लाख की तुलना में वर्ष 2014-15 के दौरान अर्जित सकल आय रु 346 लाख है। कुल 2702 नये खाते वर्ष 2014 -15 में खोले गए हैं।

स्टार शेयर ट्रेड (शेयर की ऑन लाईन ट्रेडिंग)

पिछले कुछ वर्षों में ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग (ओएलएसटी) स्टॉक मार्केट के निवेशकों के मध्य लोकप्रियता प्राप्त कर रही है और सौदों की हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है। हमारे ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने और उन्हें माउस की क्लिक पर ट्रेडिंग की सहूलियत उपलब्ध करवाने हेतु, फोन पर सौदे करने की सुविधा देने के विचार से बैंक ने तीन स्टॉक ब्रोकरों मेसर्स असित सी. मेहता इनवेस्टमेंट इन्टरमीडियेटस (एसीएमआईआईएल) लि., मेसर्स अज्कोन ग्लोबल सर्विसेस लि., मेसर्स जीईपीएल कैपिटल के साथ गठजोड़ व्यवस्था कर अपने ग्राहकों के लिए बैंक खाता, डीमेट खाता एवं ट्रेडिंग खाता को एकीकृत कर स्टार शेयर ट्रेड (आनलाइन ट्रेडिंग सुविधा) प्रारंभ की है। ओएलएसटी सुविधा वर्ष 2005 से उपलब्ध करवाई जा रही है। यह सुविधा हमारे एनआरआई ग्राहकों को आईपीओ भरने के लिए भी उपलब्ध है।

ऐप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लाक्ड एमाउंट (एएसबीए)

बैंक सेबी में स्वीयं प्रमाणित सिंडीकेट बैंक (एससीएसबी) के रुप में पंजीकृत है और एएसबीए के अंतर्गत प्राप्त आईपीओ आवेदन (प्रत्यक्ष आवेदन) हमारी नामित शाखाओं द्वारा संसाधित किए जाते हैं। सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार हमारी सभी शाखाएँ एएसबीए के तहत आवेदन स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत हैं। बैंक की स्टॉक एक्सचेंज शाखा आसबा की नोडल शाखा के रुप में कार्य कर रही है। उपर्युक्तक नामित शाखाओं के अतिरिक्त अन्य सभी शाखाओं के ग्राहक जिन्हों ने इन्टेरनेट बैंकिंग सुविधा ली है वे स्टार कॉनेक्ट रिटेल इंटरनेट बैंकिंग से एएसबीए आईपीओ में ऑनलाइन बिड सह आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

निम्नएलिखित निवेशक एएसबीए के माध्यम से आईपीओ हेतु आवेदन करने के लिए पात्र है :

i) पब्लिक इश्यू में : सभी निवेशकर्ता सार्वजनिक निर्गम में एएसबीए के माध्यम से आवेदन करने हेतु पात्र है।

ii) राइट इश्यू में : जारीकर्ता कंपनी के सभी शेयरधारक रिकार्ड तारीख पर जारी करते है, बशर्ते कि वह :
   क. डिमेट फॉर्म में शेयर धारण करता हो और पात्रता के लिए आवेदन और/ अथवा अतिरिक्त शेयर्स डिमेट फार्म जारी के लिए आवेदन किया हो
   ख. निर्गम का उसने त्यागि न किया हो
   ग. उनकी पात्रता पूर्ण/आंशिक रुप से त्याग न दी गई हो

अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग

5 महाद्विपों और 22 देशों में उपस्थिति के साथ, बैंक लंदन, न्यूयॉर्क, टोक्यो, सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग जैसे सभी प्रमुख वित्तीय केंद्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है। यथा 31 मार्च, 2015, बैंक का 56 विदेशी कार्यालयों का नेटवर्क है जिसमें 5 प्रतिनिधि कार्यालय, 5 अनुषंगी और 1 संयुक्त उद्यम शामिल हैं । सभी केंद्रों को फिनेकल प्लैटफॉर्म के साथ जोड़ दिया गया है जिससे प्रबंधन सूचना प्रणाली एवं ग्राहक सेवा में सुधार आया है।

बहु-मुद्रा अंतर्राष्ट्रीय समूहन ऋण के लिए बैंक मैंडेटेड लीड अरेंजर (एमएलए) एवं जॉइंट बुक रनर (जेबीआर) के रूप में कार्यरत है और बैंक ने उद्यमों की विशाल शृंखला को कवर करते हुए भारतीय कॉर्पोरेट के लिए उनके विस्तार/अधिग्रहण और संयुक्त उद्यमों हेतु यूएसडी, जेपीवाई,यूरो और जीबीपी मुद्रा में ऋणों की आपूर्ति की है।

मुंबई में बैंक का एक वैश्विक धनप्रेषण केंद्र (जीआरसी) है। आवक विप्रेषण और अनिवासी भारतीय गाहकों के एनआरई/एनआरओ खाते खोलना जीआरसी में केंद्रीकृत किया गया है। जमाराशि एवं धनप्रेषण में अनिवासी ग्राहकों की सेवा के लिए, खाड़ी के देशों से किए गए धनप्रेषण के लिए धनप्रेषक एवं लाभार्थी को एसएमएस अलर्ट सुविधा का आरंभ किया गया है। शीघ्र धनप्रेषण के लिए सीधा प्रत्यक्ष प्रसंस्करण (एसटीपी) को भी लागू किया गया है।

31 मार्च 2015 को विदेशी शाखाओं में सकल जमाराशि ₹ 1,33,907 करोड़ रही, जिसमें पिछले वर्ष के मुकाबले ₹ 20,523 करोड़ (18.10%) की वृद्धि दर्ज हुई। कुल अग्रिम ₹122211 करोड़ रहे जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में ₹ 10,242 करोड़ (9.15%) की वृद्धि दर्ज हुई। निवेश ₹ 4,803 करोड़ रहा। मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए विदेशी शाखाओं का परिचालन लाभ ₹1,995 करोड़ रहा जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में ₹ 564 करोड़ की वृद्धि दर्शाई है। मार्च 2014 की तुलना में निवल लाभ ₹ 595 करोड़ की वृद्धि के साथ ₹1,264 करोड़ हुआ।

बुलियन बैंकिंग

नवम्बर 1997 में बैंक द्वारा बुलियन बैंकिंग का आरंभ किया गया। प्रारंभ में इस योजना को सीप्ज़ और अहमदबाद शाखा में शुरु किया गया था और बाद में अन्य शाखाओं में भी शुरु किया गया। आज की तारीख में, वैसे तो 9 शाखाएं बुलियन कारोबार के लिए प्राधिकृत हैं, परंतु केवल 4 शाखाएं कारोबार कर रही हैं। आभूषणों के निर्यातकों एवं घरेलू जौहरिओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परेषण आधार पर सोना प्राप्त किया जाता है। बैंक ने वर्ष 2014-15 में ₹ 4,554.21 करोड़ के टर्नओवर के साथ 17614 किलोग्राम सोने की बिक्री की, जिससे ₹ 34.58 करोड़ की आय अर्जित की। वर्ष के दौरान आय अर्जन में 12.01% की वृद्धि दर्ज हुई।

निर्यात क्रेडिट

आयातकों एवं निर्यातकों की घरेलू एवं विदेशी मुद्रा की आवश्यकताओं को पूरा करना हमारे बैंक का एक प्रमुख क्षेत्र है। अब तक देशभर में बैंक की 217 शाखाएं विदेशी विनिमय कारोबार करने एवं आयातकों एवं निर्यातकों के ऋण/विदेशी विनिमय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्राधिकृत हैं। यथा 31 मार्च, 2015 को बैंक का निर्यात ऋण मार्च-2014 की तुलना में ₹ 490 करोड़ अर्थात 4.46% की कमी दर्ज करते हुए ₹ 10,503 करोड़ रहा। इस अवधि के दौरान हमारे देश के निर्यात में भी गिरावट आई है। यथा 31 मार्च, 2015 बैंक के निवल समायोजित ऋण में निर्यात ऋण का हिस्सा 3.58% रहा।

निर्यातकों एवं गैर-निर्यातकों की वित्तीय आवश्यकताओं को बैंक की ओवरसीज़ शाखाओं में ईसीबी एवं घरेलू शाखाओं में विदेशी मुद्रा ऋणों के माध्यम से पूरा किया जाता है। 31 मार्च, 2015 को ऐसे अग्रिमों की कुल राशि यूएसडी 2,345.07 मिलियन (जिसमें यूएसडी 1989.07 मिलियन की ईसीबी और यूएसडी 356 मिलियन का विदेशी मुद्रा ऋण शामिल है) रही जो भारतीय ₹ 12,431.71 करोड़ के समान है। बैक ने विदेशी मुद्रा में पूर्व-लदान और लदान पश्चात निर्यात ऋण को भी विस्तृत किया है और 31 मार्च, 2015 को बकाया राशि यूएसडी 649 मिलियन (₹ 4,025 करोड़ के समान) थी।

फोरेक्स कारोबार

बैंक द्वारा किए गए फोरेक्स कारोबार में अच्छी खासी वृद्धि परिलक्षित हुई है। वर्ष 2014-15 के दौरान, मर्चेंट और इंटर बैंक टर्नओवर क्रमश: ₹ 1,98,400.06 करोड़ और ₹ 5,47,056.33 करोड़ था। बैंक फारेक्स कारोबार में अब भी अग्रणी है। वर्ष के दौरान बैंक की कोषागार शाखा का कुल टर्नओवर ₹ 7,45,456.39 करोड़ था।

ट्रेज़री निवेश

बेंचमार्क 10 वर्ष सरकारी प्रतिभूति पर आय जो 31 मार्च, 2014 को 8.80% थी यथा दिनांक 31.03.2015 को सुधरकर 7.74 % हो गयी। तथापि वर्ष के दौरान सरकारी प्रतिभूतियों की आय अत्यधिक अस्थिर रही तथा यह 9.10% से 7.65% के विस्तृवत दायरे में रही। हमारे बैंक ने ब्याज आय तथा बाजार जोखिम के बीच संतुलन कायम रखते हुए निवेश के उच्च स्तर बनाए रखे। हमारे बैंक ने समय-समय पर

विनियामक ज़रूरतों से अधिक एसएलआर बनाए रखा है ताकि अतिरिक्त एसएलआर का उपयोग, रेपो/ सीबीएलओ विंडो से उधार के लिए, किया जा सके। यथा 31.03.2015, एसएलआर आवश्यएकता, निवल मांग एवं मियादी देयताओं का 21.50% है। हमारा कुल एसएलआर निवेश ₹ 1,01,917 करोड़ (कुल निवेश का ₹ 87.80%) तथा गैर एसएलआर निवेश ₹ 14,162 करोड़ (कुल निवेश का 12.20%) रहा। इस संबंध में बोर्डद्वारा अनुमोदित व्यापक नीति के अनुरूप निवेश किए गए हैं। बाजार की गतिविधियों / विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप नीति की आवधिक समीक्षा की जाती है.

ट्रेजरी परिचालन

वर्ष 2013-14 के दौरान बैंक ने बाजार के सभी क्षेत्रों अर्थात निधियों, फॉरेक्स तथा बांड्स में सक्रिय भूमिका निभाई है। सरकारी प्रतिभूतियों की दर गतिविधि से लाभ लेते हुए बैंक ने अपने निवेश संविभाग को सुधारा तथा प्रतिभूतियों की बिक्री एवं व्यवसाय से लाभ अर्जित किए। बैंक ने वर्ष 2013-14 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2014-15 में प्रतिभूतियों की बिक्री से लाभ में 26.12 % वृद्धि दर्ज की है। बैंक ने विविध बाजार क्षेत्रों के मध्यत अंतरपणन अवसर का लाभ उठाया है जिससे जमा प्रमाण-पत्र (सीडी), विदेशी विनिमय स्वैप की खरीद/बिक्री, मियादी मुद्रा बाजार में अधिक रुपया निधि रख पाया जिससे 0.50% से 1.00 % का स्प्रेड प्राप्त हुआ।

नैशनल बैंकिंग ग्रुप : ग्रामीण बैंकिंग

1. प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम:

प्राथामिक प्राप्त क्षेत्र के अग्रिम बड़ा कारोबारी मौका प्रदान करने के अलावा, व्यापक सामाजिक जिम्मेदारियां भी प्रदान करते हैं। बैंक ग्रामीण एवं अर्धशहरी शाखाओं के अपने व्यापक नेटवर्क एवं समर्पित कार्मिकों के साथ प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों और कृषि क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने में अग्रणी रहा है। बैंक ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत ₹ 94,572 करोड़ का उत्कृष्ट स्तर दर्ज किया है जो समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) का 35.20% है।

विशेष कृषि ऋण योजना के अंतर्गत बैंक वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान ₹ 27,556 करोड़ का संवितरण कर सका। विभिन्न खंडों के अंतर्गत प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों की स्थिति निम्नलिखित है:

(राशि ₹ करोड़ में)

	यथा 31 मार्च		वृद्धि	
	2014	2015	राशि	प्रतिशत
1. कृषि	40,211	43,183	2,972	7.39
2. लघु उद्यम	35,503	39,822	4,319	12.16
3. शिक्षा	2,597	2,872	275	10.59
4. आवास	7,517	8,374	857	11.40
5. अन्य	332	321	-11	-3.31
कुल प्राथमिकता क्षेत्र	**86,161**	**94,572**	**8,411**	**9.76**

2. केंद्रित जिलों में केंद्रीय प्रसंस्करण केन्द्र

कृषि ऋण में वृद्धि और ऋण प्रस्तावों की मंज़ूरी / संवितरण में टर्नअराउंड समय को कम करने के उद्देश्य से चयनित अंचलों में केन्द्रीय प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित किए गए हैं। अब तक विभिन्न अंचलों/ राज्यों में 43 सीपीसी कार्यरत हैं।

3. किसान क्रेडिट कार्ड:

किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लक्ष्य कृषकों को उनकी कृषि आवश्यकताओं के साथ-साथ गैर-कृषि गतिविधियों को पूरा करने के साथ यह भी उद्देश्य है कि उन्हें ऋण उपयोग के बारे में लचीला तथा परिचालनात्मक स्वतंत्रता मिल सके। वर्ष के दौरान बैंक ने कुल ₹ 5,720 करोड़ की कुल सीमा वाले 4.43 लाख नए किसान कार्ड जारी किए। बैंक द्वारा अब तक 17.72 लाख किसान क्रडिट कार्ड (संचयी) जारी किए जिसमें ₹ 18,863 करोड का वित्तीय परिव्यय शामिल है।

4. ऋण अदला-बदली (स्वैप) :

बैंक ने 'ऋण अदला-बदली' योजना तैयार की है जिसका उद्देश्य ऋणग्रस्त कृषकों को साहूकारों के बकाया देय से मुक्ति दिलाना है तथा अस्वाभाविक दरों पर गैर-संस्थागत देनदारों से ऋण भार से कृषकों द्वारा सामना की जा रही कठिनाईयों को कम करना है। इस योजना के प्रभावी कार्यांवयन के लिए 51 अग्रणी जिलों के सभी जिला प्रबंधकों को मुख्य भूमिका निभानी होगी।

5. विभेदक ब्याज दर:

बैंक द्वारा कार्यान्वित विभेदक ब्याजदर (डीआरआई) नामक योजना के अंतर्गत उत्पादक उद्यमों हेतु चयनित कम आय समूहों को 4% की रियायती दर पर वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना है।

6. अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण हेतु प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम:

अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण हेतु केन्द्रित ध्यान सहित, बैंक विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों जैसे सिख, मुस्लिम, ईसाई, जोरास्ट्रियन तथा बौद्ध को वित्त प्रदान कर रही है। यथा मार्च, 2015 को बैंक ने ₹ 13,627 करोड़ का बकाया स्तर दर्ज किया है।

7. स्वर्णजयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना :

बैंक सक्रिय रूप से स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना (जीजेआरएचएफएस) के कार्यान्वयन में शामिल है तथा राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा आबंटित 10,500 इकाई के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। वर्ष के दौरान स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अंतर्गत बैंक ने 21,273 मामलों को मंजूर किया।

8. सूक्ष्म वित्त/सूक्ष्म ऋण

सूक्ष्म ऋण की योजना गरीबों को गरीबी के स्तर से ऊपर उठाने के लिए उन्हें बढ़े हुए स्व-नियोजन अवसर प्रदान कर उन्हें ऋण लेने योग्य बनाने के लिए एक प्रभावशाली साधन के रूप में पाई गई है। बैंक महिलाओं को ऋण देने में सक्रियता से सहभागिता कर रहा है और प्राथमिकता क्षेत्र के तहत यथा 31.03.2015 ₹ 8,262 करोड़ का बकाया स्तर दर्ज किया है जिसमें ₹ 92.15 करोड़ सूक्ष्म ऋण के तहत है।



9. सौर ऊर्जा आवास प्रकाश प्रणाली

बिजली की समस्या से निपटने के लिए बैंक ने सौर ऊर्जा आवास बिजली प्रणाली की योजना का आरम्भ किया है। सौर ऊर्जा आवास प्रकाश प्रणाली की खरीद तथा संस्था पन के लिए भावी उधारकर्ताओं को बैंक वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। ₹ 15.22 करोड़ के वित्तीय परिव्यय सहित बैंक ने अब तक 3435 इकाई मंजूर किया है।

10. नया कृषि उत्पाद :

कृषकों के ऋण संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने और कृषि ऋण को बढ़ाने के लिए गोदाम रसीदों (WHRs) पर वित्त पोषण हेतु बुलधाना अर्बन को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी (बीयूसीसीएसएल) को कोलेटूल मैनेजर के रूप में अनुमोदित किया गया है।

आरएमएल सूचना सेवा प्रा.लि. के सहयोग से एसएमएस अलर्ट के माध्यम से कृषि सूचना सेवा (कृषिदूत) शुरू की है।

11. अग्रणी बैंक दायित्व :

पांच राज्यों यथा झारखण्ड (15), महाराष्ट्र (14), मध्य प्रदेश (13), उत्तर प्रदेश (7) तथा उड़ीसा (2) में फैले 51 जिलों के अग्रणी बैंक दायित्व की जिम्मेदारी बैंक के पास है। इन सभी अग्रणी जिलों में बैंक सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। बैंक के लिए ₹ 17,324.56 करोड़ का ऋण व्यय शामिल करते हुए सभी अग्रणी जिला में वर्ष 2014-15 के लिए लिए वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) लागू की गई। बैंक की उपलब्धि ₹ 16,726.92 करोड़ रही जो वार्षिक ऋण योजना उपलब्धि का 96.55% है। झारखण्ड राज्य में हमारा बैंक 'अग्रणी बैंक समन्वयक'है।

वित्तीय समावेशन

देश के दीर्घकालिक विकास तथा विस्तृत विकास प्रक्रिया का वित्तीाय समावेशन एक अनिवार्य पक्ष है। वित्तीपय समावेशन को व्यवहार्य कारोबारी प्रस्ताव समझते हुए विपणन अभिमुख पहल को अपनाते हुए वित्तीय समावेशन में कार्यनीति के परिवर्तन हैं। प्रतिमान नि:संदेह ''सीएसआर'' से आर्थिक व्यवहार्यता में परिवर्तित हुआ। वित्तीय क्षेत्र द्वारा आवश्यक सुरक्षित और प्रभावशाली ढंग से कम लागत लेनदेन आईसीटी आधारित सॉल्यूशन की उपलब्धरता से संभव हो सका है। दायित्व के बजाए समपार्श्व अवसर के द्वारा बैंक प्रत्यशित बैंकिंग सेवाओं को देख रहा है।

बैंक ने वित्तीय समावेशन को महाप्रबंधक के नेतृत्व में एक नए कारोबारी इकाई के रुप में तैयार किया है जिसमें बोर्ड द्वारा अनुमोदित वित्तीय समावेशन योजना है। बैंक ने कारोबारी संपर्कियों एवं आईसीटी आधारित हैंड धारित डिवाइसों (माइक्रो एटीएमों)/ किओस्कके माध्यम से देश भर में उप सेवा क्षेत्र एवं वार्ड के तहत सभी आबंटित गाँवों को बैंकिंग सेवाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है और वित्तीमय समावेशन योजना 2015-16 में बैंक ने अन्तर्निहित ओवरड्राफ्ट सुविधाओं वाले नो फ्रिल अकाउन्टस के माध्यम से लोगों को जोड़ा है जो उनको तुरंत उपयोग संबंधी जरूरतों और पात्र लोगों को उद्यम क्रेडिट प्रदान करने के लिए किया गया है ताकि वे पर्याप्त जीविका अर्जित कर सकें, प्रवासी मजदूरों/स्वयं नियोजितों को मोबाइल आधारित धनप्रेषण सुविधा भी मुहैया करायी गयी है ताकि वे अपने परिवार के सदस्यों को धनराशि भेज सके और अन्य सेवाओं के साथ-साथ माइक्रो इंश्योरेंस सहित बैंक के थर्ड पार्टी उत्पादों तक अपनी पहुँच रख सकें। बैंक, आवश्यक भुगतान और अन्य आधारभूत संरचना सहायता देते हुए केन्द्र/राज्य सरकारों के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना को प्रभावी ढ़ंग से पूरा कर रहा है।

वित्तीय समावेशन योजना (एफआईपी) 2014-15 के अंतर्गत प्रगति निम्ननुसार हैं :

- खोले गए बेसिक बचत बैंक खातों की संख्या : 182 लाख
- जारी स्मार्ट कार्डों की संख्या : 182 लाख
- बीएसबीडी खाते में कुल संग्रहित जमाराशि : 1821 करोड़
- उक्त में से प्रधान मंत्री जनधन योजना के तहत खोले गए खाते : 68.53 लाख
- जारी किए गए रूपे कार्ड : 66.73 लाख
- पीएमडीवाई के तहत खोले गए खातों में संग्रहित शेष राशि : 408 करोड़
- जारी जीसीसी/केसीसी (ग्राहकों की संख्या) : 23.44 लाख
- लगाए गए कारोबारी संपर्की : 7569
- गांवों की संख्या जहां 100% वित्तीय समावेशन प्राप्त : 4404

बैंक ने 31.03.2015 तक 2000 से अधिक जनसंख्या 4 वाले समस्त 4404 आबंटित गांवों में 100% वित्तीय समावेशन का लक्ष्य प्राप्त किया और 31.03.2015 तक कुल 22,824 गाँवों को कवर किया गया है । पर्याप्त जोखिम प्रशामकों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं वाली बेहतरीन परिचालन प्रणालियाँ बनायी गई हैं और अमल में लायी जा रहीं हैं।

स्टार स्वीरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (एसएसपीएस)/ग्रामीण स्वल-रोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटि)

ग्रामीण युवाओं के मध्या बेरोजगारी की समस्या से निपटने के उद्देश्य से बैंक ने वर्ष 2005 में स्टार स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (एसएसपीएस) नामक समर्पित ट्रस्ट की स्थापना की पहल की। ट्रस्ट की स्थापना के तुरंत बाद दो एसएसपीएस/आरएसईटीआई (आरडसेटी) की स्थापना भोपाल एवं कोल्हापुर में की गई। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इस पहल को मूल्यवान माना तथा इस प्रकार की संस्थाओं की स्थापना देश के प्रत्येक जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण बीपीएल युवाओं को तलाशने हेतु प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव दिया। स्थापना, अभिधान, प्रायोजन, प्रबंधन कार्यक्रम संरचना, स्टाफ एवं प्रशासन, एमआईएस परिभाषित किए गए। बैंक को संस्थाओं की स्थापना हेतु 43 केंद्र आबंटित किए गए। बैंक ने ऐसी 43 संस्थाएं झारखंड, ओडीशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा पश्चिम बंगाल में स्थापित की है। इन केंद्रों में 38,185 क्रेडिट इंपुट के साथ इस तारीख तक 82,916 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्शी केंद्र (अभय)

बैंक ने दैनिक आधार पर वैयक्तिक वित्तर से संबंधित मामलों पर वित्तीय मध्यवर्ती संस्थाओं के साथ वित्तीय व्यवहार की जटिलताओं के मूल्याकन हेतु आम आदमी को वित्तीीय साक्षरता देने की आवश्यकता को समझा है। आगे, जो अप्रबंधनीय ऋण के कारण वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहे हैं उन्हें भी दिवालियापन एवं चुकौती दायित्व से बाहर निकलने हेतु ऋण परामर्श की आवश्यकता है। इस परिप्रेक्ष्या में बैंक ने 5 (पांच) ऋण परामर्शी केंद्र ''अभय'' नाम से मुंबई, वर्धा, गुमला, कोलकाता और चैन्नई में खोले हैं जिनका कार्य वरिष्ठ एवं अनुभवी बैकों द्वारा देखा जा रहा है।

अभय की संकल्पना को विस्तार देते हुए बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक और नाबार्ड के मार्गदर्शन के अनुसार 57 वित्तीय साक्षरता केन्द्र खोले हैं। व्यथित उधारकर्ताओं के लिए अलग-अलग मामलों हेतु उपचारात्मंक परामर्श के अलावा, मिडिया, कार्यशाला एवं सेमिनार के माध्यम से निवारण परामर्श भी दिया जा रहा है। अब तक परामर्श के 5,71,266 मामले लिए गए जिनका निवारण तत्कातल करके व्यथित उधारकर्ताओं के चेहरों पर मुस्कान लाई गई।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)

बैंक ने 4 (चार) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) झारखंड ग्रामीण बैंक (झारखंड राज्य), आर्यवर्त ग्रामीण बैंक (उत्तर प्रदेश राज्य), नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक (मध्य प्रदेश) तथा विदर्भ कोंकण ग्रामीण बैंक (महाराष्ट्र राज्य) में प्रायोजित किए हैं। सभी आरआरबी लाभ अर्जित कर रहे हैं। ग्रामीण बैंकों की सभी शाखाएं और प्रशासनिक कार्यालय अब सीबीएस प्लेटफॉर्म पर हैं। यह बैंक आरटीजीएस एनईएफटी और एटीएम सेवाएं देने में समर्थ हैं। समस्त आरआरबी का शाखा विस्तार 1557 है जिन्होंने 35,478 करोड़ का मिश्रित कारोबार किया है।

कुछ महत्वपूर्ण पहल

- ★ राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) परियोजना हेतु बीसी नेटवर्क का उपयोग
- ★ यूआईडी नामांकन - 403 लाख पूरे किए गए
- ★ आधार नंबर प्रमाणीकरण द्वारा ग्राहक नामांकन - ई-केवाईसी नामांकन
- ★ बीसी स्थानों पर इन्टरऑपरेबिलिटि

पुरस्कार :

- ★ बैंकऑन अवार्ड
- ★ सर्वश्रेष्ठ वित्तीय समावेशन पहल हेतु आईबीए से द्वितीय पुरस्कार
- ★ फेडरेशन ऑफ़ इन्डस्ट्री ट्रेड एण्ड सर्विसिस द्वारा पीएमजेडीवाई श्रेष्ठता पुरस्कार
- ★ एलेटस मीडिया द्वारा ई-गव बीएफएसआई 2015 लीडरशिप

- ★ वित्तीय समावेशन एवं डीपनिंग हेतु स्कॉच अवार्ड
- ★ इंदौर में सक्षम परियोजना हेतु संयुक्त राष्ट्रसंघ से बैंक और उसके एक कॉर्पोरेट बीसी को इंदौर नगर पालिका की परियोजना के कार्यान्वयन हेतु आईटीयू-पुरस्कार

रिटेल क्रेडिट

वर्ष 2014-15 के दौरान, बैंक ने मंदी के वर्ष 2013-14 के पश्चात एक स्वस्थ रीटेल क्रेडिट पोर्टफोलियो को बनाने की नीति का अनुसरण किया, क्योंकि पुनरुज्जीवित हो रहे अर्थनीति ने रिटेल क्रेडिट के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए। बैंक का रिटेल पोर्टफोलियों ₹ 29,600 करोड़ से बढ़कर यथा 31 मार्च, 2015 ₹ 34,153 हो गया। इस अवधि के दौरान, रिटेल क्रेडिट की रूपरेखा भी पुन: परिभाषित की गई। रिटेल आवास ऋण/संपत्ति के निमित्त ऋण के प्रसंस्करण और टाई-अप व्यवस्था के अंतर्गत वाहन ऋण और शिक्षा ऋण के प्रस्तावों के प्रसंस्करण को गतिशील बनाने के लिए वर्ष 2014-15 के दौरान प्रमुख शहरों में रीटेल कारोबार केंद्रों (आरबीसी) की संख्या 23 से बढ़ाकर 49 कर दी गई है।

वर्ष के दौरान, आवास ऋण क्षेत्र में 27% प्रगति दर्ज हुई और कारोबार ₹ 13,081 करोड़ से बढ़कर ₹ 16,664 करोड़ हो गया। बैंक ने बिल्डरों के साथ टाई-अप करने हेतु मूलभूत दिशानिर्देश तैयार किए हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि टाई-अप केवल अच्छे ट्रैक रिकार्ड वाले बिल्डरों के साथ किए जाए, आंचलिक प्रबंधकों को स्थानीय प्रतिष्ठित बिल्डरों के साथ टाई-अप करने हेतु सशक्त किया गया है।

वर्ष के दौरान, शिक्षा ऋण पोर्टफोलियों में 10% प्रगति दर्ज हुई और कारोबार ₹ 2,652 करोड़ से बढ़कर ₹ 2,918 करोड़ हो गया। बैंक ने ब्याज सब्सिडी योजना अपनाई है, जहाँ उधारकर्ता जिन्होंने शिक्षा-वर्ष 2013-14 के दौरान शिक्षा ऋण प्राप्त किए हैं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से हैं, वे भारत सरकार, मासंवि मंत्रालय से शिक्षा ऋण ब्याज सब्सिडी के लिए पात्र हैं। बैंक ने स्टार शिक्षा ऋण योजना के तहत उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए ऋण सुविधा विस्तृत करने को अत्यधिक महत्व देना जारी रखा है। इस संबंध में, आंचलिक मार्केटिंग टीम स्थानीय संस्थाओं के साथ सतत टाई-अप व्यवस्था कर रहीं हैं, जिससे विद्यार्थिओं की आवश्यकताएं शाखाओं द्वारा शीघ्रता से पूर्ण की जा सके। प्रीमियर (विशिष्ट) शिक्षा संस्थाओं जैसे आईआईटी/आईआईएम/एनआईडी, इत्यादि में प्रवेश पाना चाहते हैं ऐसे विद्यार्थिओं की सुविधा के लिए बैंक ने बीओआई स्टार विद्या ऋण को पुन: परिभाषित किया है।

वाहन ऋण क्षेत्र में भी 16% की पर्याप्त प्रगति दर्ज की गई और वर्ष के दौरान कारोबार ₹ 2,351 करोड़ से बढ़कर ₹ 2,733 हुआ। वाहन ऋण पोर्टफोलियो में स्वस्थ रिटेल लीड प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित ऑटो उत्पादकों जैसे मारूति-सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुंडाई मोटर्स, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा और आईसीएमएल के साथ टाई-अप व्यवस्था की कार्यनीति जारी है।

वर्ष के दौरान प्रमुख रिटेल ऋण योजनाओं के संबंध में प्रगति निम्नानुसार है:-

(₹ करोड़ में)

योजना	31.03.2014	31.03.2015	वृद्धि	वृद्धि %
स्टार आवास ऋण	13,081	16,664	3,583	27
स्टार संपत्ति के निमित्त ऋण	2,971	4,144	1,173	39
स्टार शिक्षा ऋण	2,652	2,918	266	10
स्टार वाहन ऋण	2,351	2,733	382	16
स्टार व्यक्तिगत ऋण	927	1,085	158	17

लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई)

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) खंड के अन्तर्गत वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक का कार्यनिष्पादन अपेक्षित स्तर तक था। उद्योग में निम्न ऋण वृद्धि के बीच हम वर्षानुवर्ष 20% से अधिक वृद्धि किए। पिछले वर्षों में लिए गए कुछ निर्णय यथा एसएमई कारोबार के लिए नए वर्टिकल का निर्माण, समर्पित बिक्री दल के साथ विशेषीकृत संसाधन कक्ष की स्थापना की गई आदि ने परिणाम देना आरम्भ कर दिया तथा इस क्षेत्र में ऋण वृद्धि में उल्लेखनीय योगदान दिया।

एमएसएमई खंड के अन्तर्गत बैंक का कार्यनिष्पदान:

- ★ **कारोबार वृद्धि :** एमएसएमई उत्कृष्टता - ₹ 54506 करोड़ दर्ज करते हुए वर्षानुवर्ष 20.68% की वृद्धि।
- ★ **एमएसई के अन्तर्गत कार्यनिष्पादन** : एमएसई उत्कृष्टता - ₹ 46941 करोड़ दर्ज करते हुए वर्षानुवर्ष 21.33% की वृद्धि।
- ★ **एमएसई विनिर्माण क्षेत्र** ने ₹ 20095 करोड़ (मार्च 2014) से ₹ 21938 करोड़ (मार्च 2015) की वृद्धि दर्शाया जो वर्षानुवर्ष 9.17% की वृद्धि है।
- ★ **एमएसई के अन्तर्गत सूक्ष्म क्षेत्र की हिस्सेदारी** मार्च 2014 के 47.69% से बढ़कर मार्च 2015 में 48.92% हो गई।
- ★ **सूक्ष्म खातों की संख्या में वृद्धि :** वर्ष 2014-15 के दौरान सूक्ष्म खंड के अंतर्गत 93582 खातों की स्वीकृति की गई जिसमें ₹ 3416.88 करोड़ का एक्सपोज़र कवर किया गया। इस योजना के अन्तर्गत कुल कवरेज के शर्तों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में नंबर 1 बना रहा जो मार्च 2015 तक ₹ 12928.54 करोड़ के कुल एक्सपोज़र सहित 199673 खातों के स्तर तक पहुंच गया।
- ★ **सीजीटीएमएसई के अन्तर्गत कार्यनिष्पादन :** ₹ 3416.88 करोड़ का एक्सपोज़र कवर करते हुए 2014-15 के दौरान सीजीटीएमएसई योजना के अन्तर्गत 49125 नए खाते जोड़े गए। कुल कार्यक्षेत्र के अनुसरण में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच हम नम्बर 1 बने रहे जो मार्च 2015 तक ₹ 12928.54 करोड़ के कुल एक्सपोज़र सहित 199673 के स्तर तक पहुंच गया।
- ★ **प्रधानमंत्री रोजगार निर्माण कार्यक्रम (पीएमईजीपी) :** पीएमईजीपी के अन्तर्गत वर्ष 2014-15 के दौरान ₹ 185.20 करोड़ सीमा सहित 4196 खाते स्वीकृत हुए।

निम्नलिखित प्रवर्ग में सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम भारतीय चेम्बर (सीआईएमएसएमई) द्वारा एमएसएमई बैंकिंग एक्सेलेन्स अवार्ड 2014 बैंक ने जीता:

- ★ श्रेष्ठ एमएसएमई बैंक अवार्ड 2014, लार्ज बैंक - रनर अप
- ★ श्रेष्ठ बैंक अवार्ड 2014, ऑपरेशनल परफार्मेन्स - रनर अप

एमएसएमई खंड के अंतर्गत वृद्धि प्राप्त हेतु कार्यनीतियां

- ★ वित्तीय वर्ष 2014-15 के आरंभ में 100 एसएमई के शीर्ष उधारकर्ताओं के बधाई पश्चात इंडिया एसएमई फोरम - एक एनजीओ के साथ जिससे बैंक के ब्रांड प्रोन्नति के लिए गठबंधन है उसके साथ हमारे बैंक ने सक्रियतापूर्वक सहभागिता कर एमएसएमई में अपनी पहचान में वृद्धि किया।
- ★ सीजीटीएमएसई योजना को अनिवार्य नियम के अंतर्गत पात्र सीमा तक लाने से इस योजना के उधार में वृद्धि हुई। इस योजना के संबंध में उधारकर्ताओं में जागरूकता निर्माण करने के लिए व्यापक प्रचार किया गया।
- ★ एसआरटीओ और उपकरण वित्तपोषण के द्वारा एमएसई खंड में ऋण प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए वर्ष के दौरान 1 नए ओईएम के साथ समझौता ज्ञापन किया गया।
- ★ 31 मार्च, 2015 तक देश के 30 एसएमई केन्द्रों ने संचयी रूप में ₹ 9744 करोड़ स्वीकृत किया जिसमें से वर्ष के दौरान ₹ 8195 करोड़ वितरित किया गया।
- ★ विभिन्न एनबीएफसी से आस्तियों के बारे में प्रतिभूतिगत पूल के प्रत्यक्ष समनुदेशन बाजार में जोखिम उठाया तथा इस व्यवस्था के अन्तर्गत 31.03.2015 तक ₹ 1490 करोड़ का कारोबार प्राप्त किया।
- ★ एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म के द्वारा पुनर्निर्मित चैनल वित्तपोषण योजना पहले से ही परिचालित हो गई। चूंकि कार्पोरेट के विक्रेता - आपूर्तिकर्ता तथा डीलर छोटे विनिर्माण इकाईयां तथा सेवा एन्टरप्राइजेस हैं, इस प्रकार के ग्राहकों की वृद्धि से एमएसएमई क्षेत्र में ऋण वृद्धि होगी। वर्ष 2015-16 के दौरान हमारा लक्ष्य ₹ 2500 करोड़ वितरण का है।
- ★ प्राथमिकता क्षेत्र के अन्तर्गत ₹ 5 करोड़ ऋण सीमा तक सेवा क्षेत्र के अन्तर्गत खातों के प्रवर्गीकरण के परिणामस्वरूप, व्यापार गतिविधियों के अग्रिम को प्रोत्साहन मिला जहां विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में ऋण वितरण तेज है।
- ★ वर्तमान लोकप्रिय एसएमई ऋण उत्पादों पर बल दिया गया जैसे :-

i. बीओआई स्टार व्यापार
ii. बीओआई डॉक्टर प्लस
iii. स्टार एसएमई कॉन्ट्रेक्टर क्रेडिट लाइन

★ देश में 100 विशेषीकृत एसएमई शाखाएं हैं जो अन्य दैनिक कामकाज के अतिरिक्त प्रमुखतया एमएसएमई वित्तपोषण करती हैं। वर्ष 2015-16 के दौरान एमएसएमई के अन्तर्गत वित्तपोषण हेतु इन शाखाओं को कुल ₹ 1,000 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है।

★ अब तक 105 विभिन्न समूहों के लिए समूह आधारित योजना अनुमोदित हो गई है। क्षेत्र के अनेकों इकाईयों द्वारा विशिष्ट रूप से लिए गए उत्तरदायित्व पर आधारित अधिक समूहों को सूत्रबद्ध किया गया है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, यह निर्णय लिया गया है कि 2015-16 के दौरान विशिष्ट समूहों पर ध्यान दिया जाए।

बैंक का पुनर्गठन

पुनर्गठन के एक भाग के रूप में 1 अप्रैल, 2015 से, दो नए राष्ट्रीय बैंकिंग समूह - पुणे में एनबीजी-पश्चिम II और लखनऊ में एनबीजी-उत्तर II का सृजन अनुमोदित किया गया ताकि उनके संबंधित कारोबारी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा सके। इसी प्रकार 1 अप्रैल, 2015 से उत्तराखण्ड में देहरादून, कर्नाटक में हूबली- धारवाड, राजस्थान में जोधपुर और पश्चिम बंगाल राज्य में बर्धमान नाम से 4 नए अंचल खोलने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा शाखाओं की संख्या और मुख्यालय से दूरी के आधार पर विभिन्न अंचलों में जिलों के पुनराबंटन को अनुमोदित किया गया। इससे अंचलों को कारोबार के बेहतर अवसर और नियंत्रण मिलेगा।

अंचलों में कारोबार विकास प्रबंधकों (बीडीएम) का नाम बदलकर द्वितीय उप आंचलिक प्रबंधक किया गया। 1 अप्रैल, 2015 से विभिन्न बीडीएम क्लस्टरों का पुनराबंटन, समाप्ति, विलयन एवं नए क्लस्टरों का निर्माण अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही कुल बीडीएम क्लस्टरों की संख्या 15 हो गई है। इन उप आंचलिक प्रबंधकों (पूर्व में बीडीएम) को पर्याप्त स्टाफ, कार्यालय और कारोबार हेतु वित्तीय प्राधिकार तथा उनके क्लस्टर की अन्य ज़रूरतें उपलब्ध कराई गई हैं।

ई-गैलरी परियोजना

विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के लिए ग्राहकों द्वारा स्व चलित किऑस्क की बढ़ती स्वींकार्यता को देखते हुए, एटीएम, पास-बुक प्रिंटर और नकद स्वीकार करनेवाली मशीनों/बल्कत नोट एक्सेप्टेर्स जैसे स्वचालित किऑस्कन से लैस ई-गैलरी 24×7 आधार पर स्थापित किए गए हैं। शाखाओं में प्रत्यक्ष रूप से जितने ग्राहक कम आएंगे, शाखाओं में ग्राहक सेवा उतनी ही बेहतर होगी। चेक एक्सेप्टेरन्सं किऑस्क, इंटर्ने ट किऑस्क ओर ग्राहक फीडबैक किऑस्क जैसे अन्ये स्वचालित किऑस्के भी 24×7 आधार पर स्थापित किए जाने की योजना है। वित्तीय वर्ष 2014-15 में भारत भर में 400 से अधिक ई-गैलरी स्थापित किए गए । इस वित्तीय वर्ष के लिए 750 ई-गैलरियों की स्थापना के लक्ष्य सहित और भी कई जगहों का चयन किया गया है।

भावी समय की शाखा परियोजना

ग्राहकोन्मुख पहल जारी रखते हुए, कुछ और शाखाओं को भविष्य की शाखा में परिवर्तित किया गया जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2014-15 के अंत तक ऐसी शाखाओं की कुल संख्या 306 हो गई। इन अत्याधुनिक शाखाओं में विशाल ग्राहक-क्षेत्र होता है और सेल्फ सर्विस के ग्राहकानुकूल उपकरण होते हैं। 'भविष्य की शाखा के कुछ प्रमुख विशेष तत्व निम्नानुसार हैं :

- इन शाखाओं की आंतरिक साजसज्जा को इस प्रकार सौंदर्यपूर्ण बनाया गया है जिससे कि ग्राहकों के लिए अच्छी खासी जगह मिल जाय और पर्याप्त बैठने की व्यवस्था हो जाए।
- प्रतिक्रिया समय को कम करने के लिए विशिष्ट फ्रंट ऑफिस और इन-ब्रांच बैक ऑफिस सृजित किए गए हैं।
- स्वयं परिचालित पासबुक प्रिंटिंग किऑस्क के जरिए ग्राहकों को यह कार्य करने के लिए समर्थ बनाया गया है।
- कैश डिपॉज़िट किऑस्कि लगाए गए हैं जिससे ग्राहक को टेलर की सेवाएं लिए बिना स्वयं अपने खाते में राशि जमा करने का विकल्प उपलब्ध हो।
- अधिक व्यवस्थित ढंग से गतिविधियां करने वाले एवं फ्रंट लाइन ग्राहकों को मैनेज़ करने के लिए क्यू मैनेजमेंट सिस्टम का इस्ते माल किया जा रहा है।
- ग्रेटर सेल्स पुश और ग्राहक संतुष्टि हासिल करने के लिए शाखा की टीम के सदस्यों हेतु नई भूमिकाएं और उत्तरदायित्व परिनिश्चित किए गए हैं।
- इन शाखाओं में कार्य कर रहे स्टार को बेहतर ग्राहक प्रबंधन और क्रॉस सेलिंग हेतु प्रशिक्षण दिया गया है।
- इन शाखाओं के ग्राहक इस बदलाव और नई व्यवस्थाओं से बेहद प्रसन्न हैं। इस पहल के फलस्वरूप शाखा परिचालनों की समग्र दक्षता बढ़ी है और इन शाखाओं में ग्राहक अर्जन और कारोबारी लीड में काफी बढ़ोतरी हो रही है।

वैकल्पिक प्रस्तुति माध्यम

कार्ड उत्पाद :

बैंक ग्राहकों की पसंद के लिए विभिन्न प्रकार के क्रेडिट कार्डों की पेशकश कर रहा है। बैंक से संबद्ध दो बैंक यथा बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक लि. भी हैं जो ब्रांडनाम ''इंडिया कार्ड'' के अधीन क्रेडिट कार्ड जारी कर रहे हैं। वर्ष के दौरान कार्ड जारी करने के कुल कारोबार में 10.05% वृद्धि दर्ज की गई जो ₹ 429.28 करोड़ रही एवं टर्नओवर अधिग्रहण में 48.95% की वृद्धि हुई जो ₹ 521.56 करोड़ रही। डेबिट कार्ड के मामलों में टर्नओवर अधिग्रहण में 47.17% की वृद्धि हुई जो ₹ 2,420.07 करोड़ रही।

बैंक के पास विभिन्न प्रकार के डेबिट-सह-एटीएम कार्ड है। 01.04.2014 से 31.03.2015 तक कुल जारी डेबिट कार्ड 102 लाख रहे जिसमें 2.77 लाख स्टारलिंक इंटरनेशनल एटीएम-सह-डेबिट कार्ड (वीज़ा इलैक्ट्रान) 26.34 लाख बीअ-ोआई ग्लोबल डेबिट-सह-एटीएम कार्ड (मास्टर कार्ड) 0.05 लाख प्लेटियम डेबिट कार्ड (मास्टर) 0.77 लाख बिंगो कार्ड और 72.54 लाख रुपे कार्ड सम्मिलित हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान डेबिट कार्डों ने 60% वृद्धि दर्ज की। यथा 31.03.2015 कुल डेबिट कार्ड 273 लाख है। वर्ष 2014-15 के दौरान हमने 6809 गिफ्ट कार्ड (वीज़ा इलेक्ट्रॉन) जारी किए हैं।

एसएमएस अर्ल्टस -स्टार संदेश

धोखाधड़ी के रोकथाम के रूप में, एसएमएस अर्ल्टस जनरेट किए जाते हैं और उन सभी ग्राहकों को मुहैया कराए जाते हैं जिन्होंने निम्न के लिए बैंक के पास अपने मोबाइल नंबर पंजीकृत करवाए हैं।

★ डिलिवरी चैनलों (इंटरनैट बैंकिंग/एटीएम/पीओएस) से सभी नामे संव्यवहार
★ ग्राहक द्वारा किए गए सभी रु.10,000/- और अधिक के नामे और जमा संव्यवहार
★ रु.10,000/- और अधिक के सभी नामे ईसीएस संव्यवहार
★ सभी नामे आरटीजीएस संव्यवहार
★ चेक बुक जारी करने के अनुरोध को स्वीकार करने पर अभिस्वीकृति
★ स्टार ऑटोफिन और हाउसिंग खातों में देय किस्त के लिए अर्ल्ट

इंटरनेट बैंकिंग:

युटिलिटी बिल के भुगतानों, एयर एवं रेल टिकिट बुकिंग, ऑन लाइन शॉपिंग, इंटर बैंक और इन्ट्रा बैंक फंड ट्रासफर इत्यादि के लिए ग्राहकों को एक तीव्र और सुरक्षित इन्टरनेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है।

भारत में पीएसयू बैंक में बैंक ऑफ़ इंडिया पहला ऐसा बैंक है जिसने अतिरिक्त सुरक्षा संबंधी उपाय के रूप में रिटेल और कार्पोरेट इन्टरनेट बैंकिंग दोनों के लिए ही टू-फैक्टर ऑथेन्टिकेशन (२एफए) स्टार टोकन क्रियान्वित किया। बैंक

के ग्राहक ''सुरक्षित'' किसी समय, कहीं से भी और हर प्रकार से झंझट मुक्त बैंकिंग का अपने घर और कार्यालय से अपनी सुविधानुसार माउस पर क्लिक करके लाभ उठा रहे हैं।

उपलब्ध कुछ फीचर्स इस प्रकार हैं:

- आरटीजीएस/एनईएफटी सुविधा का इस्तेमाल करके, हमारी स्टार कनेक्ट इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं के जरिए बैंकों में ऑन लाइन इंटर बैंक फंड ट्रान्सफर
- ऑटो पे हेतु बीओआई स्टार ई-पे अथवा विभिन्न युटिलिटी सर्विसेज/बिलों का ऑनलाइन भुगतान
- प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष केन्द्रीय उत्पाद और सेवा करों का ई-पेमेंट
- शेयर में ट्रेड करने के लिए स्टार ई-शेयर ट्रेड
- ई-फ्रेट पेमेंट
- विदेशी व्यापार का महा निदेशालय (डीजीएफटी) लाइसेंस फीस ऑन लाइन ई पेमेंट
- रेलवे और एयरलाइन्स टिकट की ऑनलाइन बुकिंग
- शिक्षा ऋण के लिए ऑन लाइन आवेदनपत्र
- इंटरनेट बैंकिंग से आईपीओज के लिए एप्लीकेशन सर्पोटेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (एएसबीए) को देखने और आवेदन करने के लिए उपलब्ध ऑनलाइन सुविधा
- इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों को ऑनलाइन फिक्स्ड डिपॉजिट करने में समर्थ बनाना
- इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड इस्तेमाल करके डेबिट-सह-एटीएम कार्ड पिन की हॉट लिस्टिंग/रिसेट/अनब्लॉक/चेंज
- वार्षिक टैक्स विवरण पत्र (फॉर्म २६ एएस) -ऑनलाइन देखने की सुविधा
- हमारा डेबिट-सह-एटीएम कार्ड रखने वाले ग्राहकों को ऑन लाइन ई-पेमेंट की सुविधा प्रदान की गयी। इससे ग्राहक क्रेडिट कार्ड और इन्टरनेट बैंकिंग खाते के अलावा अपने डेबिट-सह-एटीएम कार्डों का इस्तेमाल कर सकेंगे।
- ऑन लाइन टर्म डिपॉजिट रसीद निकालते समय व मौजूदा टर्म डिपॉजिट रसीदों के लिए ऑनलाइन नामांकन सुविधा

स्वचलित टेलर मशीन (एटीएम)

बैंक ने नेशनल फाइनेन्शियल स्विच (एनएफएस) ज्वॉइन किया है जिससे देश भर में 85,000+से भी अधिक एटीएम एक्सेस कर सकते हैं। इसके अलावा, बैंक कैश ट्री, बीएएनसीएस एवं एसबीआई ग्रुप नेटवर्क का भी हिस्सा है। 31 मार्च, 2015 तक की स्थिति के अनुसार हमारे 6771 एटीएम थे जिसमें से 2277 एमओएफ के तहत थे और शेष 4494 नॉन-एमओएफ परियोजना के अधीन थे।

ग्राहक श्रेष्ठता वैकल्पिक प्रस्तुति माध्यम :

बैंक की महत्वाकांक्षी ग्रोथ प्लान की प्रक्रिया में बैंक ने आईटी समर्थित गहन संभाव्यता वाले उत्पादों को तैयार किया और उनका विपणन किया है ताकि हम न केवल पुराने ग्राहकों को बनाए रखें बल्कि नए ग्राहक भी अर्जित करें; विशेषकर टेक सैवी युवा पीढी के ग्राहक अर्जन हेतु प्रधान कार्यालय में एक अलग आईटी समर्थित सेवाएं विभाग (जिसका नाम बदलकर ग्राहक श्रेष्ठता वैकल्पिक प्रस्तुति माध्यम किया गया है) बनाया नया है जिसका कार्य क्षेत्र निम्नानुसार है :

- इंटरनेट बैंकिंग : रिटेल बैंकिंग ग्राहक एवं कार्पोरेट ग्राहक
- मोबाइल बैंकिंग:
- एटीएम
- कार्ड उत्पाद: डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, बिंगो कार्ड गिफ्ट कार्ड
- बीओआई स्टार रिवार्ड प्रोग्राम
- ई-कॉमर्स सुविधा
- ई-पे सुविधा
- इन्स्टेन्ट मनी ट्रांस्फर (आईएमटी)

इन्स्टेन्ट मनी ट्रांस्फर (आईएमटी) :

बैंक के ग्राहक उन लाभार्थियों को निधि प्रेषित कर सकते हैं जिनके पास बैंक खाता नहीं है और डेबिट कार्ड भी नहीं है-

- कैश आउट सुविधा सहित नवोन्मेषी, सुरक्षित, सरल और झंझट रहित स्वदेशी मनी ट्रांस्फर सुविधा
- 247365, सुविधा जिसका लाभ आरंभकर्ता और लाभार्थी/प्राप्तकर्ता दोनों उठा सकते हैं।
- एटीएम या रिटेल इंटरनेट बैंकिंग का प्रयोग करते हुए रकम भेजी जा सकती है।
- किसी ऐसे लाभार्थी/प्राप्तकर्ता को रकम भेजी जा सकती है जिसका, बीओआई या किसी भी बैंक का ग्राहक होना ज़रूरी नहीं है।
- लाभार्थी/प्राप्तकर्ता कार्ड का प्रयोग किए बिना किसी भी बीओआई आईएमटी समर्थित एटीएम से रकम आहरित कर सकता है। (बैंक की वेबसाइट पर आईएमटी समर्थित एटीएम की सूची प्रदर्शित की गई है।
- सेल्फ सर्विस - बैंक के ग्राहक रिटेल इंटरनेट बैंकिंग या एटीएम का प्रयोग करते हुए स्वयं संव्यवहार की पहल कर सकते हैं।
- जब लाभार्थी/प्राप्तकर्ता को तत्काल या आपातकालीन स्थिति में नकद की आवश्यकता हो तो यह सुविधा उपयोगी होगी।
- जब लाभार्थी/प्राप्तकर्ता का कोई बैंक खाता न हो या खाता नंबर मालूम न हो तो यह सुविधा उपयोगी होती है।

सूचना प्रौद्योगिकी

बैंक की सूचना प्रौद्योगिकी प्रमुख कारोबार ड्राईवर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है । यह पूरे बैंक के कार्यों की जीवनरेखा है। बैंक अभी सेवा प्रदान करने और मूल्यवर्धन करने हेतु पहले से अधिक सूचना प्रौद्योगिकी पर निर्भरशील है।आईटी डाटा सेंटर को क्रियान्वित रखने के अतिरिक्त बैंक प्रबंधन के दृष्टिकोण को पूरा करने और संभाव्य को पूरा करने में सहायक है।

हाल में कार्यान्वित पहलों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

उपलब्धियां :-

- **सीआरएम परियोजना :** सीआरएम परियोजना आरंभ की गई है इससे पर्सनलाइज्ड सेवाएं बेहतर होंगी, सेवा-अनुरोध हेतु टर्नाराउंड टाइम कम होगा, नए उत्पाजदों की पेशकश सुविज्ञ और व्यावसायिक सलाह, और यह डाटा-निष्कर्ष आधारित आपसी चर्चा उपलब्ध कराएगी और अत: इससे वस्तुपरक मूल्य मिलेगी।
- **नकदी प्रबंधन एवं चैनल फाइनान्सिंग :** प्रभावी नकदी प्रबंधन और चैनल फाइनन्सिंग हेतु वेब आधारित इन्टरफेस उपलब्ध कराता है।
- **पेमेन्ट गेटवे सल्यूशन :** हमने अपना पेमेंट गेटवे कार्यान्वित किया है । इसके कार्यान्वयन से बैंक अन्य- बैंकों एवं थर्ड पार्टियों को पेमेन्ट सेवाएं बेचकर राजस्व अर्जन करने की स्थिति में है।
- **मोबाइल बैंकिंग :** हमने 'स्टार टोकन एनजी' एक नेक्स्ट जेनेरेशन सुरक्षित सर्वव्यापी डिजिटल बैंकिंग एप्लिकेशन शुरु किया है जो हमारे रिटेल बैंकिंग ग्राहकों को लगातार मल्टीचैनल अनुभव के साथ सामरिक ग्रेड की सुरक्षा देता है जो विविध प्लैटफ़ार्म और विभिन्न प्रकार के घटकों जैसे लैपटाप, डेस्कटॉप, टेबलेट और मोबाइल को सपोर्ट करता है।

- **सोशियल मीडिया का अंगीकार :** अनुभव, अनुपालन जैसे अनुबोधक कारकों को ध्यान में रखते हुए।
- **इंस्टंट मनी ट्रान्सफर सुविधा (आईएमटी) की शुरूआत :** इस सुविधा के शुरु किए जाने से लाभार्थी बिना किसी बैंक खाते या एटीएम कार्ड के रकम आहरित कर सकता है।
- **ऑनलाइन ऋण आवेदन और ट्रैकिंग प्रणाली:** एंड टू एंड इंटिग्रेशन के साथ ऑनलाइन ऋण आवेदन और ट्रैकिंग प्रणाली शुरू की गई है।
- **आईएमपीएस :** आईएमपीएस अपनी 24×7 व्यवहार्यता और तत्काल अंतर बैंक अंतरण की विशिष्टताओं के कारण ग्राहकों में अधिक से अधिक लोकप्रिय हो रही है। इन कार्यात्मकताओं को हमारे मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग यूजर और शाखाओं से भी उपलब्ध करवाया गया है।
- **यूएसएसडी आधारित मोबाईल बैंकिंग :** यूएसएसडी आधारित मोबाइल बैंकिंग सुविधा आरंभ की गई है। यह सुविधा लो एंड मोबाइल उपकरणों में भी उपयोग किया जा सकता है ।

अन्य ग्राहक केन्द्रिक पहलें

- 444 स्थानों में स्टेट ऑफ आर्ट ई गैलरी स्थापित की गई है।
- 2340 स्थानों में पास-बुक प्रिंटिंग किऑस्क लगाए गए हैं।
- 1060 स्थानों में कैश एक्सेप्टर किऑस्क लगाए गए हैं।
- कुल एटीएम की संख्या 7000 की सीमा पार कर चुकी है।

पुरस्कार

- आईटी नवोन्मेष के लिए -स्कॉच अवार्ड
- आईबीए बैंकिंग टेकनोलॉजी अवार्डस 2013-14 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सर्वश्रेष्ठ वित्तीय समावेशन पहल श्रेणी में प्रथम रनर अप अवार्ड ।
- एनपीसीआई से सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों की श्रेणी में एनएफ़एस ऑपरेशनल एक्सलेन्स अवार्डर्स में एटीएम और स्विच कनेक्टेड टू एनएफ़एस एटीएम नेटवर्क के संबंध में प्रमुख मानदंडों में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए रनर अप अवार्ड।

थर्ड पार्टी उत्पाद

जीवन बीमा हेतु टाई-अप:

बैंक ने अपने जीवन बीमा उत्पाअदों की बिक्री हेतु बैंक के संयुक्त उद्यमी लाइफ इंश्योअरेंस कंपनी स्टाईर यूनियन दाई-ची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के साथ अपनी कॉर्पोरेट एजेन्सी व्यवस्था को जारी रखा। बैंक के लगभग 4400 कर्मचारी ऐसे हैं जो विभिन्नि केन्द्रों पर बीमा उत्पादों की बिक्री के लिए 'स्पेसिफाइड पर्सन' के रूप में कार्य करते हैं।

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने ₹ 520 करोड़ (पॉलिसियों की संख्या 69,000 से अधिक) की प्रीमियम कलेक्ट की और संयुक्त उद्यम कंपनी के कुल नए कारोबार में 53% से अधिक का योगदान दिया।

बैंक ग्रुप पॉलिसी के तहत अपने स्टार होम लोन और स्टार एज्यूकेशन लोन के उधारकर्ताओं को ऑप्शनल लाइफ इंश्योरेंस कवर की पेशकश कर रहा है जहां जीवन बीमा के लिए उधारकर्ता को कम प्रीमियम देना होगा।

नेशनल इंश्योरेंस कं. लि. (एनआईसीएल) के साथ जनरल इंश्योहरेंस (नॉन लाइफ) हेतु टाई-अप:

बैंक जैसे बैंकएश्योरेन्स कारोबार वितरकों को कवर करते हुए आईआरडीए के परिशोधित दिशानिर्देशों के अनुपालन में एनआईसीएल के साथ वर्तमान टाई-अप व्यवस्था को कॉर्पोरेट एजेन्सी डिस्ट्रिब्यूशन मॉडल में परिवर्तित किया गया। बैंक का एक को-ब्रैंडिड उत्पाद है - बीओआई नैशनल स्वास्थ्य बीमा योजना, जो कि एक परिवार फ्लोटर मेडिक्लेम बीमा कवर है जो बैंक ऑफ़ इंडिया खाता धारकों के लिए बहुत ही कम प्रीमियम पर उपलब्ध है। इस में खाता धारक, पति/पत्नीं और उनके दो आश्रित बच्चों के लिए कवरेज उपलब्ध है। पूरे परिवार (खाता धारक, पति/पत्नीं और उनके दो आश्रित बच्चें) को बीमाकृत कुल राशि तक कवर किया गया है, परिवार के सदस्यों द्वारा अलग-अलग समय में बीमाकृत कुल राशि का भाग लिया जा सकता है। यह एक लोकप्रिय उत्पाद है और यथा 31.03.2105 को 1.68 लाख से अधिक बीओआई खाताधारकों ने यह पॉलिसी ली ही।

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक ने एनआईसीएल के लिए कुल ₹ 187 करोड़ का प्रीमियम इकट्ठा करते हुए ₹ 17.62 करोड का कमीशन अर्जित किया है।

म्यूचुअल फंड उत्पाद:

बैंक ग्राहकों की सभी प्रकार की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। बैंक ने 10 आस्ति प्रबंधन कंपनियों यानी के बीओआई-एक्सा म्युचुअल फंड बिडला एवं लाइफ म्युचुअल फंड, डीएसपी ब्लैक रॉक म्युचिअल फंड, फ्रैकलिंग टेंप्लटन निवेश, एचडीएफसी म्युचुअल फंड, आईडीएफसी म्युचुअल फंड, आईएनजी म्युचुअल फंड, कोटक म्युचुअल फंड, रिलायंस म्युचुअल फंड तथ यूटीआई म्युचुअल फंड के अधिकाधिक विविध म्युचुअल फंड उत्पादों की बिक्री कर रहा है।

आस्ति वसूली एवं एनपीए प्रबंधन

अनर्जक आस्तियों (एनपीए) का स्तर किसी भी बैंक की लाभप्रदता का प्रमुख आधार है और तदनुसार जितने बेहतर प्रयास बैंक के एनपीए को घटाने के लिए होंगे, उतना ही बेहतर परिणाम दीर्घावधि में प्राप्त होगा। बैंक ने वर्ष 2014-15 में भी एनपीए प्रबंधन क्षेत्र में अपने कार्य निष्पादन को सुधारनें में सतत ध्यान केंद्रित किया है और प्रयास किए हैं। एनपीए में कमी को बैंक में सर्वाधिक प्राथमिकता दी गई है और इसने निरंतर महत्त्व प्राप्त किया है।

(₹ करोड़ में)

मद	31.03.12 वास्तविक	31.03.14 वास्तविक	31.03.2015 वास्तविक
सकल एनपीए (प्रारंभिक)	5,894	8,765	11,869
घटाएं :			
नकद वसूली	1,245	3,066	2,688
अपग्रेडेशन	759	938	2,321
बट्टे खाते	2,415	1,767	801
कृषि ऋण में छूट / ऋण राहत योजना 2008	0	0	0
कुल कमी	4,419	5,771	5,810
जोड़ें :			
स्लिपेज	7,379	8,811	16,591
घटाएं अप्राप्त ब्याज **(यूआरआई)** (वित्तीय वर्ष 2009-10 से आरंभ)	89	-63	457
सकल एनपीए (समाप्ति में)	8,765	11,869	22,193
बट्टे खाते, यूसीआई/यूआरआई में वसूली	1051	878	248
निवल एनपीए	5,947	7,417	13,518
सकल अग्रिम की तुलना में सकल एनपीए का %	2.99	3.15	5.39
निवल अग्रिम की तुलना में निवल एनपीए का %	2.06	2.00	3.36

वर्ष के दौरान बैंक ने 'नकद' एवं 'एसआर' दोनों के आधार पर कॉर्पोरेट की आस्तियों की बिक्री की। बेची गई आस्तियों का एनबीवी ₹ 1847 करोड़ रहा और ऑफर/बिड की राशि ₹ 1,809 रही। पूर्ण नकद रूप से बेची गई आस्तियां ₹ 26 करोड़ रही। ₹ 1,783 करोड़ ऑफर की शेष राशि के लिए नकदी घटक ₹ 212 और बैंक द्वारा निवेश ₹ 1,572 करोड़ हैं ।

ऋण निगरानी

चुनौतीपूर्ण परिवेश में तथा आस्ति गुणवत्ता पर निरंतर दबाव से, ऋण आस्तियों की निगरानी तथा उसके सुरक्षा के लिए निवारक/दोषनिवारक कार्रवाई करना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। बैंक के ऋण निगरानी विभाग ने आरम्भिक स्तर पर व्यरतिक्रम जोखिम की पहचान के लिए विभिन्न निगरानी उपायों को अपनाया है:

नियमित साप्ताहिक/पाक्षिक आधार पर एमआईएस रिपोर्ट निर्मित की जाती है जो असामान्यता सहित खातों को दर्शाती है।

भारिबैं द्वारा जारी अर्थव्यवस्था में विपत्तिकालीन आस्तियों में नए प्राण भर देने के लिए संरचना के अन्तर्गत विशेष वर्णित प्रवर्ग यथा एसएमए 1 (31 दिनों से 60 दिनों

तक) अथवा एसएमए 2 (61 दिनों से 90 दिनों तक) के वित्तीकालीन या व्यतिक्रम जोखिम के उधारकर्ताओं की पहचान। संशोधन, नवीनीकरण या वसूली के लिए एसएमए प्रवर्ग की पहचान न्यूनीकरण सोपान को सक्रिय करता है।

ऋण आस्तियों की निगरानी के लिए सभी शाखाओं तथा नियंत्रक कार्यालयों में ऋण निगरानी मॉड्यूल उपलब्ध है।

उच्च मूल्य एसएमए 2 उधारकर्ताओं के निगरानी के लिए प्रधान कार्यालय में दबाव प्रबंधन कक्ष स्थापित किया गया है।



बैंक से राशि प्रदान करने से पहले, ऋण प्रक्रिया लेखापरीक्षा (सीपीए) अन्य अनुबंधों तथा स्वीकृति की सभी शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करता है। इसी तरह, सभी पात्र खातों में सूचीबद्ध सनदी लेखाकारों द्वारा आवधिक स्टॉक तथा प्राप्य राशियों की लेखापरीक्षा कर बैंक को प्रभारित आस्तियों की गुणवत्ता की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

कम कीमती अग्रिमों की निगरानी के लिए आंचलिक केन्द्र पर संग्रह यंत्रावली रखा गया है। इस क्रियावली के अंतर्गत, देय ब्याज/किश्तों की सूचना अग्रिम रूप से ग्राहकों को दी जाती है। देय तिथि से 15 दिनों तक यदि किश्त अदा नहीं की जाती है तो वसूली के लिए नियमित अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है।

ग्राहक रिश्ता प्रबंधन (सीआरएम) का कार्यान्वयन प्रक्रियाधीन है जिसमें एक संग्रह प्रबंधन माड्यूल सम्मिलित रहेगा जो अदत्त खातों के दिनों की संख्या पर आधारित दोषियों पर नज़र रखने के लिए है। इससे कॉल तथा एसएमएस के द्वारा अनुवर्ती कार्रवाई, अनुवर्ती कार्रवाई की अनुसूची तथा आश्वासित वसूली की निगरानी की जाएगी।

शाखा नेटवर्क एवं विस्तार

भौगोलिक तौर पर भारत तथा विदेशों में बैंक का काफी विस्तृत शाखा नेटवर्क है। 31 मार्च 2015 के अनुसार भारत में बैंक की 4892 शाखाएं हैं। विश्व के सभी महत्वपूर्ण वित्तीय केन्द्रों तथा सभी टाइम ज़ोनों में 25 शाखाओं और 31 प्रतिनिधि कार्यालयों द्वारा बैंक की उपस्थिति दर्ज कराते हैं।

वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक ने 242 नई शाखाएं खोली जिसमें पूर्ण शाखा में परिवर्तित एक विस्तार पटल और एक नया खोला गया विस्तार पटल भी शामिल हैं।

बैंक के शाखा नेटवर्क का ब्योरा निम्नानुसार है:

श्रेणी	31.03.2014		31.03.2015	
	शाखाओं की संख्या	कुल का %	शाखाओं की संख्या	कुल का %
महानगरीय	837	18.00	863	17.64
शहरी	789	16.96	821	16.78
अर्धशहरी	1,258	27.05	1,317	26.92
ग्रामीण	1,766	37.97	1,891	38.65
कुल शाखाएं	**4,650**	**100**	**4,892**	**100**

भारिबैं की शाखा प्राधिकरण की उदारीकृत नीति के अनुपालन में, कुछ शाखाओं को वैकल्पिक स्थानों पर स्थानांतरित किया गया और अच्छा कार्यनिष्पादन दिखाने वाले एवं स्थानगत लाभ वाले विस्तार काउंटर को पूर्ण परिचालित शाखा में तबदील कर दिया गया। आने वाले वर्ष में भी यह नीति लागू किए जाने का विचार है। भारिबैं ने अपने परिपत्र सं.डीबीओडी.सं.बीएपीडी.बीसी.60/22.01.001/2013-14 दिनांक 21.11.2013 द्वारा अपनी शाखा प्राधिकरण नीति को अधिक उदार करते हुए बैंकों को बिना पूर्व अनुमति के टियर-1 से टियर-6 में शाखा खोलने की अनुमति दी है; बशर्ते की उनकी रिपोर्टिंग की जाए। बैंक ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए अंचलों को उपरोक्त श्रेणी में शाखाएं खोलने हेतु प्रस्ताव भेजने को कहा है।

एक नज़र में स्थिति

वर्षांत तक	31.03.2014	31.03.2015
शाखाओं की संख्या	4,702	4,948
विदेशी	56	56
भारतीय	4,646	4,892
जिनमें से		
महानगरीय	837	863
शहरी	789	821
अर्धशहरी	1,258	1,317
ग्रामीण	1,766	1,891
कंप्यूटरीकृत शाखाएं	4,650	4,892
संपूर्ण कंप्यूटरीकृत	4,650	4,892
आंशिक कंप्यूटरीकृत	--	--
विशेषीकृत शाखाएं	271	271
विस्तार काउंटर	36	36

घरेलू मार्केट में ग्राहकों की विभिन्न श्रेणियों की विशिष्ट वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक ने 271 विशेषीकृत शाखाएं खोली हैं । इन शाखाओं का ब्रेक अप निम्नानुसार है:

क्रम	विशेषीकृत शाखाओं की श्रेणी	31.03.2014	31.03.2015
1	एसएमई शाखाएं	100	100
2	ओवरसीज़ शाखाएं	03	03
3	बृहत कॉर्पोरेट बैंकिंग शाखाएं	10	10
4	मिड-कॉर्पोरेट शाखएं	42	42
5	एन.आर.आई शाखाएं	06	06
6	वसूली शाखाएं	15	15
7	वाणिज्यिक एवं व्यक्तिगत बैंकिंग शाखाएं	26	26
8	ट्रेज़री शाखाएं	01	01
9	आवास एवं व्यक्तिगत वित्तपोषण शाखाएं	24	24
10	सरकारी कारोबार शाखाएं	01	01
11	बुलियन बैंकिंग शाखाएं	01	01
12	सेवा शाखाएं	41	41
13	केंद्रीकृत पेंशन प्रॉसेसिंग शाखाएं	01	01
	कुल	**271**	**271**

रिटेल कारोबार केंद्र (आरबीसी) शामिल

विपणन

विपणन बैंक का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जो वर्तमान ग्राहकों की सेवा करता हुआ नए ग्राहकों का अभिग्रहण करता है और मूल्यवर्धन के लिए ग्राहक केन्द्रिक प्रक्रियाओं का निर्माण करता है।

बैंक ने हाल ही में विपणन स्थापना को पुनर्गठित किया गया है। नया विपणन स्थापना जमाराशि संग्रहण (सरकारी जमाराशि तथा ट्रस्ट, एसोसिएशन, क्लब एवं सोसायटी टीएएससी), रिटेल तथा एसएमई अग्रिम, वैकल्पिक सुपुर्दगी चैनल (एडीसी), उत्पाद, तृतीय पक्ष उत्पादों की बिक्री आदि पर केन्द्रित है। विपणन स्टाफ शाखाओं में रिटेल कारोबार केन्द्र सहित नियुक्त/सहबद्ध किए गए हैं तथा आंचलिक कार्यालय के विपणन प्रमुख (उप आंचलिक प्रबंधक) के अंतर्गत कार्य करते हैं।

विपणन टीम को सशक्त बनाने के लिए, पिछले वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2015 तक के दौरान 162 विपणन एक्ज्यूकिटिव की नियुक्ति बैंक ने की है, केन्दिरीकृत विपणन प्रयासों के लिए 534 से अधिक विपणन एक्ज्यूकिटिव हैं।

वर्ष 2014-15 के दौरान प्रमुख पहल :

- **प्रशिक्षण :** सभी अंचलों के विपणन प्रमुख के लिए प्रबंधन विकास संस्थान (एमडीआई), बेलापुर में कार्यशाला आयोजित की गई।
- **कौशल विकास/उत्पाद वृद्धि :** बैंक के नवीनतम विकासों के बारे में विपणन टीम को अद्यतन रखने के लिए तथा उत्पाद ज्ञान में वृद्धि करने के लिए, साप्ताहिक ऑनलाइन उत्पाद ज्ञान का टेस्ट लिया जाता है।
- **ब्रांड गतिविधियां :** छवि निर्माण/ब्रांड निर्माण के लिए जनवरी 2015 माह के दौरान स्टेंडर्ड चार्टर्ड मुंबई मरेथान में बैंक ने भाग लिया। फरवरी 2015 माह के दौरान बैंक आईएल एंड एफएस दौड़ का एक सह-प्रयोजक था तथा लवासा वुमेन ड्राइव में सहभागी रहा।
- **कारोबार विकास गतिविधियां :** विपणन टीम कारोबार विकास गतिविधियों पर केन्द्रित रहती है जिसमें कासा सहित रिटेल आस्तियां तथा रिटेल देयताएं के क्षेत्र में विशेष है। डायमंड तथा प्लेटिनम खाताधारकों के साथ वर्तमान रिश्ते को बढ़ाना तथा नए खाते जोड़ने का दबाव रहता है।
- **लीड मैनेजमेंट सिस्टम :** बैंक के सभी विपणन स्टाफ के लिए एलएमएस सॉफ्टवेयर अनिवार्य कर दिया गया है। यह सिस्टम प्रभावशाली ढंग से अनुवर्ती कार्रवाई, ट्रैक्स, क्लासेस को ग्रहण करता है तथा विभिन्न स्तरों पर जनरेट हुए लीड्स का विश्लेषण करता है। अंचल के प्रमुख अधिकारियों के लिए कार्यशाला आयोजित की जाती है।
- **अभियान/पहल :** बैंक के लिए कारोबार एकत्र करने के लिए कासा, रिटेल मियादी जमा तथा रिटेल ऋण के लिए विभिन्न अभियान/पहल आरम्भ किया गया। वित्तीय वर्ष के दौरान विभिन्न तृतीय पक्ष उत्पादों के लिए पुरस्कार तथा पहचान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रचार एवं जनसंपर्क

शीर्ष प्रबंधन के सक्षम दिशानिर्देश के अंतर्गत अखिल भारतीय स्तर पर हमारे बैंक की छवि तथा बैंक के विभिन्न उत्पादों की दृश्यता में वृद्धि के लिए बैंक के प्रचार तथा जनसंपर्क विभाग ने विभिन्न मल्टी-मिडिया कार्पोरेट अभियान आरम्भ किया। मिडिया योजना को निष्पादित करने के लिए, हमारे अनुमोदित थीम का आधार रिश्तों की जमापूंजी जारी रहेगी। कार्पोरेट टीवीसी यथा पिगि बैंक, युगल, मित्र, बस आदि के अतिरिक्त नया टीवीसी गृह ऋण, वाहन ऋण तथा ई-उत्पाद (तत्काल राशि अंतरण (आईएमटी), मोबाइल बैंकिंग) को विभिन्न समाचारों तथा जीईसी टीवी चैनल पर प्रसारित किया गया। मल्टीप्लेक्स सिनेमा में स्क्रीन गतिविधियों, रेडियो चैनल तथा डिजिटल विज्ञापन के द्वारा विभिन्न वेबसाईट जैसे मनीकन्ट्रोल डॉट कॉम, बिजनेस सैंडर्ड डॉट कॉम, इंडिया इन्फो लाईन आदि को सक्रिय किया गया। प्रिंट मिडिया जैसे इन विज्ञापनों को प्रमुख राष्ट्रीय/क्षेत्रीय दैनिकों तथा शीर्ष पत्रिकाएं जैसे इंडिया टूडे, बिजनेस टूडे, आउटलुक, गृहशोभा आदि में प्रकाशित कर हमारे बैंक के उत्पादों के प्रसार अभियान को संचालित किया गया। महत्वपूर्ण स्थानों जैसे रेल्वे स्टेशन, एयरपोर्ट तथा महानगरों तथा अन्य केन्द्रों के उच्च पथों पर ओओएच गतिविधियों का होर्डिंग/बिलबोर्ड/गैन्ट्रिज़ आदि द्वारा विज्ञापनों के लिए भी यही कार्यनीति दर्शाई गई। इस प्रसार के पहल को अच्छी सफलता मिली तथा कार्पोरेट छवि के साथ-साथ बैंक के उत्पादों के प्रचार तथा उसे स्थापित करने में वृद्धि हुई। इस अभियान के अतिरिक्त विभाग हमारे खुदरा गतिविधियों का प्रचार करता है जैसे रियल इस्टेट में निवेश, कार खरीदना, उपभोक्ता वस्तुएं तथा ई-उत्पादों का प्रचार ब्रांड तथा उत्पाद की दृश्यता में वृद्धि के लिए बैंक ने विभिन्न गतिविधियों को प्रयोजित किया जैसे बड़े बहु शृंखला स्टोर में कुछ गतिविधियों में विज्ञापन, विभिन्न खेलों की सुपर सिरिज में विज्ञापन, तीर्थयात्रियों के लिए शेड का विकास तथा निर्माण, कारोबारी तथा संस्थाओं के अन्तर्राष्ट्रीय सभा आदि। राज्य सरकारों के वृहद सांस्कृतिक गतिविधियों में विभिन्न धार्मिक/महाविद्यालय/विद्यालय को आयोजनों में, रियल इस्टेट तथा आवास वित्तपोषण एक्स्पो, आईएल एंड एफएस मेरेथॉन, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के ड्रीम रन, मेडिकल एसोसिएशन एंड कैंसर केयर फाउन्डेशन के डॉक्टरों द्वारा मुंबई में स्वास्थ्य की सावधानियां थीम पर केन्द्रित कान्फ्रेन्स में बैंक की सहभागिता। विभिन्न प्रकाशनों द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय निवेशक कॉन्क्लेव में बैंक ने सहभागिता की। इंडियन चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स में आयोजित विभिन्न आयोजनों में विज्ञापन प्रदर्शन, भारतीय बैंक संघ - एफआईसीसीआई, एफआईबीएसी 2014, गांधीनगर (गुजरात) में आयोजित प्रवासी भारतीय दिवस तथा वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन 2015 के प्रमुख प्रयोजक बैंक था तथा एसोचेन आदि में बैंक की सहभागिता रही। हमारी सहभागिता देवोस में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग परिचालन सेमिनार आईबीए - एसआईबीओएस 2014 में रही तथा बैंक की दृश्यता में वृद्धि के लिए तथा अपने समकक्ष बैंकों के ब्रांड छवि को बढ़ाने के लिए कई अन्य गतिविधियां की गई। विभाग ने सफलतापूर्वक बैंक के स्थापना दिवस उत्सव आयोजन तथा प्रेस तथा विश्लेषक बैठक, वार्षिक आम सभा (एजीएम) तथा असामान्य आम बैठक (ईजीएम) का आयोजन किया।

परिचालनात्मक श्रेष्ठता

ग्राहकों के प्रति वचनबद्धता

बैंक भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) का 2006 में उसकी शुरूआत से ही, स्वैच्छिक सदस्य रहा है। इसके पीछे बैंक का यह मकसद रहा है कि वह एक पारदर्शी तरीके में उच्च स्तर की सेवा मुहैया कराने की अपनी ग्राहक उन्मुखता और वचनबद्धता पर बल दे और ग्राहकों को सुविज्ञ निर्णय लेने के लिए आवश्यक जानकारी मुहैया कराए। भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड ने 2009 और 2014 में कोड को परिशोधित किया था और इसे बैंक द्वारा अंगीकार किया गया है और बैंक कस्टमर कॉपी 2014 को वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है। परिशोधित कोड की करीब 1 करोड़ प्रतियाँ ग्राहकों की सूचना के लिए संवितरित की गयी हैं।

बैंक ने आईबीए द्वारा बनायी गयी विभिन्न ग्राहक केन्द्रित नीतियों जैसे - जमाराशि नीति, चेक वसूली नीति, शिकायत निवारण नीति, क्षतिपूर्ति नीति, देयों की वसूली एवं प्रतिभूति पुन: अधिग्रहण नीति,ग्राहक अधिकार नीति, ग्राहक स्वीकार्यता, देखभाल और विच्छेद को अपनाया हैं। दिवंगत घटकों के मामले में सेफ कस्टडी और एसडीवी लॉकर्स से वस्तुओं की सुपुर्दगी के लिए और दिवंगत जमाराशि खाते में देय के निपटान की प्रक्रिया को सरलीकृत किया है।

बैंक ने वर्ष के दौरान शाखाओं में ग्राहक सेवा को बेहतर करने के लिए निम्नलिखित पहल किए हैं :

- समग्र भारतवर्ष में स्टांफ प्रशिक्षण केन्द्रों पर चलाए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के सभी सहभागियों को एक लघु फिल्म दिखाई जा रही है यह फिल्मक वांछित स्टाफ व्यवहार पर है और पूरी फिल्मक बैंक परिसर में ही बनाई गयी है।
- समस्यौ वाले क्षेत्रों की पहचान के लिए शिकायतों के मूल कारण का विश्लेषण तिमाही अन्तरालों में किया जा रहा है और विचार और अपग्रेड करने के लिए सुधारात्मक कदम आरंभ किए जा रहे हैं।
- आंचलिक कार्यालयों को अपने स्तर पर कारणों का विश्लेषण करने और शिकायत निवारण समय को कम करने, नाजुक क्षेत्रों की पहचान करने, त्वरित सुधारात्मक कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया गया है और इस प्रकार ये ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने में सहायक होगी ।
- संसूचना के इलेक्ट्रानिक रूप के प्रयोग पर संवर्द्धित बल देने से शिकायतों के लिए

प्रतिक्रिया समय अधिकांश मामलों में 10 दिनों तक में सीमित किया गया है।

- वेब आधारित ग्राहक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीसीएमएस) को शिकायत निवारण में प्रतिक्रिया समय को कम करने और समय पर निवारक उपाय उठाने में सहायता के लिए विश्लेमषणक रिपोर्ट जनरेट करने के लिए रीवेंप किया गया है।
- शाखाओं द्वारा विभिन्न ग्राहक मैत्रीपूर्ण उपायों के अनुपालन का आवधिक मूल्यांकन आंचलिक लेखा परीक्षा कार्यालयों के अधिकारियों के दौरे द्वारा किया जाता है और तत्पश्चात आवश्यक सुधारात्मक कदम तत्काल उठाएँ जाते हैं।
- आरबीआई की क्ली न नोट पॉलिसी नूतन नोट छटाई मशीन/नोट अधिप्रमाणन मशीन के जरिए क्रियान्वित की जा रही है।
- अनिवार्य रूप से अपेक्षित सभी ग्राहक केन्द्रित सूचना ग्राहकों के फायदे के लिए वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाती है और शाखाओं में भी उपलब्धक करायी जाती है।ग्राहकों को उनकी शिकायतें भेजने के लिए ई-मेल, फोन सहित, विभिन्न चैनल उपलब्ध हैं ।
- बैंक सभी शाखाओं में पर्सनलाइज्ड चेक बुक जारी कर रहा है।
- बैंक ने सभी शाखाओं में वेलकम किट उपलब्ध करवा दिया है ताकि बिना किसी प्रतीक्षा अवधि के ग्राहकों को नया खाता खोलते समय ही एटीएम कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।
- बैंक का आधिकारिक फ़ेसबुक पेज है जिसपर ग्राहकों के शिकायतों के समाधान के लिए पोस्ट और प्रकट किए गए विचारों की निगरानी रखी जाती है।
- ग्राहकों के लिए आईवीआर सुविधा सहित कॉल सेन्टर उपलब्ध हैं।

जोखिम प्रबंधन और नियंत्रण

बैंक द्वारा की जानेवाली प्रत्येक कारोबार गतिविधि में जोखिम निहित है। बैंकिंग गतिविधियां हमें बड़ी संख्या में जोखिम में रखती है जैसे ऋण, विपणन, नकदी, परिचालनात्मक कार्यनीति, अनुपालन, प्रतिष्ठा का जोखिम आदि। बैंक को इन जोखिमों को संभालना पड़ता है तथा लंबी अवधि के परिणामों को व्यापकता प्रदान करने के लिए आस्तियों की समग्रता तथा अर्जन की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना पड़ता है।

जोखिम के लिए बैंक अपनी क्षमताओं का मूल्यांकन करता है तथा क मजबूत तथा लचीला वित्तीय स्थिति को बनाए रखने का प्रयास करता है। अपने ग्राहकों, कर्मचारियों तथा शेयरधारकों में अपनी प्रासंगिकता तथा मूल्य को बनाए रखने के लिए बैंक अपना ध्यान केंद्रित करता है। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए, यह व्यापक जोखिम प्रबंधन संवर्धन के लिए प्रयासरत रहता है तथा शासन प्रणाली को कार्यान्वित करता है तथा उस संवर्धन को सशक्त करने के लिए नियंत्रण के उपाय करता है। तदनुसार, जोखिम नियंत्रण कार्य का उद्देश्य केवल जोखिम को न्यूनतम करना नहीं है बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि संस्था उपायों को उचित ढंग से पहचाने तथा जोखिम को संभाले और इन सभी प्रयासों पर यथोचित रिपोर्टें तैयार करे जिससे कि हुए जोखिम का खतरा परिचालन की क्रमबद्धता को प्रभावित न कर सके।

इसे ध्यान में रखकर बैंक ने ऐसी कार्यप्रणाली स्थापित की है जिससे व्यक्तिगत आधार पर संबंधित जोखिम का अविरत मूल्यांकन सुनिश्चित किया जा सके तथा विभिन्न जोखिमों के प्रबंधन के लिए शीर्ष कार्यपालकों की परिचालनात्मक स्तरीय समिति द्वारा समर्थित शीर्ष स्तर पर बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति सहित बैंक जोखिम प्रबंधन के समग्र जोखिम स्थिति बोर्ड चालित कार्य है। जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया विभिन्न चरणबद्ध है जैसे पहचान, मापन, निगरानी तथा नियंत्रण जो बृहद उद्यम जोखिम प्रबंधन, ऋण जोखिम प्रबंधन, परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन, बाजार जोखिम प्रबंधन, डेरिवेटिव, एएलएम, विदेशी विनिमय तथा डीलिंग रूम परिचालन को कवर करती है। इन चरणों में नियंत्रण चक्र निहित है, जिसमें प्रतिपुष्टि तथा फीड अग्रेषण लूप सन्निहित हैं। परिचालनात्मक स्तरीय जोखिम समिति तथा टास्क फोर्स द्वारा सभी गतिविधियों तथा उत्पादों में पहचान, मापन, निगरानी तथा न्यूनीकरण के सभी संभावित जोखिमों विस्तृत विश्लेषण तथा विविक्षा की जाती है। तिमाही आधार पर बैंक का जोखिम रूपरेखा की जाती है। जोखिम पहचान के निर्धारण/मापन के लिए विभिन्न साधन तथा प्रणाली हैं जैसे विवेकपूर्ण सीमाएं, नया बेसल शिकायत ऋण निर्धारण मॉडल, ऋण लेखा, बाज़ार जोखिम के लिए वीएआर मॉडल, परिचालनात्मक जोखिम के लिए प्रमुख जोखिम संकेतक का पता लगाने सहित स्वंय-निर्धारण प्रक्रिया।

कार्यान्वित विश्लेषण के लिए व्यापक आंकड़े प्रदान करने के लिए बृहद उद्यम डाटा वेयरहाउस के लिए बैंक में अपने डाटा वेयरहाऊस को उन्नत करना आरम्भ किया। अपने जोखिम प्रबंधन प्रणाली को उन्नत करने के लिए तथा पूर्णता और आंकड़ों की गुणवत्ता को विकसित करने के लिए बैंक ने ऋण जोखिम प्रबंधन सॉफ्टवेयर लागू किया। दिनांक 31.03.2008 से भारिबैं के दिशानिर्देशों के अनुसार परिचालन जोखिम के लिए ऋण तथा बाज़ार जोखिम और मूल संकेतक पहुंच के लिए मानक पहुंच पर आधारित नए पूंजी पर्याप्तता ढांचा (बासेल खख) के अन्तर्गत संगणना को बैंक ने माइग्रेट किया। विभिन्न जोखिमों, इसके जोखिम धारित क्षमता की सीमा तथा जोखिम और जोखिम वहन क्षमता के संबंध में आंतरिक पूंजी के उचित स्तर के निर्धारण/मापन के लिए वार्षिक आधार पर आंतरिक पूंजी पर्याप्तता निर्धारण प्रक्रिया (सीएएपी) बैंक ने आरम्भ किया। चरमसीमा परिस्थितियों में संभावित प्रभाव को बैंक को बेहतर समझने के लिए जोखिम निर्धारण वृद्धि के लिए दबाव जांच प्रक्रिया कार्यरत है।

परिचालन जोखिम हेतु मानक पहुंच (टीएसए) तथा ऋण जोखिम के अन्तर्गत पूंजी प्रभार संगणन के लिए फाउन्जेशन इन्टर्नल रेटिंग बेस्ड (एफआईआरबी) को माइग्रेट करने के लिए भारिबैं से अनुमति बैंक को प्राप्त हो चुकी है। जोखिम प्रबंधन प्रणाली के प्रभावशीलता तथा मज़बूती में वृद्धि करने के लिए आंतरिक मॉडल पहुंच (आईएमए) को माइग्रेट करना अंतिम चरण में है। बैंक का ब्रॉंड, साख तथा आस्तियों को बनाए रखने के लिए आंतरिक नियंत्रण को सशक्त करते हुए बैंक कारोबार में गतिवर्धन में धोखाधड़ी जोखिम से बचने के लिए बैंक ने स्पष्ट उद्देश्यों सहित धोखाधड़ी जोखिम से बचने के लिए बैंक ने स्पष्ट उद्देश्यों सहित धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन प्रणाली स्थापित किया है। भारिबैं के बासेल खखख दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक पूंजी पर्याप्तता अनुपात का संगणन भी कर रहा है। बैंक की सूचना सुरक्षा प्रणाली तथा प्रक्रिया सुदृढ़ है। वास्तविक समय सुरक्षा प्रयासों/घटनाओं की 247 आधार पर निगरानी के लिए बैंक ने कई सूचना सुरक्षा परियोजनाओं को बैंक ने लागू किया है। कैप्टिव सुरक्षा परिचालन केन्द्र (एसओसी) को बैंक आरम्भ कर रहा है। बैंक आईएसओ 27001, पीसीआई-डीएसएस 2.0 तथा बीएस25999 प्रमाणित है। डाटा केन्द्र तथा कोषागार शाखा के लिए भी बैंक आईएसओ 22301 प्रभावित है।

धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन

धोखाधडी जोखिम प्रबंधन विभाग के मुख्य कार्य हैं:

- धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग और निगरानी
- धोखाधड़ी पर केन्द्रीयकृत डेटा का रखरखाव
- किए गए तथा प्रयास किए गए धोखाधड़ी का विश्लेषण
- धोखाधड़ी में निहित रकम का प्रावधानीकरण और लेखांकन
- धोखाधडी निवारक पर प्रशिक्षण के जरिए स्टाफ को सुग्राही बनाना।
- बैंक के लिए एफआरएम नीति तैयार करना और क्रियान्वयन करना।
- प्रधान कार्यालय में धोखाधड़ी के टास्क फोर्स की बैठक आयोजित करना।
- धोखाधड़ी खातों में वसूली के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- सिस्टम, कार्यविधियों और प्रथाओं की कमियां जिसके कारण धोखाधड़ी हो रही हैं उन्हें बंद करना।
- परिपत्रों/अनुदेशों के जरिए धोखाधड़ी की कार्य-प्रणाली और घटने के कारणों की जानकारी देना ताकि उस प्रकार के धोखाधड़ी को पुन: घटने से रोका जा सके।

  धोखाधड़ी के कारण हुए नुकसान के बीमा दावा से सभी पक्षों का प्रबंधन।
- आराआईएमएस, एक बाह्य एप्लीकैशन, की सहायता से जेनरेट किए गए अलर्ट की ऑनलाइन निगरानी

मानव संसाधन विकास

किसी भी संस्था के विकास में मानव संसाधन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मानव प्रबंधन का सिलसिला नियुक्ति प्रक्रिया से शुरू होता है तथा विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रशिक्षण, स्थापन, कार्यनिष्पादिन समीक्षा, पदोन्नति आदि से होकर गुजरती है। स्पंदनशील संगठनात्मक संस्कृति के सृजन में मानव संसाधन विभाग की एक महत्वपूर्ण भूमिका है जिसके जरिए कर्मचारियों को अपने सर्वोत्कृष्ट कार्य-निष्पादन के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया जाता है।

नीतियां, भर्ती और पदोन्नति

कॉर्पोरेट लक्ष्यों की प्राप्ति में मानव संसाधन प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंकिंग जैसे सेवा आधारित उद्योग में, त्वरित एवं दक्षतापूर्ण सेवा पर ही सफलता निर्भर होती है जिसे सही प्रतिभावान व्यक्तियों की भर्ती, ग्रूमिंग और सही प्लेसमेंट से हासिल किया जा सकता है। पूरे बैंकिंग उद्योग में स्टाफ की कमी की समस्या है और बैंक लिपिकीय एवं अधिकारी वर्ग में कर्मचारियों की भर्ती हेतु भरसक, प्रयत्न कर रहे हैं। सेवा निवृत्त हो रहे कर्मचारियों के बदले युवा कर्मचारियों की भर्ती हेतु सक्रिया प्रयास किए जा रहे हैं। युवा अभ्यतर्थियों द्वारा ग्रामीण तैनाती स्वीकार न करने, मौद्रिक क्षतिपूर्ति, संबंधित बैंकों में अत्यधिक स्टाफ की कमी के कारण सभी पीएसबी द्वारा एक साथ भर्ती प्रक्रिया शुरु करने, आदि निहित अवरोधों के बावजूद बैंक इसमें सफल हो सकता है। आने वाले वर्षों में अधिकांश पीएसबी, आईबीपीएस द्वारा आयोजित आम भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती करेंगे जिससे बैंकों में नए भर्ती हुए कर्मचारियों द्वारा बैंक छोड़ने की घटनाओं में गिरावट आएगी।

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान विभिन्न वेतनमानों में सामान्य बैंकिंग एवं विशेषज्ञ प्रवर्ग में 1720 अधिकारियों तथा लिपिकीय संवर्ग में 2448 कर्मचारियों की भर्ती की है।

बैंक ने 1993 सामान्य बैंकिंग अधिकारियों और 3995 लिपिकीय स्टाफ की भर्ती हेतु, कदम उठाए हैं। यह आशा की जाती है कि शाखा विस्तार/कारोबार विस्तार के साथ-साथ सेवानिवृत्ति /वीआरएस के कारण उत्पन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए नए भर्ती हुए लिपिक और अधिकारी वित्तीय वर्ष 2015-16 की पहली तिमाही में रिपोर्ट करेंगे।

एचआर के क्षेत्र में किए जाने वाले अन्ये पहल निम्नानुसार हैं :-

- ★ बैंक की मैनपावर अपेक्षाओं का वैज्ञानिक आकलन जैसे मानव संसाधनों की मदों में पूर्ण समाधान उपलब्ध कराने हेतु और अधिक एचआरएमएस मोड्यूल्स (गतिविधियों) को शामिल और समेकन किये गये हैं;
- ★ वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन प्रणाली का सरलीकरण;

  पदोन्नति नीति को और वस्तुनिष्ठ बनाने और वर्तमान अपेक्षाओं के अनुरुप उसे सुयोग्य बनाने हेतु उसकी समीक्षा;
- ★ महाप्रबंधक (मा.सं.) द्वारा एचआर पहल संबंधित सुझावों के विनिमय, एचआर नीतियों को तात्कालिक बनाने के लिए नियमित रूप से स्टारडेस्क देखा जा रहा है;
- ★ ऋण, फॉरेक्स, विपणन, वसूली जैसे क्षेत्रों में विशेष कुशलता प्राप्त अधिकारियों की पहचान के द्वारा 'टैलेन्ट बैंक' की शुरुआत।
- ★ अधिकारियों के लिए पात्रता शर्तों में ढील देते हुए त्वरित पदोन्नकति प्रक्रिया की शुरुआत;
- ★ कर्मचारियों के लिए, ग्रूप सेविंग्स लिंक्ड इन्स्योरेन्स, डेथ रिलीफ स्कीम, कर्मचारियों के बच्चों के लिए शिक्षा व्यय प्रतिपूर्ति योजना, नकदरहित उपचार हेतु विभिन्नि अस्पतालों के साथ गठबंधन व्यवस्था, सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए चिकित्सा सहायता, जैसे विभिन्न कल्याण उपाय कार्यान्वित किए जा रहे हैं।

अध्ययन एवं विकास प्रभाग

कर्मचारियों के कौशल विकास द्वारा विजेता टीम तैयार करना संस्थागन के कार्य का महत्वरपूर्ण अंग है। उपयोक्त के अनुरूप और हमारे बड़े मानव संसाधन पूल के सही सामर्थ्यन का पूरा लाभ उठाने की आवश्यकता को पहचानते हुए, 17.01.2015 को एक अलग प्रभाग अध्ययन एवं विकास का गठन किया गया है।

अध्ययन एवं विकास प्रभाग अपने लगातार शिक्षण एवं विकास कार्यक्रमों तथा मॉड्यूल्स के जरिये कर्मचारियों को अपने सर्वोत्कृष्ट कार्य-निष्पादन के लिए प्रोत्साहन देता है और प्रेरित करता है। कर्मचारियों की क्षमता में वृद्धि और विभिन्न खण्डों में ग्राहकों की बदलने वाली कारोबारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्हें सही कौशल और ज्ञान से सज्जित करने में उत्प्रेरक का कार्य करता है।

प्रशिक्षण नीति की व्या पक समीक्षा की गई और संशोधित नई नीति को बोर्ड द्वारा 12.3.2015 को अनुमोदन प्रदान किया गया।

पूरे देश में बैंक के छ: प्रशिक्षण महाविद्यालय है। प्रबंधन विकास संस्थारन (एमडीआई), सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई, चार प्रशिक्षण महाविद्यालय (एसटीसी) रणनीतिक स्थान भोपाल, चेन्नै , नोएडा और कोलकाता में है और एक सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण केन्द्रल (आईटीटीसी) पुणे में है।

वर्ष 2014-15 के दौरान अध्ययन एवं विकास प्रभाग द्वारा निष्पौदित की गई गतिविधियां :-

- ★ वर्ष के दौरान हमारे बैंक के 23,980 स्टाफ सदस्यों और अन्य संस्थानों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के 1165 स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया।
- ★ वर्ष के दौरान सभी 2845 नये भर्ती लिपिकों के लिए 15 दिनों का इंडक्शंन प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारे सभी प्रशिक्षण केन्द्रोंष पर आयोजित किया गया। नये सिधे भर्ती अधिकारियों के लिए 1 महीने का इंडक्शंन प्रशिक्षण कार्यक्रम बैंकर क्रोशन्टक-कोयम्बतत्तूर और नोएडा कैम्पस में आयोजित किया गया। बैंकर क्रोयशन्टा में कुल 1579 डीआरओ को प्रशिक्षण दिया गया।
- ★ पहली बार शाखा प्रबंधकों (FTBM) के लिए विशिष्ट रूप से निर्मित कार्यक्रम NIBM पुणे और बैंक क्रोओशन्टल - कोयम्बत्तोर और नई दिल्ली कॅम्पस में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न अंचलों के 250 नव तैनात शाखा प्रबंधकों को प्रशिक्षण दिया गया।
- ★ अनुशासनिक प्राधिकारियों हेतु ''सतर्कता प्रशासन के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण और सार्वजनिक प्रोक्योर्मेंट'' में निवारक सतर्कता कार्यक्रम का आयोजन भारतीय रिज़र्व बैंक के भूतपूर्व महाप्रबंधक श्री आर.राधाकृष्णेन, प्रसिद्ध वक्ता के सहयोग से किया गया, जिसमें 76 अधिकारियों ने भाग लिया।
- ★ एलसीबी और एमसीबी में कार्यरत 50 क्रेडिट अधिकारियों के लिए मेसर्स : CRISIL रिसर्च के सहयोग से ऋण मूल्यांएकन और समय पूर्व चेतावनी सिग्रअल पर कार्यकारी (इग्जेक्योटिव) प्रशिक्षण आयोजित किया गया ।
- ★ आईटीईएस और एडीसी पर विशेष कार्यक्रम प्रत्येसक अंचल से एक आईटी अधिकारी को नामित करते हुए किया गया, जो संबंधित अंचल के इन मुद्दों से संबंधित मामलों में प्रभारी था।
- ★ सभी नये पदोन्नत सहायक महाप्रबंधकों और उप महाप्रबंधकों (जिन्होंने इस तरह के कार्यक्रम में पहले भाग नहीं लिया हो) हेतु नेतृत्व और परिवर्तन प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन एएससीआई हैदराबाद में आयोजित किया गया जिसमें 88 अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- ★ वर्ष के दौरान कमज़ोर प्रदर्शन करने वाले स्केल IV और V के शाखा प्रमुखों हेतु प्रसिद्ध वक्ता संजय सहाय के माध्यम से प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें 108 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।
- ★ संगठन मेसर्स, स्किल एडज के माध्यम से मुंबई उत्तर, मुंबई दक्षिण, गोवा के स्टाफ सदस्योंज के लिए विपणन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- ★ हैदराबाद अंचल में बीओएफ में तैनात सभी स्टाफ सदस्यों को आईबीएस हैदराबाद में प्रशिक्षित किया गया और मुंबई उत्तर, दक्षिण और नवी मुंबई अंचलों को मुंबई के वेलिंगकर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में प्रशिक्षित किया गया।
- ★ आईआईबीएफ मुंबई से किए जाने वाले सभी पाठ्यक्रमों के लिए कोर्स की फीस की प्रतिपूर्ति हेतु परिपत्र जारी किया गया है।
- ★ बैंक की वेबसाइट पर सभी सेवानिवृत्ती कार्यपालकों की डेटा शीट मंगवायी गयी ताकि स्टाफ सदस्यों को स्थानीय प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अंचलवार सेवानिवृत्त कार्यपालकों का पैनल तैयार किया जाए।
- ★ ''तत्वलोक'' - ''दी स्पलेन्डर ऑफ ट्रूथ'' एक उच्च गुणवत्ता पत्रिका बैंक के 1000 मूल्यवान ग्राहकों के लिए सब्सक्राइब की गयी।
- ★ प्रबंधन पाठ्यक्रम करने वाले 431 छात्रों को हमारे बैंक में गर्मियों में इंटर्नशिप करने की अनुमति दी गई।
- ★ ई-लर्निंग को लोकप्रिय बनाने के लिए ज्ञान को व्यारपक स्त्र पर फैलाया गया। आज तक ई-लर्निंग के 75 मॉड्यूल को HRMS-ELM पैकेज में अपलोड किया गया।

आरक्षण नीति का अनुपालन

बैंक, भारत सरकार की आरक्षण नीति का पूर्णत: अनुपालन कर रहा है। प्रधान कार्यालय/आंचलिक कार्यालयों में विशेष भर्ती एवं एससी/एसटी कक्ष आरक्षण नीति के

कार्यान्वपयन और एससी/एसटी/ओबीसी कर्मचारियों से संबंधित शिकायतों के निवारण की निगरानी के लिए कार्यशील हैं।

आंतरिक प्रकाशन (गृहपत्रिका तारांगण एवं बीओआई गाइडिंग स्टार)

पिछले 50 वर्षों से हमारी गृहपत्रिका तारांगाण बैंक के आंतरिक संसूचना हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह बैंक के कर्मचारियों की वचनबद्धता बढ़ाने का एक माध्यम है। यह एक ऐसा मंच है जिसमें लेखों कविताओं, अनुभवों कार्टूनों इत्यादि के माध्यम से कर्मचारी अपनी सृजनशीलता को प्रदर्शित करते हैं। इसके अलावा, हमारी गृहपत्रिका में ग्राहकों की सफलता की कहानियां, ग्राहकों की सामाजिक उपलब्धियां के साथ देश और विदेश में स्थित अंचलों/शाखाओं/ कार्यालयों की सामाजिक, प्रचार-प्रसार और अन्य गतिविधियों को भी प्रकाशित किया जाता है। साथ ही स्टाफ सदस्यों और उनके परिवार के सदस्यों की उपलब्धियों भी सम्मिलित की जाती हैं। प्रत्येक अंचल में तारांगण से संबंधित कार्यों को देखने के लिए आंचलिक प्रतिनिधियों को नामित किया गया है। हालांकि, हमारी गृहपत्रिका का मूल उद्देश्य स्टाफ सदस्यों के बीच आंतरिक संसूचना हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है।

गृहपत्रिका तारांगण को प्राप्त पुरस्कार एवं सम्मान

वर्ष 2013 के दौरान बैंक गृहपत्रिका को विभिन्न प्रसिद्ध संस्थाओं से पुरस्कार प्राप्त हुए जिसमें गृहपत्रिका में 'ब्रांड उत्कृष्टता का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार' भी शामिल है। गृहपत्रिका को प्राप्त पुरस्कारों को विवरण निम्नानुसार है।

- ★ सिंगापुर में 31 जुलाई 2014 को संपन 5वें सीएमओ एशिया पुरस्कार सम्मेलन में सीएमओ एशिया द्वारा 'ब्रांड उत्कृष्टता का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार'।
- ★ 19 दिसंबर 2014 को उत्कृष्ट गृहपत्रिका श्रेणी के अंतर्गत पब्लिक रिलेशन सोसायटी आफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार (द्वितीय)
- ★ 13 नंवबर 2014 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उत्कृष्ट गृहपत्रिका श्रेणी के अंतर्गत 'तृतीय पुरस्कार'
- ★ 27 फरवरी 2015 को मुंबई में एसोसियेशन आफ बिजनेस कंपयूनिकेटस आफ इंडिया द्वारा विभिन्न श्रेणी मे 'फीचर्स लेंगवेज - कांस्य और विशेष कॉलम- स्वर्ण पुरस्कार'

कार्पोरेट जानकारी की पत्रिका 'बीओआई गाइडिंग स्टार' का आरंभ

मजबूत आंतरिक संसूचना का होना बहुत महत्वपूर्ण है। यह महसूस किया गया कि अन्य कार्पोरेट नेतृत्व के विचारों को सुनने और शेयर करने के लिए बाह्य संसूचना होनी चाहिए।

इस परिप्रेक्ष्य में एक नया कार्पोरेट नॉलेज मैगज़ीन 'बीओआई गाइडिंग स्टार' बैनकॉन 2013 के दौरान नवबंर, 2013 में आरंभ की गई जो बैंक और हाई प्रोफाइल के बीच अनन्य कार्पोरेट संसूचना है जिसमें भारत के प्रतिष्ठित विजन लीडर, संघ सरकार और आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों, कार्पोरेट कंपनियों के फ्रान्टलाइन सीईओ, सीएमडी, ईडी तथा वित्तीय क्षेत्र के एक्सपर्ट, प्रोद्योगिकी नेतृत्व, प्रबंधन गुरू, शिक्षक, आईआईएम, आईआईटी तथा प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों, आर्थिक पत्राकार तथा मीडिया शख्सियत, विज्ञापन तथा विपणन विशेषज्ञ और कला के शख्सियत शामिल है। इसके दो संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं और उद्योग जगत के नेताओं से अच्छी फीडबैक मिली है।

हाल ही में पत्रिका का पहला वर्षगांठ अंक प्रकाशित किया गया। कारपोरेट स्तर पर इस पत्रिका को प्रशंसा प्राप्त हुई है और यह अल्प समय में विभिन्न स्थानों पर अपनी पहचान बनाने में सफल हुई है। 19 दिसंबर 2014 को उत्कृष्ट गृहपत्रिका श्रेणी के अंतर्गत पब्लिक रिलेशन सोसायटी आफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार (द्वितीय) प्रदान किया गया तथा 27 फरवरी 2015 को मुंबई में एसोसियेशन आफ बिजनेस कंपयूनिकेटस आफ इंडिया द्वारा 'नए प्रकाशन' श्रेणी के अंतर्गत पुरस्कार प्रदान किया गया।

कुल स्टाफ संख्या (भारतीय) में एससी/एसटी/ओबीसी का प्रतिनिधित्व (भारतीय)

बैंक ने प्रधान कार्यालय में क्रमश: ओबीसी तथा एससी/एसटी के लिए मुख्य सम्पर्क अधिकारियों के रुप में महाप्रबंधक को नियुक्त किया है। एससी/एसटी/ओबीसी प्रवर्गों से संबंधित अधिकारी सम्पर्क अधिकारी/कक्ष अधिकारी के रुप में आंचलिक कार्यालयों में नियुक्त/ किए हैं।

मार्च 2015	अधिकारी	लिपिक	अधीनस्थ स्टाफ
अनुसूचित जाति	3386	2897	2812
भारतीय कार्यालयों में कुल स्टाफ का %	17.58	16.28	34.09
अनुसूचित जनजाति	1560	1807	872
भारतीय कार्यालयों में कुल स्टाफ का %	8.10	10.16	10.57
अन्य4 पिछड़ी जातियां	3168	2980	1553
भारतीय कार्यालयों में कुल स्टाफ का %	16.45	16.75	18.83
कुल	**19262**	**17790**	**8248**

विधि

बैंक का विधि विभाग एक मददकर्ता के रूप में कार्य करता है तथा प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभागों से उभरे विभिन्न मामलों में सलाह, प्रलेखीकरण, मुकदमेबाजी आदि कार्यों को करता है, इसके अतिरिक्त विभिन्न एनबीजी/अंचलों, भारतीय शाखाओं/ विदेशी शाखाओं तथा बैंक के अनुषंगियों के विभिन्न निर्दिष्ट मामलों के कार्य करता है। विशेषीकृत विभागों जैसे सूचना प्रौद्योगिकी/अन्तर्राष्ट्रीय/कोषागार/कार्ड उत्पाद आदि के विशिष्ट कार्यों जैसे मसौदा/विभिन्न संविदा के प्रलेखों की विविक्षा (वेटिंग)/ सेवा स्तर समझौता (एसएलए), (सॉफ्टवेयर/हार्डवेयर अधिप्राप्ति, विभिन्न प्रकार की तालमेल व्यवस्था/नए उत्पाद आदि) सूचना का अधिकार अधिनियम समाज में प्रमुख भूमिका निभा रहा है तथा विभिन्न स्तरों से बैंक को अनेकों आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। बैंक ने विभिन्न अंचलों/एनबीजी में केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी तथा अपील प्राधिकारी का चयन किया है। विधि विभाग के महाप्रबंधक अपील प्राधिकारी हैं जिसमें सभी विभागों से वांछित सूचना प्राप्त की जाती है तथा निर्धारित समय-सीमा 30 दिनों के अन्दर आवेदक को प्रदान किया जाता है तथा विशिष्ट बिंदुओं पर अन्य अंचलों/ एनबीजी को दिशानिर्देश प्रदान किया जाता है। स्टाफ के बीच जागरूकता निर्मित करने के दृष्टिकोण से स्टाफ में 'लीगल न्यूज लेटर' नियमित जारी किया जाता है तथा विधि विभाग द्वारा परिचालित किया जाता है इसके साथ समय-समय पर नवीनतम विधिक विकासों के बारे में परिपत्र जारी किया जाता है।

- बैंक द्वारा दायर मुकदमा के संबंध में वादपत्र का अनुमोदन।
- प्रसारण मामलों को साझा करना।
- बैंक के विरूद्ध फाइल याचिका, मामलों, अपील, दावों आदि को सूचित करना, जहां कहीं भी आवश्यक हो आवेदनों/हलफनामा की वेटिंग/विभिन्न अधिनियमों के विचाराधीन नए कानून/संशोधनों सहित विभिन्न मामलों पर मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक तथा भारतीय बैंक संघ के विभिन्न प्रश्नों को देखना।
- सूचना अधिनियम के अंतर्गत नागरिकों द्वारा किए गए अनुरोधों को देखना। इसमें अनुरोधों का संसाधन, संबंधित विभाग को उसे अग्रेषित करना तथा समयानुसार (30 दिनों में) उत्तर देना सम्मिलित है। यदि इन आदेशों के विरूद्ध अपील की गई तो अपील का प्रसंस्करण करना तथा समयानुसार उसका निपटारा करना। इसके अतिरिक्त, सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अंचलों तथा शाखाओं को विधि विभाग द्वारा दिशानिर्देश दिया जाता है। जहां कहीं भी आवश्यक है, पक्षों द्वारा दायर अपील की सुनवाई के लिए विधि विभाग सीआईसी के समक्ष उपस्थित होता है।

अनुपालन

बढ़ता हुआ ग्राहक आधार, कहीं भी और कभी भी महफुज़ और सुरक्षित मोड में बैंकिंग हेतु ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदें, बढ़ती उत्पाद प्रोफाइल, बढ़ते प्रौद्योगिकी और उभरते नियामक सुधारों हेतु अनुपालन जोखिम प्रबंधन के लिए बैंक में एक मज़बूत अनुपालन कार्य नीति का होना ज़रूरी है।

विनियामक के संदर्भ में अनुपालन काफ़ी महत्वपूर्ण है न सिर्फ ऊपर सूचीबद्ध मुद्दों के लिए बल्कि इसलिए भी कि विनियमों की संख्या बढ़ रही है और एक संस्था में अनुपालन की आवश्यकता के संबंध में बड़े पैमाने पर समझ की कमी है। इस प्रकार अनुपालन तेजी से कार्पोरेट प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बैंक की अनुपालन कार्यनीति बैंक के बोर्ड द्वारा अपनाई गई है। बैंक में महाप्रबंधक की श्रेणी के मुख्य अनुपालन अधिकारी के नेतृत्व में स्वतंत्र अनुपालन विभाग कार्य कर रहा है। बैंक की सांविधिक, विनियामक एवं आंतरिक दिशानिर्देशों का अनुपालन, बैंक के अनुपालन कार्य का परिचालन कार्य क्षेत्र है।

विभाग ने शाखा बैंकिंग के निम्नलिखित क्षेत्रों के लिए अनुपालन नियम तैयार किया है–

विवरणी	आवृत्ति	नियमों की सं.
अपने ग्राहक को जानिए/धनशोधन निवारण/ आतंकवाद के वित्तपोषण का प्रतिरोध	मासिक	53
जमाराशियाँ व सेवाएँ	तिमाही	61
अग्रिम	तिमाही	63
एफईएमए	तिमाही	157

प्रत्येक अंचल निर्धारित आवृत्ति पर उपरोक्त नियमों के लिए प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है। नियमों के आधार पर, विभाग द्वारा पूरे भारत में चयनित शाखाओं में अर्द्ध वार्षिक अनुपालन परीक्षण का आयोजन होता है। इस तरह के अनुपालन परीक्षण के निष्कर्षों पर एक रिपोर्ट शीर्ष प्रबंधन को प्रस्तुत की जाती है।

प्रत्येक अंचल कार्यालय में, एक अनुपालन अधिकारी संबंधित क्षेत्र के अनुपालन कार्य/विधि की निगरानी के लिए निर्धारित किया गया है। विभाग विदेशी अनुपालन के लिए भी जिम्मेदार है। विदेशी शाखाओं के संबंध में, निगरानी क्लस्टर स्तर पर भी की जाती है।

अनुपालन विभाग, अन्य बातों के साथ बोर्ड/बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति/शीर्ष प्रबंधन/प्रधान कार्यालय के विभागों की निम्नलिखित प्रस्तुत करता है:-

- ★ बोर्ड को विदेशों में विनियामकों के उल्लंघन, यदि कोई हो, पर मासिक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाता है;
- ★ बोर्ड को डेरिवेटिव के संबंध में मासिक प्रमाण-पत्र;
- ★ बैंक के समक्ष अनुपालन जोखिम पर उच्च प्रबंधन को मासिक नोट;
- ★ केवाईसी/एएमएल/सीएफटी में लिए गए प्रमुख पहलों पर बोर्ड को मासिक नोट;
- ★ बोर्ड को मासिक आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए परिपत्रों का सारांश और उसका अनुपालन;
- ★ विदेशी केन्द्रों से प्राप्त घोषणाओं के आधार पर, विदेशी केन्द्रों में विभिन्न विनियामक आवश्यकताओं का पालन किया जा रहा है, इस संबंध में उच्च प्रबंधन को मासिक प्रमाण-पत्र;
- ★ बोर्ड को बैंक के अनुपालन कार्य पर तिमाही रिपोर्ट;
- ★ बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति को तिमाही आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विभिन्न परिपत्रों/अनुदेशों पर बैंक का अनुपालन;
- ★ बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति को केवाईसी/एएमएल/सीएफटी के कार्यान्वयन की समीक्षा की तिमाही रिपोर्ट;
- ★ वार्षिक वित्तीय निरीक्षण/जोखिम आधारित पर्यवेक्षण में पायी गयी अनियमितताओं पर बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति को तिमाही रिपोर्ट;
- ★ भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट कैलेंडर ऑफ़ रिव्यू की निगरानी और बोर्ड को इस पर तिमाही आधार पर रिपोर्ट;
- ★ कम्प्लायंस फंक्शन पॉलिसी के पैरा 12(ii) के अनुसार विभाग, बोर्ड को अपनी कार्यात्मकता पर एक वार्षिक रिपोर्ट;
- ★ xiii) लगाए गए दंड/सुधारात्मक उपायों के लिए उठाए गए विभिन्न कानूनों और कार्रवाई के तहत बैंक के खिलाफ की गयी दंडात्मक कार्रवाई पर बोर्ड को वार्षिक रिपोर्ट

विभाग को बैंक में अपने ग्राहक को जानिए(केवाईसी)/धनशोधन निवारण (एएमएल)/आतंकवाद के वित्त पोषण का प्रतिरोध (सीएएफटी) दिशानिर्देशों को लागू करने/निगरानी रखने की जिम्मेदारी भी दी गई है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशानुसार विभाग ने सभी वर्तमान खातों में केवाईसी मानदण्ड के अनुपालन को सुनिश्चित करने का काम गंभीरता से लिया है। फिनेकल सिस्टम में प्रत्येक खाते में केवाईसी स्थिति को नोट करने के लिए अलग अनिवार्य फील्ड डाली गयी है। सभी शाखाओं में केवाईसी अनुपालन न किए गए खातों को पहचानने, केवाईसी दस्तावेज प्राप्त करने तथा फिनेकल सिस्टम को उचित रूप से अद्यतन करने की प्रक्रिया चल रही है।

धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएल अधिनियम) के उपबंधों के अनुसार और इसके अतिरिक्त संशोधनों और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और केवाईसी के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार शाखाएं ग्राहकों के सही पहचान के लिए नवीनतम फोटोग्राफ, पहचान का प्रमाण तथा वर्तमान पते का प्रमाण प्राप्त कर रही है। कम आय समूह के व्यक्तियों के खाते खोलते समय सरलीकृत केवाईसी मानदंड शुरू किए गए हैं। सभी ग्राहकों को जोखिम धारणा के आधार पर उच्च, मध्यम व न्यून जोखिम प्रवर्ग में वर्गीकृत किया गया है। वर्तमान आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार जोखिम वर्गीकरण की समीक्षा प्रत्येक छह महीने में की जानी चाहिए। खातों की जोखिम प्रवर्गीकरण की समीक्षा को प्रधान कार्यालय में केन्द्रीयकृत कर लिया गया है।

बैंक ने धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों और उसके संशोधनों को कार्यान्वित किया है।

धनशोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत संदिग्ध संव्यवहारों को अभिनिर्धारित करने के लिए बैंक ने एन्टी मनी लॉन्डरिंग सॉफ्टवेयर प्राप्त किया है। बैंक ने आईबीए द्वारा नियत सिनेरीओ कार्यान्वित किया है। आईबीए द्वारा हमें ऑफ-लाईन और ऑन-लाईन अलर्ट सिनेरीओ की संशोधित सूची भेजी गयी है जो बैंकों द्वारा आवश्यक है। संशोधित सूची में 22 ऑफ-लाईन और 22 ऑन-लाईन अलर्ट सिनेरीओ हैं। हमने सभी अंचलों और शाखाओं को ऑफ-लाईन अलर्ट सिनेरीओ परिचालित किया है। जोखिम आधारित पर्यवेक्षण (आरबीएस) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रधान कार्यालय के विभागोंके साथ समन्व य करते हुए विभाग संभाला जाता है। आरबीएस रिपोर्टों की छानबीन कर अनुपालन भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की जाती है। नवंबर 2014 से जनवरी 2015 के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वर्ष 2013-14 के लिए आरबीएस के तहत ऑन-साईट पर्यवेक्षण किया गया था। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पायी गयी विसंगतियों को बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति को अनुपालन की स्थिति के साथ रिपोर्ट की जाती हैं।

सभी विनियामक एजेंसियों के लिए अनुपालन विभाग ही एक संपर्क बिंदु है जिसके माध्यम से बैंक द्वारा बातचीत की जाती है।

सतर्कता

बैंक की सतर्कता प्रणाली के शीर्ष में मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) हैं जिन्हें वित्त मंत्रालय एवं केंद्रीय सतर्कता आयोग की सहमति से नियुक्त किया जाता हैं। सभी सतर्कता मामलों में अनुशासनिक प्राधिकारी/नियंत्रक प्राधिकरियों को सूचना प्रदान करने में सीवीओ की सहायता के लिए ऐसे अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं जिनके पास जाँच एवं अनुशासनिक कार्रवाई के मामलों में ज्ञान/पृष्ठभूमि होने के साथ साथ बैंकिंग की भी जानकारी है। सुरक्षात्मक सतर्कता उपायों की पहल करने में एवं उनका प्रचार-प्रसार करने में भी सतर्कता विभाग ध्यान केंद्रित करता है। इस संबंध में, सतर्कता मामलों पर कार्रवाई करने के लिए बैंक में 5 पृथक ''सतर्कता इकाई'' हैं। बैंक द्वारा प्रायोजित चार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) द्वारा भेजे गए सतर्कता मामलों में भी सतर्कता विभाग सीवीओ द्वारा दी गई सूचना प्रदान करता है।

राजभाषा विभाग

बैंक के प्रधान कार्यालय में एक सुस्थापित राजभाषा विभाग है जिसने वर्ष के दौरान राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की। राजभाषा हिन्दी पर अखिल भारतीय सम्मेलन का आयोजन मुंबई में किया गया जिसमें सुश्री नीता चौधरी, सचिव (राजभाषा), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग मुख्य

अतिथि थीं और जिसमें सभी बैंकों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। बैंक द्वारा लखनऊ में दिनांक 10.01.2015 को भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग के तत्वावधान में 'विश्व हिन्दी दिवस' समारोह का भी आयोजन किया गया था जिसमें सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। हमारी कुछ विदेशी शाखाओं, जैसे कौलून (हॉन्ग कॉन्ग), जोहान्सबर्ग (दक्षिण आफ्रिका) और बैंक ऑफ़ इंडिया (बोत्सवाना) में भी कारोबार को भाषा से जोड़ने के उद्देश्य के साथ भारतीय समुदाय के प्रतिष्ठित व्यक्तिओं एवं अनिवासी भारतीयों के साथ मिलकर 'विश्व हिन्दी दिवस' मनाया गया।

बैंक में दिनांक 15 अगस्त, 2014 से 14 सितंबर, 2014 के दौरान मनाएं गए हिन्दी माह में वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ समस्त स्टाफ सदस्यों के लिए विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं जैसे हिन्दी अनुवाद, हिन्दी टंकण, नोटिंग, ड्राफ्टिंग का आयोजन किया गया। हिन्दी साहित्य के मूर्धन्य साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की कहानियों का मंचन भी प्रधान कार्यालय में किया गया था और मुंबई के प्रसिद्ध कवियों को आमंत्रित कर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था।

बैंक ने विभिन्न अंचलों एवं प्रशिक्षण केंद्रों पर कुल 156 हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया जिनमें 1885 अधिकारियों एवं 1614 लिपिकों को अपने हिन्दी भाषा-कौशल को विकसित करने हेतु प्रशिक्षित किया गया।

वर्ष के दौरान, सूचना प्रौद्योगिकी में पहल के रूप में, मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) में राजभाषा को लागू किया गया और पासबुक, ड्राफ्ट, इत्यादि को हिन्दी में मुद्रण करने हेतु बनाए गए यूनिप्रिंटर के परिशोधित वर्ज़न को बैंक की सभी शाखाओं में प्रेषित किया गया। राजभाषा नियम, 1976 के नियम-11 के अनुपालन हेतु महत्वपूर्ण विभागीय प्रक्रिया साहित्य जैसे वैकल्पिक प्रस्तुति माध्यम अनुदेश, सुरक्षा मैनुअल, एनपीए, कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली, संपूर्ण वित्तीय समावेशन (एसवीएस), इत्यादि का हिन्दी में अनुवाद किया गया एवं संदर्भ हेतु उन्हें उपलब्ध कराया गया।

हमारे नागपुर-1 आंचलिक कार्यालय के संयोजन में कार्यरत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर को वर्ष 2012-13 के लिए इंदिरा गांधी राजभाषा पुरस्कार में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ एवं वर्ष 2013-14 के लिए इंदिरा गांधी राजभाषा पुरस्कार में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ जिन्हें भारत के राष्ट्रपति महोदय श्री प्रणव मुखर्जी के करकमलों से नई दिल्ली में प्रदान किया गया इसी प्रकार राजभाषा हिन्दी में उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए ख क्षेत्र में वर्ष 2013-14 के लिए हमारे प्रधान कार्यालय को इंदिरा गांधी राजभाषा पुरस्कार में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ जो भारत के राष्ट्रपति महोदय के करकमलों से प्रदान किया गया। हमारी तत्कालीन हिन्दी तिमाही गृह पत्रिका 'संकल्पना' को भी राजभाषा गवर्नर शील्ड प्रतियोगिता में प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त हुआ।

वर्ष 2013-14 के लिए, राजभाषा हिन्दी के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व), कोलकाता की ओर से 'क' क्षेत्र में हमारे मुज़फ्फरपुर अंचल को तृतीय पुरस्कार एवं 'ग' क्षेत्र में हमारे हावड़ा अंचल को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

इंदिरा गांधी राजभाषा पुरस्कार

हमारे बैंक को वर्ष 2013-14 के लिए 'ख' क्षेत्र में राजभाषा कार्यान्वयन के सराहनीय कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार द्वारा इंदिरा गांधी राजभाषा शील्ड के द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार, हमारे नागपुर आंचलिक कार्यालय द्वारा संचालित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) नागपुर को वर्ष 2013-14 के लिए 'ख' क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा 'इंदिरा गांधी राजभाषा पुरस्कार' के द्वितीय पुरस्कार से नवाज़ा गया। मुंबई में हमारे बैंक द्वारा 9 मई, 2014 को 'अखिल भारतीय राजभाषा सेमिनार' का आयोजन किया गया जिसमें भारत सरकार, गृह मंत्रालय व वित्त मंत्रालय के उच्च कार्यपालकों सहित सभी राष्ट्रीयकृत बैंक के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैंक द्वारा 10 जनवरी, 2015 को लखनऊ में 'विश्व हिन्दी दिवस' वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जिसमें सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों, वित्तीय संस्थानों और बिमा कंपनियों ने अपनी सहभागिता दर्ज करायी। हमारी जोन्हासबर्ग, बोत्सवाना और कोलून (हांगकांग) शाखाओं द्वारा भी 10 जनवरी, 2015 को भारतीय मूल के नागरिकों और स्थानीय निवासी स्टाफ सदस्यों के साथ 'विश्व हिन्दी दिवस' मनाया गया।

बैंक की अनुषंगियां/सहायक कंपनियां

इंडो ज़ाम्बिया बैंक लि. (आईजेडबी)

- दिनांक 1 फरवरी, 2006 के प्रतिभूतिकरण पर दिशानिर्देशों के अनुसरण

में किसी प्रतिभूतिकरण लेन देन चलनिधि सुविधा की राशि 90 दिनों से अधिक बकाया रहती है तो।

- बैंक किसी भी खाते को एनपीए तभी वर्गीकृत करेगा जब ब्याज तिमाही के अंत से 90 दिनों के भीतर पूरी तरह से सेवित न होगा।
- बुनियादी/गैर बुनियादी संरचना परियोजना के लिए कोई ऋण, यदि उसे पुनः संरचित नहीं किया जाता और ''मानक आस्ति'' के रुप में वर्गीकरण के लिए पात्र नहीं हो जाता, वसूली के रिकार्ड के अनुसार (90 दिन का अतिदेय होने पर) वाणिज्यिक परिचालन शुरु होने से पहले किसी भी समय एनपीए के रुप में वर्गीकृत किया जाएगा।
- किसी बुनियादी संरचना परियोजना के लिए कोई ऋण यदि उसे पुनःसंरचित नहीं किया जाता और ''मानक आस्ति'' के रुप में वर्गीकरण के लिए पात्र नहीं हो जाता, वसूली के रिकार्ड के अनुसार नियमित होने पर भी मूल डीसीसीओ से दो वर्ष के अन्दर वाणिज्यिक परिचालन शुरु करने में असफल रहता है तो उसे एनपीए के रुप में वर्गीकृत किया जाएगा।
- किसी गैर बुनियादी संरचना परियोजना के लिए कोई ऋण यदि उसे पुनः संरचित नहीं किया जाता और ''मानक आस्ति'' के रुप में वर्गीकरण के लिए पात्र नहीं हो जाता, वसूली के रिकार्ड के अनुसार नियमित होने पर भी मूल डीसीसीओ से छः माह के अन्दर वाणिज्यिक परिचालन शुरु करने में असफल रहता हैं तो उसे एनपीए के रुप में वर्गीकृत किया जाएगा।

1.2 "अनियमित" स्थिति

एक खाता तब ''**अनियमित**'' माना जाता है जब स्वीकृति सीमा/आहरण शक्ति से ज्यादा बकाया लगातार बना रहे। उन मामलों में जहाँ प्रधान परिचालन खाते में बकाया शेष स्वीकृति सीमा/आहरण शक्ति से कम है किन्तु तुलन पत्र की तिथि तक 90 दिनों तक लगातार कोई जमा नहीं है या उस अवधि के दौरान ब्याज नामें करने की राशि न हो तो, इन खातों को ''**अनियमित**'' खाता माना जाता है।

1.3 "अतिदेय"

किसी ऋण सुविधा के अंतर्गत बैंक को देय कोई राशि तब ''**अतिदेय**'' होती है जब बैंक द्वारा निर्धारित तिथि को देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता है।

1.4 अनर्जक निवेश

प्रतिभूतियों के मामले में, जहाँ ब्याज/मूलधन बकाया है तथा बैंक प्रतिभूतियों पर आय नहीं पाता है तथा निवेशमूल्य में मूल्यह्रास हेतु यथोचित प्रावधान करता है।

एक अनर्जक निवेश (एनपीआई) एक अनर्जक अग्रिम (एनपीए) की तरह है जहाँ:

- ब्याज/किस्त (परिपक्वता आगम सहित) देय है तथा 90 दिनों से अधिक तक अदत्त है।
- अधिमानी शेयरों के यथोचित परिवर्तनों सहित जहाँ निर्धारित लाभांश का भुगतान नहीं किया जाता है।
- इक्विटी शेयरों के मामले में, भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुदेशों के अनुरुप नवीनतम तुलन पत्र के अनुपलब्धता पर किसी कंपनी के शेयरों में निवेश का मूल्य रु. 1 प्रति कंपनी है तो ऐसे इक्विटी शेयर अनर्जक निवेश माने जाएंगे।
- निर्गमकर्ता द्वारा यदि कोई ऋण सुविधा प्राप्त की जाती है जो बैंक की बही में अनर्जक अग्रिम है तब इस निर्गमकर्ता द्वारा जारी प्रतिभूतियों में निवेश को अनर्जक अग्रिम माना जाएगा तथा विलोमत।
- डिबेन्चर/बॉड में निवेश, जिसे अग्रिम प्रकृति का समझा जाए वह निवेशों पर लागू अनर्जक अग्रिम के अध्यधीन है।

2.0 पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

ऋण गुणवत्ता का अभिनिर्धारण कारोबार की संभावना, ऋणी का कार्यनिष्पादन और चुकौती क्षमता जैसे तथ्यों के आधार पर किया जाता है। यह प्रत्येक अभिनिर्धारण तथ्य और घटकों तथा संबंधित ऋणी की विशिष्टताओं से संबद्ध अभिनिर्धारण तथ्यो के आधार पर किया जाता है। तदनुसार आस्तियों को चालू, विशेष उल्लेख, अवमानक, संदिग्ध और हानि प्रवर्ग में वर्गीकृत किया जाता हैं।

''आस्तियाँ'' अर्जक आस्तियों और अनर्जक आस्तियों में वर्गीकृत की जाती हैं। अर्जक आस्तियाँ, राजस्व अर्जित करने के लिए किसी बैंक द्वारा निधियों का प्रावधान है। ''अनर्जक आस्तियाँ '' बैंक की अर्जक आस्तियों के अलावा है जिसमें हानि की संभावना है।

कोई आस्ति अनर्जक तब होती है जब वह बैंक के लिए राजस्व उत्पन्न करना बंद कर देती है। अनर्जक आस्ति ऐसा ऋण या अग्रिम है जहाँ मूलधन और/या ब्याज 90 दिन से अधिक के लिए बकाया है।

गत देय : किसी भी ऋण सुविधा के अन्तर्गत बैंक को देय राशि गतदेय होती है यदि उसका भुगतान बैंक द्वारा निर्धारित तिथि को नहीं किया जाता है।

1 जनवरी, 2010 को पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके ने नई लेखांकन नीति पीएसएके 50 तथा 55 के कार्यान्वयन को आरम्भ किया जो अन्तर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक आईएएस 32 तथा 39 के समान है जिसके अनुसार वित्तीय आस्तियों को उचित मूल्य पर प्रस्तुत किया गया। अब हम बैंक के कोर बैंकिंग में समेकित पीएसएके परिकलन में प्रगति दर्शा रहे हैं जो प्रौद्योगिकी उन्नतीकरण के हमारे कारोबारी योजना के समान है।

मात्रात्मक दृष्टिकोण द्वारा समीक्षित बकाया ऋण और अग्रिम निम्नानुसार वर्गीकृत किए जाएंगे:

गत देय दिनों की संख्या	वर्गीकरण	प्रावधानीकरण
91-180	अवमानक	10%
181-270	संदिग्ध	50%
271 और ज्यादा	हानि	100%

3.0 बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. एवं बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैंड) लि. (अनुषंगियाँ)

अगर कोई ग्राहक या किसी वित्तीय लिखत का प्रतिपक्षी अपनी संविदागत दायित्वों की पूर्ति नहीं कर पाता है तो ऋण जोखिम होता है जो बैंक के लिए वित्तीय हानि का जोखिम होता है और वह प्रमुख रूप से ग्राहकों एवं अन्य बैंकों को बैंक द्वारा प्रदत्त ऋणों एवं अग्रिमों तथा नामे प्रतिभूतियों में निवेश के कारण होता है।

निदेशक मंडल ने अपनी ऋण समिति को ऋण जोखिम की चूक के लिए जिम्मेदारी प्रत्यायोजित की है। ऋण समिति को रिपोर्ट करने वाला ऋण विभाग बैंक के ऋण के जोखिम के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है, इसमें निम्नलिखित शामिल है:-

i. संपार्श्विक आवश्यकताओं को कवर करते हुए ऋण नीतियों का प्रतिपादन, ऋण निर्धारण, जोखिम ग्रेडिंग तथा रिपोर्टिंग, प्रलेखी तथा विधिक प्रक्रियाएं, विनियामक तथा सांविधिक आवश्यकताओं का अनुपालन।

ii. ऋण सुविधाओं के अनुमोदन और नवीनीकरण के लिए प्राधिकृत करने का ढ़ाँचा स्थापित करना। बोर्ड द्वारा यथा अनुमोदित ऋण नीति द्वारा ऋण सीमाएँ शामिल होती हैं।

iii. ऋण जोखिम की समीक्षा एवं अभिनिर्धारण।

iv. प्रतिपक्षकारों के ऋण जोखिम का संकेन्द्रण, भौगोलिक एवं औद्योगिक (ऋणों एवं अग्रिमों के लिए) प्रतिबंधक करना।

3.1 गत देय एवं अनर्जक की परिभाषा (लेखांकन उद्देश्य के लिए)

ओवरड्राफ्ट एवं अन्य ऋण सुविधा बिना विशिष्ट नियत तारीखों के गत देय माने जाएंगे यदि

- ग्राहक की उधार सीमा से अधिक हो जाए।
- ग्राहक की उधार सीमा समाप्त हो जाए।
- गणना किए गए ब्याज और अवधि के लिए नियत ब्याज को पूरा करने के लिए जमाराशियों का अपर्याप्त होना।
- बिल अनादृत कर दिए गए हों।
- बिल या खाते का भुगतान नियत तारीख पर न किया गया हो।
- ऋण जिनकी चुकौती किस्तों में की जानी होती है, समूचे रुप से गतदेय माने जाते हैं, यदि कोई भी किस्त जो देय हो चुकी है और तीस दिन या ज्यादा अवधि के लिए भुगतान नहीं की गई हो।
- बकाया ऋण और अग्रिमों की समीक्षा मात्रात्मक दृष्टिकोण द्वारा कर निम्नानुसार वर्गीकृत की जानी चाहिए:

गत देय दिनों की संख्या	वर्गीकरण	प्रावधानीकरण
91–180	अवमानक	10%
181–270	संदिग्ध	50%
271 और अधिक	हानि	100%

4.0 बैंक ऑफ़ इंडिया युगांडा –

मात्रात्मक दृष्टिकोण में समीक्षित बकाया ऋण औरअग्रिमों का वर्गीकरण निम्नानुसार किया जाएगा।

गत देय दिनों की संख्या	वर्गीकरण	प्रावधानीकरण
91–179	अवमानक	20%
180–365	संदिग्ध	50%
365 और अधिक	हानि	100%

5.0 बैंक ऑफ़ इंडिया (बोस्तवाना) लि.

मात्रात्मक दृष्टिकोण में समीक्षित बकाया ऋण और अग्रिमों का वर्गीकरण निम्नानुसार किया जाएगा :-

गत देय दिनों की संख्या	वर्गीकरण	प्रावधानीकरण
1 वर्ष	अवमानक	10%
1 वर्ष से आगे और 2 वर्ष से कम	संदिग्ध	20% +100% से कमी
2 वर्ष से अधिक व 4 वर्ष तक	संदिग्ध	30% + 100% से कमी
4 वर्ष से अधिक	संदिग्ध	100%
271 और अधिक	हानि	100%

ख) बैंक के ऋण जोखिम प्रबंधन नीति पर चर्चा

क. बैंक ऑफ़ इंडिया

- एक बैंक के पोर्टफोलियों में, एक ग्राहक अथवा प्रतिपक्ष का उधार, व्यापार समझौता और अन्य वित्तीय लेन-देन के प्रतिबद्धता को पूर्ण करने की अक्षमता या अनिच्छा से अथवा ऋण नीति में वास्तविक या महसूस किए गए ह्रास से पोर्टफोलियों के बढ़ते मूल्य की एकमुश्त चूक से हानि उत्पन्न होती है।
- इन कमियों के विरुद्ध बैंक के दीर्घावधि वित्तीय स्वास्थ्य के लिए एक दृढ़ जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क की आवश्यकता है। ऋण जोखिम प्रबंधन में पहचान, मापन, निगरानी तथा ऋण जोखिम नियंत्रण सम्मिलित है।
- ऋण जोखिम प्रबंधन नीति में सामान्य स्तर पर बैंक ने विभिन्न प्रकार के ऋण जोखिम की पहचान की है। उत्पाद/प्रक्रियाओं के स्तर पर अधिक कणिकामय पहचान होती है। नए उत्पादों/प्रक्रियाओं को आरम्भ करने से पहले विभिन्न जोखिमों का आकलन किया जाता है, जिसे जोखिम दृष्टिकोण से जोखिम रहित किया जाता है।
- ऋण जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क में तीन विशिष्ट खण्डों को इसकी नीति में समाहित किया गया है जो है- नीति एवं कार्यनीति, संस्थागत ढ़ांचा और परिचालन/प्रणाली।

i) नीति और कार्यनीति

बैंक संतुलित जोखिम दर्शन को अपनाता रहा है, जिससे कठिन समय में भी बैंक अपने संतुलन को बनाए रहा। यद्यपि नए तथा अनछुए क्षेत्रों के संबंध में बैंक की एक खुली नीति रही है तथा नए अवसरों को बैंक ने हमेशा पहचाना है। इस दर्शन के महत्वपूर्ण पक्षों को परिपत्रों में दर्शाया गया है तथा आवधिक तौर पर अनुदेश पुस्तिका रूप में विधिबद्ध किया गया है। लाभप्रदता, सामना किए जानेवाले विभिन्न जोखिमों के स्तर, पूँजी स्तर, बाजार परिदृश्य तथा प्रतियोगिता को दृष्टिगत रखते हुए बैंक के कारोबारी उद्देश्यों और कार्यनीतियों का निर्णय लिया जाता है। बैंक की सोच हमेशा आस्ति गुणवत्ता तथा अर्जन पर रहती है अतएव वह विवेकपूर्ण ढ़ंग से जोखिम नियंत्रण सहित लाभप्रदता वृद्धि का मेल करता है।

ऋण जोखिम प्रबंधन नीति तथा सार्थक ऋण जोखिम संबंधी नीति जैसे ऋण नीति तथा ऋण अनुप्रवर्तन नीति का अनुमोदन होता है तथा आवधिक तौर पर निदेशक मंडल द्वारा समीक्षा की जाती है। ऋण नीति अपने में विभिन्न क्षेत्रों को सम्मिलित करती है जैसे ग्राहक, विपणन, उधार के क्षेत्रवार अभिगम, ऋण सुपुर्दगी, ऋण महत्व, ऋण अवधि, ऋण अर्जन, ऋण निर्धारण (जोखिम स्वीकार मानदंड सहित), मूल्य, ऋण मूल्यांकन, ऋण निर्धारण, ऋण जोखिम मानदंड, उद्योग मानदंड, संपार्श्विक और मार्जिन, रिश्तों की समीक्षा, प्रत्यायोजन कर योजना सांविधिक तथा अन्य नियंत्रण तथा प्रलेखीकरण अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों हेतु ऋण नीति है और प्रत्येक केन्द्र की अपनी क्रेडिट नीति है जो मुख्य नीति से मेल खाती है। ऋण मामले में शक्तियों के प्रत्यायोजन के लिए एक अलग नीति है। इसके अतिरिक्त ऋण जोखिम की पहचान तथा निगरानी ऋण अनुप्रवर्तन नीति के अंतर्गत की जाती है। पुनर्गठन नीति, बैंक जोखिम नीति, देश जोखिम नीति तथा ऋण लेखापरीक्षा नीति भी तैयार है। निवेश समिति द्वारा अनुमोदन के बाद तथा निवेश नीति में दिए गए नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुसार निवेश अनुबंधित होता है।

ii) संस्थागत ढांचा

ऋण जोखिम प्रबंधन कार्य हेतु बैंक के संस्थागत ढांचे में शीर्ष स्तर पर निदेशक मंडल है जो जोखिम प्रबंधन पर व्यापक दृष्टिकोण रखता है। बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आर कॉम) जो कि बोर्ड की उप-समिति है तथा जिसके अध्यक्ष बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं और इसके सदस्य के रुप में ऋण, बाजार और परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन समिति के प्रमुख हैं जो ऋण जोखिम सहित समेकित जोखिम प्रबंधन की नीति और कार्यनीति निधारित करते हैं। परिचालनात्मक स्तर पर ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) ऋण जोखिम का दायित्व संभालते हैं। इसके मुख्य कार्यों में बोर्ड द्वारा अनुमोदित ऋण जोखिम प्रबंधन नीति का कार्यान्वयन, बृहत आधार पर बैंक के ऋण जोखिम की निगरानी, ऋण प्रत्यायोजन, बृहत ऋण जोखिम पर विवेकपूर्ण सीमा, पोर्टफोलियों प्रबंधन आदि सहित ऋण मामलों से संबंधित सभी नीतियों का बोर्ड से अनुमोदन हेतु अनुशंसा है।

जोखिम प्रबंधन विभाग महाप्रबंधक पद के मुख्य जोखिम अधिकारी के देखरेख में कार्यरत है जो जोखिम प्रबंधन पर बोर्ड द्वारा निर्धारत सीमाओं के अंदर बृहद आधार पर ऋण जोखिम का मापन, नियंत्रण तथा प्रबंधन करता है तथा बोर्ड/आर कॉम/सीआरएमसी द्वारा तय जोखिम मानदंडों के साथ अनुपालन सुनिश्चित करता है। महाप्रबंधक के अंतर्गत कार्यरत ऋण निगरानी विभाग ऋण पोर्टफोलियों का अनुप्रवर्तन करता है, समस्याओं की पहचान है तथा कमियों को दूर करने का उपाय करता है। ऋण लेखापरीक्षा कार्य द्वारा ऋण समीक्षा/ऋण लेखापरीक्षा की जाती है।

iii) परिचालन/प्रणाली/प्रक्रिया

बैंक सक्रिय ऋण जोखिम प्रबंधन पहल करता है, जैसे ऋण प्रदान करने के लिए निरंतर एक मानकता, तुलन पत्र में शामिल न होनेवाली मदों सहित सभी ऋण जोखिमों का अनुरक्षण तथा प्रलेखीकरण, आवधिक व्यक्तिगत बाध्यताधारी समीक्षा, आवधिक निरीक्षण तथा संपार्श्विक प्रबंधन प्रणाली।

ऋण जोखिम सीमा में उद्योग द्वारा बाध्यताधारी सीमा व संकेन्द्रण सीमा, ग्राहकों के वित्तीय कार्यनिष्पादन हेतु प्रणाली व प्रक्रिया हेतु निगरानी तथा सीमा में बकाया नियंत्रण सम्मिलित है। ऋण विस्तार हेतु जांच तथा अधिशेष है यथा ऋण स्वीकृति से ऋण जोखिम प्रबंधन को अलग करना, सीआरएमसी द्वारा जोखिम दृष्टिकोण से नए उत्पादों तथा प्रणाली का पुनरीक्षण, बहु ऋण अनुमोदक, जोखिम निर्धारण करने की प्रणाली, ग्राहक के जोखिम ग्रेडिंग पर आधारित कीमत सुविधाओं की प्रणाली, जोखिम दृष्टिकोण से ऋण प्रस्तावों के पुनरीक्षण हेतु ऋण जोखिम मूल्यांकन समिति, ऋण प्रक्रिया लेखापरीक्षा, स्वीकृति पूर्व संवितरण पूर्व समीक्षा तथा स्वीकृति पूर्व समीक्षा प्रणाली तथा स्वतंत्र लेखापरीक्षा व जोखिम समीक्षा कार्य निवेशों हेतु प्रस्ताव ऋण जोखिम विश्लेषण, विस्तृत मूल्यांकन तथा क्रम निर्धारण के अध्यधीन है। प्रवेश स्तर के मामले में, न्यूनतम क्रमनिर्धारण/गुणवत्ता मानक, उद्योग, परिपक्वता, अवधि, निर्गम अनुसार मामले निवेशों हेतु विनिर्धारित किए गए हैं जिससे कि तरलता के जोखिम तथा संकेन्द्रण के विपरीत प्रभाव को कम कर सकता है। अन्य बैंकों पर सकल जोखिम पर केन्द्रीयकृत परिदृश्य प्रदान करने हेतु एक उचित फ्रेमवर्क तथा अर्धवार्षिक समीक्षा की गई है। देश के जोखिम का अनुप्रवर्तन अर्धवार्षिक आधार पर होता है।

जोखिम आस्तियों के विविधतापूर्ण पोर्टफोलियों का अनुरक्षण किया जाता है तथा पोर्टफोलियों के नियमित विश्लेषण करने की एक प्रणाली है जिससे कि जोखिम संकेन्द्रण के जोखिम नियंत्रण को सुनिश्चित किया जा सके। अनर्जक अग्रिमों के संबंध में एक संतुलित नीति प्रक्रियागत है। ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली के आरम्भ सहित प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) उन्नतिशील किया गया है जिससे कि बैंक की क्षमताएं बढ़ेगी तथा तुलन पत्र में न आनेवाली अनिवाली सभी गतिविधियों के ऋण जोखिम का बैंक प्रबंधन करेगा।

IV. ऋण जोखिम प्रबंधन/न्यूनीकरण हेतु निम्नलिखित साधनों का उपयोग किया जाता है –

- **ऋण अनुमोदित करनेवाला अधिकारी–अधिकारों का प्रत्यायोजन**

  बैंक में बहु स्तरीय जोखिम आधारित अनुमोदित प्रणाली वाली सुस्पष्ट प्रत्यायोजन अधिकार की योजना है जिसकी आवधिक समीक्षा की जाती है और कारोबार के वातावरण की अनिवार्यता को पूरा करने के लिए जब एवं जैसा आवश्यक होता है, उसे संशोधित किया जाता है। अधिकारियों का प्रत्यायोजन उधारकर्ताओं के रेटिंग के साथ लिंक की हुई है जहां बेहतर रेटवाले ग्राहकों को उच्चतर सीमा की मंजूरी देने का अधिकार है। वित्त मंत्रालय के अनुसार अधिकारों के प्रत्यायोजन के लिए विभिन्न प्रशासनिक स्तरों में मंजूरी प्राधिकार के साथ गाइडलाइन्स ऋण समिति बनाई गई है। वर्तमान में, महाप्रबंधक के प्रत्यायोजन अधिकार के परे आने वाले सभी ऋण प्रस्तावों में गोचर जोखिमों का ऑफ साइट मूल्यांकन किया जाए। महाप्रबंधक, जोखिम प्रबंधन विभाग(समिति का सदस्य है जिनके पास मात्रा या लाभ का लक्ष्य नहीं है। प्राप्त अनुभवों के आधार पर, महाप्रबंधक के प्रत्यायोजन अधिकारों तक के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए प्रधान कार्यालय स्तर पर एक और समिति बनाई गई है। जेडएलसीसी और एनबीजीएलसीसी में प्रस्ताव अनुमोदन के लिए आंचलिक कार्यालय में भी ऐसी समिति बनाई गई है।

- **विवेकपूर्ण सीमाएँ**

  विभिन्न प्रकार के उधारकर्ताओं के लिए ऋण/निवेश के विविध पहलुओं जैसे एकल/समूह उधारकर्ता सीमाओं के संबंध में उपयुक्त विवेकपूर्ण सीमाएँ हैं।

- **जोखिम श्रेणी निर्धारण/मूल्य निर्धारण**

  काऊन्टर पार्टी के विभिन्न जोखिम घटकों के लिए एकल बिन्दु इन्डीकेटर तथा क्रेडिट तथा मूल्य निर्धारण में सहायता हेतु बैंक ने विभिन्न खण्डों में श्रेणी निर्धारण माडल आरंभ किया है।

- **ऋण लेखा परीक्षा/ऋण समीक्षा व्यवस्था (एलआरएम)**

  ऋण लेखा परीक्षा/ऋण समीक्षा व्यवस्था ऋण बही की गुणवत्ता के लगातार मूल्यांकन करने और ऋण प्रबंध में गुणात्मक सुधार लाने हेतु एक प्रभावी साधन है।

v. विश्लेषण के माध्यम से संविभाग प्रबंधन

विभिन्न ऋण पोर्टफोलियों एवं निवेशों की समग्र संरचना और गुणवत्ता की निगरानी के लिए एक उपयुक्त प्रणाली होना भी महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य से शुरुआत के लिए बैंक ने एक सरल पोर्टफोलियों निगरानी फ्रेमवर्क प्रारंभ किया है। आगे चलकर बैंक और अधिक परिष्कृत पोर्टफोलियों प्रबंधन मॉडल तैयार करेगा। रु 10 लाख और इससे अधिक वाले खातों में रेटिंग माइग्रेशन छःमाही किया जा रहा है और बोर्ड को प्रस्तुत किए जाते हैं। क्रेडिट रिस्क मैनेजमेंट साफ्टवेयर (सीआरएमएस) चरणबद्ध रुप से कार्यान्वित किया जा रहा है। बैंक एडवांस एप्रोच को स्वीकार करने के लिए तैयार हो रहा है।

vi जोखिम मापांकन

वर्तमान में ऋण जोखिम का निर्धारण जोखिम श्रेणी निर्धारण व्यक्तिशः स्तर पर करने और पोर्टफोलियो स्तर पर आस्तियों के भारांक एवं जोखिम भारांको के आधार पर रखी गई पूँजी के माध्यम से किया जाता है। 31 मार्च 2008 से प्रभावी नवीन पूँजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (बासेल II) के अन्तर्गत बैंक ने मानक दृष्टिकोण को अपना लिया है।

vii जोखिम रिपोर्टिंग प्रणाली

सभी ऋण संबंधी नीतियाँ अनुमोदन के लिए उचित प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले सीआरएमसी (जो ऋण जोखिम के लिए परिचालन स्तर की समिति है) द्वारा अनुमत की जाती है। उचित निगरानी करने के लिए विभिन्न ऋण संबंधी सूचनाएँ सीआरएमसी को प्रस्तुत की जाती है।

viii जोखिम समीक्षा

लेखापरीक्षा–ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली एवं साधन भी प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा के अध्यधीन हैं।

ख. पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी) ने संपूर्ण जोखिम प्रबंधन को स्वीकृत लक्षित, समन्वित और सतत बनाने की आशा से जोखिम जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) तथा जोखिम प्रबंधन इकाई (आरएमयू) स्थापित की है जो परिचालन इकाई और आंतरिक लेखा परीक्षा इकाई (''आंतरिक लेखा परीक्षा'') से स्वतंत्र है। इसके अतिरिक्त आरएमसी और आरएमयू के कार्यों के कार्यान्वयन के प्रभाव की निगरानी के लिए बैंक ने जोखिम निगरानी समिति बनाई है जो सीधे बोर्ड ऑफ कमीशनर्स को उत्तरदायी है।

बैंक ऑफ इंडोनेशिया के अनुसार बैंक ने 8 (आठ) प्रकार के जोखिमों को संभाला है। ऋण जोखिम, चलनिधि जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम, अनुपालन जोखिम, विधि जोखिम, जोखिम के साथ संभाव्य जोखिम वाली गतिविधियाँ जो बैंक की कारोबार निरन्तरता को खंडित करती है । जोखिम प्रकार का आकलन किसी भी कार्यात्मक गतिविधि (निहित जोखिम) और जोखिम नियंत्रण प्रणाली में निहित जोखिमों का संयोजन है।

बैंक नए ऋणों का अनुमोदन करने में चयनात्मक बरने में चयानात्मक है और नियामक द्वारा आवश्यक ऋण के प्रावधान से अधिक बनाए रखता है। संपार्श्विक आधारित उधार में, संपार्श्विक के मूल्य पर हेयरकट लगाई जाती है। बैंक को जोखिम अधिकारी निदेशक अनुपालन को रिपोर्ट करता है। ज़ोखिम प्रबंधन इकाई (आरएमयू) ऋण अनुमोदन प्रक्रिया की देखभाल/निगरानी रखते हैं।

ग. बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. एवं बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैंड) लि. (अनुषंगियाँ), बैंक ऑफ इंडिया (युगांडा) लि. और बैंक ऑफ़ इंडिया (बोत्स्वाना) लि.

मासिक आधार पर ब्याज लगाया जाना, मानक आस्तियों में संभाव्य ऋण चूक या व्यतिक्रम से निपटने का एक उपयोगी साधन बन गया है। आस्ति की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु बैंक ने निम्नलिखित नीति अपनाई है जिस पर शाखाओं को तुरंत अमल करना चाहिए और :-

i) उधारकर्ता के साथ सक्रिय अनुवर्ती कार्रवाई के माध्यम से अतिदेय या कम से कम संकटपूर्ण राशि को वसूल करना।

ii) अस्थायी बेमेल रोकड़ प्रवाह के मामलों में खातों में परिचालन को बनाए रखना।

iii) अपेक्षित नकदी प्रवाह के अनुसार चुकौती मीयाद को पुनर्निर्धारित करना।

iv) पुनर्रचना नीति में दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार नकदी प्रवाह में यदि कोई अंतर हो तो अपेक्षित नकदी प्रवाह को दृष्टिगत रखते हुए देय राशि की पुनर्रचना की जाए।

एनपीए होने से पहले खातों में बैंक द्वारा उपरोक्त में एक या अधिक कार्रवाई की गई है।

विशेषकर उल्लिखित खाते/एनपीए खातों के अनुवर्तन हेतु उपाय

एनपीए की निगरानी/निवारण हेतु सामान्यतः बैंक में उपलब्ध विभिन्न उपाय नीचे सूचीबद्ध किए गए हैं :-

क) **एनपीए होने से पहले खाता (विशेष रूप से उल्लिखित खाता)**

क. आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्वीकृत अवधि के अनुपालन हेतु सघन निगरानी।

ख. जहाँ भी अनियमितताएँ पाई गई है वहां तत्परता से अनुस्मारकों का भेजा जाना।

ग. एनपीए प्रवर्ग में खाते का न जाना सुनिश्चित करने हेतु तुरंत अतिदेयों की वसूली करना।

घ. वित्तीय डाटा के विश्लेषण के साथ इकाई का आवधिक निरीक्षण एवं आस्ति प्रभा

ङ. खातों को एनपीए होने से पहले प्राप्य राशियों को पुनर्संरचित करना, अधिस्थगन अवधि, ब्याज

निधि एवं किश्तों के आस्थगन की वृद्धि सहित सुधारात्मक कार्रवाई।

ख) एनपीए होने के बाद खाता बैंक की प्राप्य राशियों की वसूली हेतु निम्न उपाय किए जाने चाहिए। एनपीए के समाधान हेतु निम्नलिखित उपायों का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जाना चाहिए :-

क. बकाया को कम करने हेतु अर्थ सुलभ प्रतिभूतियों (टीडीआर, शेयर, मार्जिन राशि आदि) एवं गिरवी वस्तुओं का विनियोजन

ख. उधारकर्ताओं के सहयोग से अन्य प्रतिभूतियों का निपटान

ग. समझौता वार्ता के माध्यम से प्राप्य राशियों का समझौता निपटान

घ. अग्रिम को रीकॉल करना

ङ. अदालत में मुकदमा दाखिल - डिक्री निष्पादन

च. अंत में, प्राप्य राशियों की वसूली हेतु सभी उपाय करने के पश्चात, हम शेष प्राप्य राशियों को बट्टे खाते डाल सकते हैं। एनपीए़ के समाधान हेतु इन सभी उपायों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना चाहिए।

एनपीए़ के समाधान हेतु इन सभी उपायों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना चाहिए।

मात्रात्मक प्रकटन

ए. कुल सकल ऋण जोखिम निम्नानुसार है:

(रु मिलियन में)

प्रवर्ग	राशि
निधि आधारित	4,213,867.62
गैर-निधि आधारित *	867,109.08

* व्युत्पन्न के समतुल्य क्रेडिट छोड़कर

बी. जोखिम का भौगोलिक वितरण:

	स्वदेशी	विदेशी
निधि आधारित	2,961,912.55	1,251,955.06
गैर-निधि आधारित	654,506.62	212,602.45

सी. उद्योगवार जोखिम का वितरण निम्नलिखित है :

(₹.करोड़ में)

उद्योग का नाम	निधि आधारित बकाया राशि	गैर निधि आधारित बकाया राशि
बकाया राशि		
कोयला	2,331.03	21,835.57
खदान	36,324.82	-
लौह एवं इस्पात	133,815.59	6,255.49
अन्य धातु एवं धातु उत्पाद	37,361.27	9,427.62
सभी इंजीनियरिंग	17,048.27	2,559.43
जिसमें से इलेक्ट्रॉनिक्स	2,457.58	2,540.67
विद्युत	210,114.75	-

उद्योग का नाम	निधि आधारित बकाया राशि	गैर निधि आधारित बकाया राशि
सूती वस्त्र उद्योग	47,444.11	5,117.70
जूट वस्त्र उद्योग	1,143.54	1,395.31
अन्य वस्त्र उद्योग	56,859.90	8,177.62
चीनी	35,523.61	1,450.80
चाय	833.18	35.16
खाद्य प्रसंस्करण	55,899.91	6,115.40
वनस्पति तेल एवं वनस्पति	11,343.00	15,951.06
तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद	10,271.16	549.53
पेपर एवं पेपर उत्पाद	14,810.90	1,263.32
रबर एवं रबर उत्पाद	25,947.59	14,526.41
केमिकल, डाई, पेंटस आदि	56,576.08	19,979.59
जिसमें से फर्टिलाइजर्स	9,515.80	1,448.21
जिसमें से पेट्रोकेमिकल्स	14,078.91	8,071.17
जिसमें से ड्रग्ज और फार्मास्युटिकल्स	19,269.12	4,757.75
सीमेंट	15,091.78	769.96
चर्म एवं चर्म उत्पाद	5,141.32	714.99
रत्न एवं आभूषण	93,941.95	15,257.20
निर्माण	33,684.68	15,708.64
पेट्रोलियम	35,407.37	15,115.84
ऑटोमोबाइल्स, ट्रक सहित	25,409.71	12,415.10
कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर	-	-
आधारभूत संरचना*	486,677.27	105,218.86
जिसमें से पॉवर	332,815.14	53,348.23
जिसमें से दूरसंचार	9,056.81	486.18
जिसमें से सड़के और पत्तन	106,312.23	28,349.16
अन्य उद्योग	84,564.53	164,860.47
शेष अन्य अग्रिम (सकल अग्रिमों सहित तुलन के लिए)	2,890,415.05	422,408.05
कुल	4,213,867.61	867,109.08

* संरचनात्मक क्षेत्र का ऋण-जोखिम 11.55% है जो कुल निधि आधारित अग्रिमो का 5% से ज्यादा है।

* संरचनात्मक का बिजली (पावर) 19.01% है जो कुल गैर निधि आधारित बकाया का 5% से ज्यादा है।

डी. आस्तियों का शेष संविदात्मक परिपक्वता विश्लेषण निम्नलिखित है:

(₹ करोड़ में)

परिपक्वता पैटर्न	अग्रिम*	निवेश(सकल)	विदेशी मुद्रा आस्तियाँ *
अगले दिन	323,307.33	1,857.67	31,911.96
2 - 7 दिन	76,690.80	3,077.64	54,806.32
8 -14 दिन	59,847.26	911.37	39,844.40
15 - 28 दिन	107,925.93	7,977.67	73,401.20
29 दिन - 3 माह	995,256.79	28,160.57	309,743.20
3 माह - 6 माह	505,285.45	17,643.29	213,540.71
6 माह - 1 वर्ष	430,976.60	15,794.42	204,791.85
1 वर्ष - 3 वर्ष	598,772.66	201,578.88	227,550.09
3 वर्ष - 5 वर्ष	433,172.96	247,410.02	156,570.65
5 वर्ष	681,756.18	691,537.63	59,508.96
कुल...	4,212,991.96	1,215,949.16	1,371,669.34

* आँकड़े निवल आधार पर दर्शाए गए हैं।

ई. सकल एनपीए इस प्रकार हैं –

प्रवर्ग	(₹ मिलियन में)
अवमानक	91,206.33
संदिग्ध-1	65,503.90
संदिग्ध - 2	48,277.60
संदिग्ध - 3	7,877.52
हानि	9,273.43
कुल...	222,138.78

एफ. निवल एनपीए की राशि रू 1,35,292.36 मिलियन है।

जी. एनपीए अनुपात निम्नानुसार है :

- सकल अग्रिमों पर सकल एनपीए : 5.39%
- निवल अग्रिमों पर निवल एनपीए : 3.36%

एच. सकल एनपीए का उतार चढ़ाव निम्नप्रकार है :(₹ मिलियन में)

		(₹ मिलियन में)
i)	वर्ष के प्रारंभ में प्रारंभिक शेष	118,200.07
ii)	वर्ष के दौरान किया गया परिवर्धन	166,823.61
iii)	वर्ष के दौरान की गई कटौती	62,885.20
iv)	वर्षान्त मे इतिशेष (i+ii-iii)	222,138.48

आई. एनपीए हेतु प्रावधानों का उतार चढ़ाव निम्नानुसार है :

i)	वर्ष के प्रारंभ में प्रारंभिक शेष (फ्लोटिंग प्रावधान को छोड़कर)	35,697.97
ii)	वर्ष के दौरान किये गए प्रावधान	63,382.31
iii)	अतिरिक्त प्रावधानों का पुनरांकन/बट्टे खाते में डालना	24,619.99
iv)	वर्षान्त मे इतिशेष (i+ii-iii)	74,460.29

जे. अनर्जक आस्ति निवेश की राशि रू 9,746.10 मिलियन है।

के. अनर्जक आस्ति निवेश हेतु किए गए प्रावधान की राशि रू 7,174.90 मिलियन है।

एल. निवेशों पर मूल्यह्रास हेतु प्रावधानों का उतार चढ़ाव निम्न प्रकार है :

(₹ मिलियन में

i)	वर्ष के प्रारंभ में प्रारंभिक शेष	9,628.80
ii)	वर्ष के दौरान किये गए प्रावधान	2,269.70
iii)	अतिरिक्त प्रावधानों का पुनरांकन/बट्टे खाते में डालना	1,449.50
iv)	एक्सचेंज अंतर	(206.00)
v)	वर्षान्त में इतिशेष (i+ii-iii)	10,655.00

तालिका डीएफ–4

ऋण जोखिम : मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन संविभागों हेतु प्रकटीकरण

गुणात्मक प्रकटीकरण

क) मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत संविभागों के लिए

किसी भी परिवर्तन हेतु कारणों सहित, उपयोग की गई ऋण श्रेणी निर्धारण एजेन्सियों का नाम

- ऋण जोखिम के प्रकार जिसके लिए प्रत्येक एजेन्सी का उपयोग किया गया है; एवं
- बैंकिंग बही में लोक निर्गम श्रेणी निर्धारण का तुलनीय आस्तियों में अंतरण हेतु प्रयुक्त की गई

प्रक्रिया का वर्णन।

ए: बैंक ऑफ इंडिया

1 बैंक ने सीआरएआर गणनाओं हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत जोखिम भार के लिए निम्नलिखित ऋण श्रेणी निर्धारण एजेंसियों की सामान्य श्रेणी निर्धारण के उपयोग किए जाने हेतु अनुमोदन किया है। स्वदेशी दावों के लिए सीआरआईएसआईएल, आईसीआरए, इंडिया रेटिंग्स, ब्रीकवर्क, एसएमईआरए एवं सीएआर तथा अनिवासी कार्पोरेट्स, विदेशी बैंको एवं विदेशी प्रभुसत्ता पर दावों के लिए एस एंड पी, फिच एवं मूडी। एसएमई श्रेणी निर्धारण का उपयोग नहीं किया जा रहा है, क्योंकि उन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है।

2. इन सभी एजन्सियों के श्रेणी निर्धारण का उपयोग, बासेल–III के अंतर्गत सीआरएआर गणनाओं हेतु मानकीकृत दृष्टिकोणान्तर्गत, श्रेणीकरण के अधीन समस्त ऋण जोखिमों के जोखिम भार प्रयोजनार्थ किया जा रहा है।

बैंकिंग बही में तुलनीय आस्तियों पर सार्वजनिक निर्गम श्रेणी निर्धारण अंतरण हेतु प्रयुक्त प्रक्रिया आरबीआई की नियामक आवश्यकताओं के अनुसार है। श्रेणी निर्धारक एजेन्सियों द्वारा उनकी वेबसाइट पर प्रकाशित की गई लोक श्रेणी निर्धारण इस प्रयोजनार्थ उपयोग की गई है। श्रेणी निर्धारण जो केवल संबद्ध श्रेणी निर्धारण एजेन्सी के मासिक बुलेटिन के अनुसार प्रभावी है एवं पूर्व 15 महीनों के दौरान कम से कम एक बार पुनरीक्षित की गई है, का उपयोग किया जाता है। विशेष दूसरे पक्ष पर समस्त ऋण जोखिमों के लिए बैंक द्वारा श्रेणी निर्धारण के लिए केवल एक ही एजेन्सी का प्रयोग किया जाता है, यद्यपि इस अपवाद सहित कि जहाँ केवल एक अनुमोदित श्रेणी निर्धारण एजेन्सी द्वारा ऋण जोखिमों का एक से अधिक बार श्रेणी निर्धारण किया जाता है।

3. जोखिम भार प्रयोजनार्थ पात्रता के लिए, यह सुनिश्चित किया जाता है कि, बाह्य ऋण निर्धारण पर विचार किया जाता है एवं बैंक द्वारा भुगतान की गई संपूर्ण ऋण राशि के संबंध में ऋण जोखिम को प्रतिबिंबित करें। एक ही पार्टी के दूसरे पक्ष को किसी अन्य ऋण जोखिम के लिए विशिष्ट श्रेणी निर्धारण एक निर्गमकर्ता या निर्गम को विस्तारित करते समय, यह ऋण जोखिम एक्सपोजर की संपूर्ण राशि के लिए विस्तारित की जाती है, अर्थात दोनों मूल राशि एवं ब्याज हेतु। एक कार्पोरेट समूह के अंतर्गत एक कंपनी के बाह्य निर्धारण का उपयोग जोखिम भार हेतु उसी समूह की अन्य कंपनियों के लिए नहीं होता है।

4. उन आस्तियों के लिए जिनकी संविदागत परिपक्वता एक वर्ष से कम या एक वर्ष के बराबर होती है, अल्पावधि श्रेणी निर्धारण का उपयोग किया जाता है, जबकि अन्य आस्तियों के लिए दीर्घावधि श्रेणी निर्धारण प्रयोग की जाती है। नकद उधार एक्सपोज़र के लिए दीर्घ अवधि श्रेणी निर्धारण ली जाती है।

5. जहाँ एक जारीकर्ता की बाह्य दीर्घावधि श्रेणी निर्धारण सहित दीर्घावधि एक्सपोज़र है जो 150% जोखिम भारिता का समर्थन करता है, तथा उसी काउन्टरपार्टी के सभी अमूल्यांकित दावे चाहे वह अल्पावधि की हो अथवा दीर्घावधि की हो, भी 150% जोखिम भारिता वहन करती है, सिवाय उसके जहाँ ऋण जोखिम घटाव तकनीक इन दावों के लिए प्रयोग किया जाता है। अल्पावधि श्रेणी निर्धारण के मामले भी एकसमान होंगे।

6. दीर्घावधि एक्सपोज़र हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत जोखिम भारिता का सीधा आकलन अनुमोदित रेटिंग एजेन्सियों द्वारा दीर्घावधि श्रेणी निर्धारण समनुदेशित किया जाता है। इसके विपरीत, प्रतिपक्ष का अमूल्यांकित अल्पावधि दावा उसके प्रतिपक्ष के मूल्यांकित अल्पावधि दावो पर लागू जोखिम भारिता से कम से कम एक स्तर ज्यादा जोखिम भारिता वहन करता है। बैंकों तथा निगमों के विरुद्ध मूल्यांकित सुविधा से उत्पन्न दावों हेतु जोखिम भारिता निर्गम विशिष्ट अल्पावधि मूल्यांकन जनित है जो अमूल्यांकित दीर्घावधि दावों हेतु जोखिम भारिता का समर्थन नहीं करता है।

7. यदि योग्य ऋण निर्धारण एजेन्सियों द्वारा दो निर्धारण दिए जाते हैं जो विभिन्न ऋण भारिता दर्शा रहा है तो वहाँ उच्च जोखिम भारिता लागू होगा। यदि योग्य ऋण निर्धारण एजेंसियों द्वारा तीन या उससे अधिक मूल्यांकन विभिन्न जोखिम भारिता दर्शा रहे हैं तब दो न्यूनतम जोखिम भारिता का परवर्ती मूल्यांकन संदर्भित किया जाता है तथा उन दोनों जोखिम भारिताओं में से उच्च जोखिम भारिता लागू होता है यथा द्वितीय न्यूनतम जोखिम भारिता।

8. निवेश दावे का आर डब्ल्यू चयनित ऋण निर्धारण एजेन्सी द्वारा विशिष्ट श्रेणी निर्धारण पर आधारित होता है, जहाँ एक विशिष्ट निर्धारित निर्गम में दावा एक निवेश नहीं होता है:

i) विशिष्ट उधार (जहाँ जोखिम भार में श्रेणी निर्धारण का आकलन, जो अमूल्यांकित दावे पर लागू से कम हो) पर लागू श्रेणी निर्धारण बैंक के केवल अनिर्धारित दावे पर लागू होती है। यदि यह दावा समरूप श्रेणी अथवा सभी दृष्टि से विशेष दर आधारित उधार से वरीय हो एवं जहाँ दर आधारित दावा लघु अवधि दायित्व होता है, को छोड़कर अनिर्धारित दावे की परिपक्वता, दर आधारित दावे की परिपक्वता के बाद न आती हो।

ii) यदि निर्गमकर्ता अथवा एकल निर्गम की श्रेणी निर्धारित की गई हो, जो गैर निर्धारित दावों पर लागू की जाती है, के जोखिम भार के बराबर हो अथवा उच्चतर हो, वही दूसरे पक्ष पर गैर निर्धारित दावे, वही जोखिम भार का निर्धारण किया जाता है, जैसा कि दर आधारित एक्सपोज़र में लागू होता है, यदि सभी दृष्टि से यह दावा दर आधारित ऋण जोखिम से समरूप या कनिष्ठ श्रेणी का हो।

बी: पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

देश में मौजूदा मानदंडो के अनुसार कोई भी बाह्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा क्रेडिट रेटिंग किया जाना अपेक्षित नहीं है।

सी: बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानियां) लि. बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि तथा बैंक ऑफ इंडिया (बोतस्वाना) लि.

देश में मौजूदा मानदंडो के अनुसार कोई भी बाह्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा क्रेडिट रेटिंग किया जाना अपेक्षित नहीं है। देश में कोई भी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी परिचालन /कार्यरत नहीं है।

मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत प्रत्येक संविभाग के ऋण जोखिम आरडब्लूए का परिकलन हेतु क्रेडिट निर्धारण एजेन्सी का उपयोग केवल सार्वजनिक क्षेत्र कंपनियों और बैंक के प्राव्य पर लागू होती है।

डी : बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूजीलैंड) लि. (अनुषंगी)

आवश्यक्तानुसार तिमाही के आधार पर सामान्य प्रकटीकरण विवरणी द्वारा ऋण जोखिम का प्रकटीकरण किया जाता है ।

मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन जोखिम के कम होने के पश्चात एक्सपोज़र की राशि के लिए बैंक की बकाया राशि (दर आधारित एवं गैर दर आधारित) निम्नलिखित तीन बृहत जोखिम क्षेत्रों एवं जिनकी कटौती की जाती है उन क्षेत्रों; का मात्रात्मक प्रकटीकरण किया जाता है।	
बैंक का (मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन) बीओआई सोलो का कुल ऋण (बाजार से संबद्ध तुलन पत्र मदों को छोड़कर) जोखिम के अंतर्गत वर्गीकृत प्रमुख जोखिम क्षेत्र निम्नानुसार है:-	
100% से कम जोखिम भार	₹ 4,754,403.969
100% जोखिम भार	₹ 1,614,353.45
100% से अधिक जोखिम भार	₹ 594,881.93
कटौती	

तालिका डीएफ–5

ऋण जोखिम न्यूनीकरण : मानकीकृत दृष्टिकोण हेतु प्रकटन

गुणात्मक प्रकटन

(क) ऋण जोखिम न्यूनीकरण के संबंध में सामान्य गुणात्मक प्रकटन आवश्यकताओं में यह शामिल है:

क) ऑन एंड ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग के लिए नीतियाँ और प्रक्रियाएँ और बैंक द्वारा इंका किस हद तक प्रयोग किया जाता है उसका संकेत ;

- संपार्श्विक मूल्यांकन एवं प्रबंधन हेतु नीतियाँ एवं प्रक्रियाएं;
- बैंक द्वारा लिए गए संपार्श्विक के प्रमुख प्रकारों का विवरण;
- गारंटी कर्ता काउंटर पार्टी के प्रमुख प्रकार और उनकी ऋण पात्रता; एवं
- लिए गए न्यूनीकरण के भीतर (बाजार अथवा ऋण) जोखिम केंद्रीकरण के बारे में सूचना

क: बैंक ऑफ़ इंडिया

1. ऋण जोखिम न्यूनीकरण प्रबंधन का एक अनुकूल साधन है, जो अच्छे एवं बुरे दोनों समय में राजस्व हानि से कंपनी का रक्षण करता है। बैंक उसके दैनिक परिचालनों में आने वाले ऋण जोखिम के प्रभावों को कम करने के लिए विभिन्न पद्धति और तकनीक अपनाता है। ऐसी प्रक्रिया को ऋण जोखिम न्यूनीकरण का नाम दिया गया है और ऋण जोखिम न्यूनीकरण के कुछ तकनीक को पर्यवेक्षकों द्वारा मूल्य, मुद्रा असंतुलन और परिपक्वता असंतुलन के लिए समायोजन के पश्चात पूंजी प्रभार कटौती करने हेतु उपयोग करने की अनुमति दी गई हैं। नयी पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (बासेल ।।) के अंतर्गत पहचाने गए विभिन्न ऋण जोखिम प्रशामक (सीआरएम) निम्नानुसार है:

   (1) संपार्श्विकृत संव्यवहार

   (2) ऑन – बैलन्स शीट नेटिंग

   (3) गारंटियाँ

2. **पात्र वित्तीय संपार्श्विक**

   मानक दृष्टिकोण के अंतर्गत सभी संपार्श्विकों को ऋण जोखिम प्रशामक के रूप में स्वीकारा नहीं गया है। निम्नलिखित वित्तीय संपार्श्विक को स्वीकार किया गया है:

i. नकदी एवं जमाराशियाँ विदेशी मुद्रा की जमाराशियों सहित
ii. स्वर्ण : 99.99% शुद्धता वाले बेंचमार्क सहित
iii. केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जारी प्रतिभूतियाँ
iv. किसान विकास पत्र और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र
v. जीवन बीमा पॉलिसियाँ
vi. ऋण प्रतिभूतियाँ – श्रेणीकृत शर्तों के अध्यधीन
vii. ऋण प्रतिभूतियाँ–गैर श्रेणीकृत, बैंकों द्वारा जारी, शर्तों के अध्यधीन
viii. म्यूचुअल फंडों की यूनिट शर्तों के अध्यधीन

   संपार्श्विक संव्यवहारों के लिए पूंजी सहायता उपलब्ध करने हेतु कतिपय अतिरिक्त मानदंड हैं, जिनका संपार्श्विक के प्रबंधन पर प्रत्यक्ष वहन है और संपार्श्विक प्रबंधन के दौरान इस पहलू का ध्यान रखा जाता है।

3. **तुलन पत्र नेटिंग पर**

   ऑन बैलेंस शीट नेटिंग को ऋणों/अग्रिमों (एक्सपोजर के रूप में माने गए) और जमाराशियों (संपार्श्विक के रूप में) तक सीमित रखा जाए, जहाँ पर दस्तावेजो के सबूतों के साथ विशिष्ट ग्रहणाधिकार सहित बैंक का कानूनी प्रवर्तनीय नेटिंग व्यवस्था है और जिसका नेट आधार पर प्रबंधन किया जाता है।

4. **गारंटियाँ**

   जहाँ प्रत्यक्ष, निर्धारित, अविकल्पी और बिना शर्त गारंटियाँ हो, बैंक पूँजी आवश्यकताओं की गणना करने हेतु ऐसे ऋण संरक्षण को मान सकता है। पात्र गारंटीदाताओं/काउंटर गारंटीदाताओं की श्रेणी में ये शामिल हैं:

   i. शासक, शासकीय संस्था (बीआईएस, आइएमएफ, यूरोपियन सेन्ट्रल बैंक और यूरोपियन समुदाय के

      साथ-साथ कतिपय विनिर्दिष्ट एमडीबी, ईसीजीसी और सीजीटीएसएमई), बैंक और काउंटर पार्टी से अन्य निम्न जोखिम भार सहित बैंक और प्राथमिक व्यापारी;

   ii. एए अथवा उससे बेहतर श्रेणी की अन्य संस्थाएं

5. बैंक की सुपरिभाषित संपार्श्विक प्रबंधन नीति है जो संपार्श्विक के सर्वोत्तम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रित फ्रेमवर्क प्रदान करती है। यह उधार में अंतर्निहित ऋण जोखिम के न्यूनीकरण का प्रमुख घटक है। बैंक मूर्त और अमूर्त दोनों प्रकार की प्रतिभूतियाँ स्वीकार करता है। मूर्त प्रतिभूतियाँ या तो भौतिक स्वरूप की होती है अथवा अन्य सामग्री प्रारूप में जैसे कि नकद मार्जिन, बैंक के पास जमाराशियाँ, स्वर्ण अथवा अन्य मूल्यवान धातु, शेयर्स, एनएससी/केवीपी/जीवन बीमा पॉलिसियाँ। अमूर्त प्रतिभूतियाँ हैं – बैंक गारंटियाँ/साख पत्र, बही ऋण, आश्वासन पत्र, नकारात्मक पुनर्ग्रहणाधिकार पत्र, अपंजीकृत प्रभार इत्यादि। उधार दिए गए धन हेतु प्रतिभूति प्राप्त करने के सामान्य तरीके हैं – बंधक, गिरवी, दृष्टिबंधक और पुनर्ग्रहणाधिकार पत्र। बैंक द्वारा ऋण एक्सपोजर से सृजित की गई संपत्ति पर प्रथम प्रभार/अथवा समरूप आधार पर सामान्य नियम के अनुसार बैंक का प्रभार दर्ज किया जाए।

   बैंक गारंटियाँ/साख पत्र, बही ऋण, आश्वासन पत्र, नकारात्मक पुनर्ग्रहणाधिकार पत्र, अपंजीकृत प्रभार इत्यादि। उधार दिए गए धन हेतु प्रतिभूति प्राप्त करने के सामान्य तरीके हैं – बंधक, गिरवी, दृष्टिबंधक और पुनर्ग्रहणाधिकार पत्र। बैंक ऋण एक्सपोजर से सृजित की गई संपत्ति पर प्रथम प्रभार/अथवा समरूप आधार पर सामान्य नियम के अनुसार बैंक का प्रभार दर्ज किया जाए।

सामान्यत जब भी लागू हो/अनुमत होने पर गारंटी का आग्रह किया जाए

गारंटीकर्त्ता के प्रमुख प्रकार हैं:-

i) केंद्र/राज्य सरकार और डीआईसीजीसी, सीजीटीएमएसई और ईसीजीसी जैसी केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित एजेन्सियाँ

ii) कारपोरेट्स के प्रोमोटर/प्रमुख स्वामी

iii) व्यक्तियों के मामले में रिश्तेदारों की व्यक्तिगत गारंटी

6. संपार्श्विक प्रबंधन के विभिन्न पहलू इस प्रकार हैं

संपार्श्विक को स्वीकार करने हेतु न्यूनतम शर्तें: संपार्श्विक को वैध और प्रवर्तनीय बनाने के लिए बैंक यह सुनिश्चित करता है कि संपार्श्विक के रूप में स्वीकार की गई आस्तियाँ बिक्री योग्य, कानूनी प्रवर्तनीय और आवश्यकता पड़ने पर उसको नियंत्रण में लिये जा सकने योग्य है। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आस्ति का बाजार मूल्य सहज निर्धारण योग्य हो अथवा उसे उचित रूप से स्थापित और सत्यापित किया जा सके। आंतरिक नियंत्रण के उद्देश्य से संपार्श्विक के रूप में स्वीकार्य आस्तियों के प्रकार और प्राथमिक प्रतिभूति के रूप में ली जाने वाली इन प्रत्येक आस्तियों के मूल्य अनुपात के अधिकतम ऋण की सूची बैंक के पास है। संपार्श्विक लेते समय बैंक सांविधिक बाध्यताओं का भी ध्यान रखता है।

क) संपार्श्विक की वैधता

i) प्रवर्तनीयता;

बैंक सुनिश्चित करता है कि संपार्श्विक के समर्थन में ऋण दस्तावेजीकरण सभी संबंधित क्षेत्राधिकारों में कानूनी रूप से प्रवर्तनीय हो और उधारकर्ता की बाध्यताओं को विमुक्ति हेतु निर्बाध रूप से संपार्श्विक को लागू करने हेतु बैंक को अधिकार देता हो।

ii) हक और स्वामित्व;

बैंक हमेशा संपार्श्विक के रूप में आस्ति को स्वीकार करने से पूर्व उसके अस्तित्व तथा स्वामित्व का सत्यापन करता है और सुनिश्चित करता है कि किसी अन्य पक्ष का कथित संपार्श्विक पर कोई पूर्व दावा नहीं है। ऋण सुविधा के ड्रॉ डाउन से पूर्व ही बैंक संपार्श्विक के नियंत्रण को सुरक्षित करता है। ऋण जोखिम के प्रबंधन के सरलीकरण के लिए शीर्ष प्रबंधन को संपार्श्विक पर सूचना आवधिक रूप से दी जाती है। संपार्श्विक पर प्रभार तत्परता से, जहाँ भी लागू है, संबंधित प्राधिकारियों के पास पंजीकृत किए जाते हैं।

ख) मूल्य अनुपात से ऋण;

बैंक ने प्राथमिक प्रतिभूति के रूप में स्वीकार की जाने वाली प्रमुख आस्तियों के लिए अधिकतम लोन टू वैल्यू अनुपात (मार्जिन) निर्धारित किया है। ऐसे अनुपात आस्ति के संबंधित जोखिम के आनुपातिक होते हैं और संपार्श्विक की वसूली के समय होनेवाली संभाव्य हानि के विरूद्ध पर्याप्त बफर प्रदान करते हैं।

ग) मूल्यांकन;

बैंक के एक्सपोजर हेतु स्वीकार की गई संपत्तियों के मूल्यांकन के लिए बैंक की बोर्ड अनुमोदित नीति है जिसमें मूल्यांकन का आधार, मूल्यांकक की अर्हता और पूनर्मूल्यांकन की बारंबारता बैंक में अनुपालन हेतु निर्धारित की गई है।

घ) संपार्श्विक को सुरक्षित रखना तथा उसमें पहुँच का नियंत्रण;

संपार्श्विक के स्वीकारने, निगरानी अथवा सुरक्षित अभिरक्षा के अनुमोदन का प्राधिकार और उत्तरदायित्व संबंधित व्यक्तियों और विभागों को दिया गया है।

ङ) संपार्श्विक का प्रतिस्थापन/अतिरिक्त संपार्श्विक :

अतिरिक्त संपार्श्विक के अनुरोध की कार्यविधि का स्पष्ट दस्तावेजीकरण किया गया है।

च) बीमा;

सभी पात्र संपार्श्विक, जिन्हे विशेष रूप से छूट दी गई है उन्हें छोड़कर, संबंधित जोखिम हेतु बीमा द्वारा संरक्षित हैं और इसके लिए विस्तृत दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं।

छ) संपार्श्विक की बिक्री;

संपार्श्विक के समय पर परिसमापन के लिए बैंक की सुस्पष्ट और सख्त कार्यविधि है।

ख: पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

संपार्श्विक मूल्यांकन हेतु पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके की नीति एवं कार्यविधि है जो बैंक ऑफ़ इंडोनेशिया विनियमन और बंधक ऋण हेतु राष्ट्रीय विवेक पर आधारित है। यदि संपार्श्विक का मूल्य रु.2.79 करोड़ से अधिक है तो संपार्शिक का स्वतंत्र मूल्यांकन किया जाता है। संपार्श्विक के स्वरूप पर आधारित परिसमापन मूल्य की गणना की जाती है। संपार्श्विक मूल्य की प्रत्येक वर्ष समीक्षा की जाती है। भूमि एवं भवन के रूप में प्रमुख रूप से संपार्श्विक स्वीकार किया जाता है। सामान्यता व्यक्तिगत एवं अन्य पक्ष गारंटी नहीं ली जाती। केंद्रीकरण हेतु उधार देने की क्षेत्रीय सीमा निर्धारित की जाती है। बैंक को संपार्श्विक अथवा ऋण जोखिम शामकों की प्रमुख जोखिम की चिंता नहीं है।

ग: बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. और बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैण्ड) लि. (अनुषंगी)

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदों; अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टिप्रबंधक प्रभार, शेयर इत्यादि को गिरवी रखकर आदि संपार्श्विक प्राप्त किया जाता है। नियामक की आवश्यकताओं के अनुसार एकल उधारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर सीमा निम्नानुसार है।

संपार्श्विक स्थिति			सीमा (कोर पूँजी के % के रूप में)
1)	संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो		
	क)	उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% (पूर्णतः प्रतिभूत)	25
	ख)	संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	10
	ग)	अप्रतिभूत	5

ग. बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा)लि. (अनुषंगी)

गुणात्मक प्रगटन

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदों; अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टिप्रबंधक प्रभार, शेयर इत्यादि को गिरवी रखकर आदि संपार्श्विक प्राप्त किया जाता है। नियामक की आवश्यकताओं के अनुसार एकल उधारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर निम्नानुसार है।

संपार्श्विक स्थिति			सीमा (कोर पूँजी के % के रूप में)
1)	संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो		
	क)	उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% (पूर्णतः प्रतिभूत)	25
	ख)	संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	25
	ग)	अप्रतिभूत	25

ड़. बैंक ऑफ़ इंडिया (बोत्स्वाना) लि.

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदों, अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टिबंदक प्रभार, शेयर इत्यादि को गिरवी रखकर आदि संपार्श्विक प्राप्त किया जाता है। नियामक की आवश्यकताओं के अनुसार एकल उदारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर निम्नानुसार हैं:-

संपार्श्विक स्थिति			सीमा (कोर पूँजी के % के रूप में)
1)	संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो		
	क)	उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% (पूर्णतः प्रतिभूत)	30
	ख)	संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	30
	ग)	अप्रतिभूत	30

मात्रात्मक प्रकटन :

(क)	पृथक रूप से प्रकट प्रत्येक ऋण जोखिम संविभाग के लिए कुल एक्सपोज़र (जहां लागू के बाद ऑन ओर ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग) जो पात्र वित्तीय संपार्श्विक द्वारा कवर की गई है : मार्जिन (हेयर कट) लागू करने के बाद। (बीओआई सोलो)	₹ 4,57,486.40 मि
(ख)	पृथक रूप से प्रकट प्रत्येक ऋण जोखिम संविभाग के लिए कुल एक्सपोज़र (जहां लागू के बाद ऑन ओर ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग) जो गारंटी/क्रेडिट व्युत्पन्न (जब कभी आरबीआई द्वारा विशेष रूप से अनुमति दी गई है)द्वारा कवर की गई है। (बीओआई सोलो)	₹ 2,06,479.18 मि

तालिका डीएफ–6

प्रतिभूतिकरण : मानकीकृत दृष्टिकोण हेतु प्रकटन

गुणात्मक प्रकटन

ए : बैंक ऑफ़ इंडिया यथा 31.03.2015 बैंक का कोई प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर नहीं था।

बी : पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी); बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. और बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैण्ड) लि. (अनुषंगियाँ); बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा)लि.और बैंक ऑफ़ इंडिया (बोत्स्वाना) लि.

लागू नहीं

यथा 31.03.2015 बैंक का कोई प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर नहीं था।

तालिका डीएफ–7

बाजार जोखिम

लेन–देन बही में बाजार जोखिम

गुणात्मक प्रकटन :

(क) मानक दृष्टिकोण को कवर करते हुए पोर्टफोलियों को शामिल करते हुए बाजार जोखिम हेतु सामान्य गुणात्मक प्रकटन आवश्यकता

ए: बैंक ऑफ़ इंडिया

लेन–देन बही में बैंक निवेशों के ''लेन–देन हेतु धारित'' (एचएफटी) एवं ''बिक्री हेतु उपलब्ध'' (एएफएस) पोर्टफोलियों को धारित करता है। शेष आस्तियों– अर्थात परिपक्वता हेतु धारित पोर्टफोलियों और अग्रिमों के अंतर्गत निवेशों को बैंकिंग बही के रूप में माना जाता है। नीचे बाजार जोखिम प्रबंधन प्रयोजन एवं नीतियों का संक्षिप्त ब्योरा दिया गया है।

(i) कार्यनीतियाँ एवं प्रक्रियाएं :

बाजार जोखिम प्रबंधन के अंतर्गत चलनिधि जोखिम, ब्याज दर जोखिम, विदेशी विनिमय जोखिम एवं इक्विटी कीमत जोखिम की निगरानी की जाती है। बैंक वर्तमान में जिन्स (कमाडिटी) में लेन–देन नहीं कर रहा है।

ए. चलनिधि जोखिम

चलनिधि जोखिम की निगरानी के लिए गैप विश्लेषण का पाक्षिक आधार पर अनुपालन किया जाता है। संचयी गैप से संचयी आउटफ्लो का प्रतिशत निकालने के लिए प्रूडेंसियल सीमा का उपयोग किया जाता है– 28 दिनों तक के अल्पावधि बकेट के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अध्यधीन निगरानी की जाती है। इसके अतिरिक्त, बाजार उधार के लिए प्रूडेंसियल सीमाएं हैं –दैनिक एवं औसत कॉल उधार, आंतर बैंक देयताएं, खरीदी गयी नीधियां आदि के लिए काम करती।

ऊँचे मूल्य की एकमुश्त जमाराशियों की निगरानी साप्ताहिक आधार पर की जाती है। अल्पावधि डायनामिक चलनिधि विवरण चलनिधि स्थिति का आकलन करने के लिए पाक्षिक आधार पर तैयार की जाती है जो व्यवसाय वृद्धि को ध्यान में रखकर चलती है। एक आकस्मिक निधि योजना तात्कालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार की गयी है। योजना का तिमाही आधार पर परीक्षण किया जाता है। चलनिधि संकट के समय और आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिए यदि बाजार से निधि उठाई जानी हो तो बैंक की संभावित हानि का आकलन करने के लिए तिमाही आधार पर स्ट्रेस परीक्षण भी किया जाता है।

बी. ब्याज दर जोखिम

पिछले 12 माह के दौरान एवं अगले वित्तीय वर्ष तक बैंक की निवल ब्याज आय पर प्रभाव का आकलन करने के लिए गैप विश्लेषण उपयोग में लिया जाता है। बैंक अवधि गैप विश्लेषण का भी उपयोग करता है। देयताओं की अवधि के लिए प्रूडेंसियल सीमाएं नियत की गयी हैं। बैंक के निवेश पोर्टफोलियों की अवधि आधार पर निगरानी की जाती है।

एसएलआर एवं गैर एसएलआर (घरेलू) प्रूडेंसियल सीमाओं के अंतर्गत दिनांकित प्रतिभूतियों के लिए वीएआर पद्धति अपनायी जाती है। वीएआर के लिए प्रूडेंसियल सीमा यह नियत की गयी है एवं दैनिक आधार पर निगरानी की जा रही है एवं उच्च प्रबंधन को रिपोर्ट की जा रही है। दिनांकित प्रतिभूतियों में विदेशी निवेश सामान्यतया हैज किए जाते हैं एवं ब्याज दर जोखिम निम्नतम है। विदेशी मुद्रा विनिमय में भी वीएआर सीमा नीयत की गई है।

स्ट्रेस टेस्टिंग में इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव का आकलन 200 बेसिस पाईंट द्वारा बाजार दर में परिवर्तन का सॉक लगाकर किया जाता है।

सी. विदेशी विनिमय जोखिम

बैंक ने यूएसडी के साथ अन्य मुद्राओं में एग्रीगेट गैप लिमिट नियत की है । बैंक के विभिन्न मुद्राओं में विदेशी विनिमय एक्सपोजर के लिए अधिकतम डेलाइट एवं ओवरनाइट एक्सपोजर नियत किया है। हमने अवधि वार इंडिविजुअल करेंसी वाइस गैप लिमिट भी नियत कयि है इसके अलावा, नुकसान रोक सीमा, लाभ सीमा लेना एवं एकल व्यवहार सीमाएं डीलरों के फोरेक्स परिचालनों पर निगरानी रखने के लिए बनायी गयी हैं।

नेट ओपन पोजीशन हेतु प्रूडेंसियल सीमा नियत करके डेरिवेटिव संव्यवहार की निगरानी की जाती है और बकाया डेरिवेटिव पर पीवी 01 का केप रखा जाता है।

डी. इक्विटी कीमत जोखिम

बैंक की घरेलू निवेश नीति के इक्विटी डीलरों के लिए नुकसान रोक सीमाएं नियत की हैं। कोषागार की दैनिक सीमा , अधिकतम निवेश सीमा , ईक्विटी संविभाग (ट्रेडिंग) के लिए धारण अवधि के संव्यवहारों की उच्चतम प्रबंधन को दैनिक आधार पर रिपोर्टिंग की जाती है।

(ii) बाजार जोखिम प्रबंधन कार्य का ढ़ाँचा एवं संगठनः

जोखिम प्रबंधन बोर्ड संचालित कार्य है जिसे तीन स्तरों पर सपोर्ट किया जाता है: देखभाल करने एवं निर्देश जारी करने के लिए बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति, जहाँ कहीं आवश्यक हो/जोखिम प्रबंधन नीतियां आदि अनुमोदित करने के लिए आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) जो नीति विषयों पर विचार करती है एवं एएलएम कक्ष के साथ जमीनी स्तर पर सपोर्ट प्रदान करती है। आस्ति देयता प्रबंधन समितियां विदेशी केन्द्रों में भी परिचालन में हैं।

(iii) जोखिम रिपोर्टिंग का स्कोप एवं प्रकृति और/अथवा मापांकन प्रणाली

स्वदेशी कारोबार के संबंध में बाजार जोखिम का प्रबंधन करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है - जैसे कि मासिक आधार पर ब्याज दर संवेदनशीलता विवरण तैयार किया जाना-दैनिक आधार पर लेन-देन बही में निवेशों का अवधि विश्लेषण-दैनिक आधार पर वीएआर लेन-देन बही निवेश ईक्विटी पोर्टफोलियों को छोड़कर-तिमाही आधार पर तरलता जोखिम/बाजार जोखिम के लिए स्ट्रेस परीक्षण करना, स्वदेशी तुलन पत्र का अवधि विश्लेषण और इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर तिमाही आधार पर प्रभाव पर समीक्षा की जाती है और एएलसीओ द्वारा कार्पोरेट स्तर पर तिमाही आधार पर समीक्षा की जाती है।एएलसीओं द्वारा मासिक आधार पर ब्याज दर संवेदनशीलता की संवेदना की जाती है।

बाजार उधार लेन-देन के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानर्देशों के अनुरूप तरलता जोखिम की निगरानी के लिए विभिन्न प्रूडेंसिएल उपाय किए गए हैं। मासिक आधार पर ढांचागत तरलता विवरणी तैयार की जाती है और पाक्षिक आधार पर अल्पावधि डायनमिक तरलता विवरणी तैयार की जाती है और उच्च प्रबंधन एएलसीओं को रिपोर्ट की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों की ढांचागत तरलता कार्पोरेट स्तर पर तिमाही आधार पर की जा रही है।

स्ट्रेस परीक्षण एवं इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव का परिणाम एएलसीओ को रिपोर्ट किया जाता है। लेन-देन बही स्थिति अवधि एवं वीएआर दैनिक आधार पर उच्चतम प्रबंधन को रिपोर्ट किया जाता है।

(iv) हैजिंग/अथवा जोखिम कम करने के लिए नीतियां :

आस्ति देयता प्रबंधन एवं बाजार जोखिम प्रबंधन से संबंधित विस्तृत नीतियों का कार्यान्वयन हो रहा है जो बाजार जोखिम की निगरानी के लिए विभिन्न रणनीतियों एवं प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डालती है।

बी: पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

वाणिज्यिक बैंक के लिए न्यूनतम पूंजी पर्याप्तता आवश्यकता से संबंधित बैंक इंडोनेशिया के विनियमन के अनुसार, पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) के परिकलन हेतु बाज़ार जोखिम के मापन के लिए अनिवार्य श्रेणी में बैंक शामिल नहीं है। यह इसलिए है कि बैंक विदेशी विनिमय बैंक है जिसके ट्रेडिंग बुक में प्रतिभूतियों और/अथवा डेरिविटिव संव्यवहार के रूप में वित्तीय लिखत आईडीआर 20 बिलियन (यूएसडी 1.7 मिलियन अनुमानित) से कम की रकम है।

सी: बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. (अनुषंगी) बीओआई (न्यूजीलैंड लि. (अनुषंगी), बीओआई (युगांडा) लि. और बीओआई (बोत्स्वाना) लि.

क) बाज़ार जोखिम के सामान्य गुणात्मक प्रकटन की आवश्यकता जिसमें मानकीकृत दृष्टिकोण के संविधान भी शामिल है।

i. बाजार जोखिमः ब्याज दर, मुद्रा तथा इक्विटी उत्पाद में खुली स्थिति से बाजार जोखिम उत्पन्न होती है। बोर्ड सीमा निर्धारित करता है तथा जो स्वीकार की जा सकती है, नियमित अंतराल पर उसकी समीक्षा करता है। इसके अतिरिक्त दैनिक आधार पर एक्सपोजर की निगरानी की जाती है।

ii. तरलता जोखिमः ओवरनाइट जमा से नकदी संसाधन, चालू खाते, परिपक्व जमाराशियां, ऋण आहरण और गारंटियों से उपलब्ध नकद स्रोतों से दैनिक मांग के लिए तथा मार्जिन और अन्य नकद समझौतों पर मांग से बैंक को नकद आरक्षित रखना पडता है। ऐसे मांग की पूर्ति करने के लिए परिपक्व निधि के उपलब्ध अंश के आधार पर बोर्ड ने उनके अनुभव परसीमा निर्धारित की है और अंतर बैंक तथा अन्य उधार सुविधा के न्यूनतम स्तर पर जो मांग की अपेक्षित आहरण को कवर कर सके।

iii. ब्याज दर जोखिम- बैंक को उसकी वित्तीय स्थिति तथा नकदी प्रवाह पर प्रचलित बाजार ब्याज दर में उतर चढाव के परिणाम के साथ जुड़ी विभिन्न जोखिमों को उठाना पड़ता है। बैंक को जमा राशि ऋण तथा बाजार प्रवृत्ति के परिवर्तन के अनुरूप दरों को परिवर्तित करने का विवेकाधिकार है। यह उपाय ब्याज दर जोखिम को बैंक एक्सपोजर न्यूनतम रखते है।

iv. मुद्रा जोखिम : बैंक को विदेशी मुद्रा दर में परिवर्तन के कारण वित्तीय लिखत के मूल्य में होने वाले उतार-चढ़ाव की जोखिम उठानी पड़ती है। बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में केवल जितनी आवश्यक मुद्रा की खरीदी तथा बिक्री के आधार तक शामिल रहती है। बैंक विदेशी मुद्रा वायदा बाजार में शामिल नहीं होता है और इस प्रकार जोखिम सीमित हो जाती है।

मात्रात्मक प्रकटन

(₹ मिलियन में)

• ब्याजदर जोखिम	7,782.91
• ईक्विटी स्थिति जोखिम एवं	7,939.50
• विदेशी विनिमय जोखिम	286.88

तालिका डीएफ-8

परिचालनात्मक जोखिम

गुणात्मक प्रकटन

साधारण गुणात्मक प्रकटन अपेक्षा के अतिरिक्त जिसके लिए बैंक अर्हता प्राप्त है उस परिचालन जोखिम पूंजी निर्धारण हेतु बैंक का (के) प्रस्ताव।

ए: बैंक ऑफ़ इंडिया

बैंक जोखिम प्रबंधन की सर्वोत्कृष्ट प्रक्रिया अपनाता है। बैंक कारोबार की विभिन्न पद्धतियों के तहत समस्त आर्थिक उत्पादों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों के परिचालन जोखिम का सतत निर्धारण और अभिनिर्धारण करता है। समस्त नये उत्पाद, गतिविधियाँ और प्रणालियाँ पहले नया उत्पाद समूह और फिर परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (सीओआरएम) के माध्यम से कार्यान्वित होती है। सभी नीतियां बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आर.काम) द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद ही बोर्ड द्वारा अनुमोदित की जाती है मुख्य जोखिम अधिकारी, आरकॉम के निदेशों को कार्यान्वित करते है और दिन-प्रतिदिन के परिचालन गत जोखिम प्रबंधन की देखभाल करते है।

जोखिम प्रबंधन विभाग, कारोबार परिचालन जोखिम प्रबंधकों (बीओआरएम) तथा परिचालनगत जोखिम प्रबंधक विशेषज्ञ (ओआरएमएस) के नज़दीकी सहयोग से कार्य करता है। बीओआरएमतथा ओआरएमएस की समिति परिचालनगत ज़ोखिम प्रबंधन प्रभाग को आवधिक आधार पर जोखिम और नियंत्रण निर्धारण करना, हानि की रिपोर्टिंग करना तथा की रिस्क इंडिकेटर्स (केआरआई) में सहायता करता है।

अर्धवार्षिक आधार पर लॉस डेटा विश्लेषण के रूप में जोखिम रिपोर्टिंग की जाती है जिससे उच्च जोखिम प्रवणता वाले उत्पाद और कारोबार लाइन का निर्धारण किया जा सके और न्यूनीकरण उपाय अपनाए जा सके। शाखा स्तर के केआरआई को आंचलिक कार्यालय के जरिए और बैंक स्तर केके आरई को निरीक्षण और लेखा परीक्षा विभाग, प्रधान कार्यालय द्वारा वार्षिक आधार पर ट्रैक किया जाता है।

बैसिक इंडिकेटर दृष्टिकोण द्वारा ऑपरेशनल रिस्क कैपिटल चार्ज की गणना की जाती है। वर्तमान में बैंक ऑपरेशनल रिस्क कैपिटल चार्ज के परिकलन के लिए उन्नत मापन के प्रयास अपना रहा है।

बी: पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (सहायक कंपनी)

कार्यों का पृथक्करण, प्रशिक्षण, स्पष्ट रूप से निर्धारित कार्यवाहियां, इत्यादि जैसे परिचालन जोखिम प्रबंधन के लिए बैंक ने श्रेष्ठ प्रक्रिया अपनाई है।

परिचालन जोखिम के प्रबंधन में, नितियों और कार्यविधियों के नियंत्रण और रूटिन पर्यवेक्षण के संदर्भ में प्रत्येक इकाई जिम्मेदार है। अपरिहार्य परिस्थितियों से बचने प्रणाली के लिए उत्पाद का विकास, प्रणाली, मानव संसाधन और '' अपने ग्राहक को जानिए'' से संबंधित क्षेत्र शामिल है।

